राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 64
लखनऊ, रविवार 20 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



रोमा समुदाय का कन्नौज से है गहरा जुड़ाव : असीम अरूण 09

इजराइल के पीएम नेतान्याहू के घर पर ड्रोन हमला 12

### सीएम योगी ने प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर की महत्वपूर्ण बैठक

# उपचुनाव जीतने के लिए सटीक प्रबंधन जरूरी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिप्टी सीएम, जिलों के प्रभारी मंत्री और भाजपा संगठन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उपचुनाव को लेकर व्यापक विचार विमर्श हुआ और रणनीतियां तैयार की गई। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी 9 सीटों पर उपचुनाव को जीतने के लिए मंत्रियों और पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों को भी निर्धारित किया। बैठक के दौरान मंत्रियों और पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया। यह भी तय हुआ कि उपचुनाव में पार्टी का कोई भी नेता अपने निर्धारित क्षेत्र में जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में कोई कमी ना छोड़े।

सीएम योगी ने कहा कि उपचुनाव जीतना केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास की जीत होगी, इसलिए हर सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम किया जाना चाहिए। सीएम योगी ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक चुनाव प्रबंधन को मजबूती से संभालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में हर सीट महत्वपूर्ण है और इसके लिए बूथ स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने नेताओं को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने और जमीनी स्तर पर लोगों के बीच जाकर चौपाल लगाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि चौपाल के माध्यम से जनता की समस्याओं को समझा जाए और उनका समाधान किया जाए जिससे लोगों का विश्वास पार्टी में बढ़े। बैठक में मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि प्रभारी मंत्री और पदाधिकारी उन जिलों में अधिक समय बिताएं जहां उपचुनाव हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याओं को सुनें और त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जिलों के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर चुनावी तैयारियों को और सुदृढ़ किया जाए। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने भी पार्टी की तैयारियों का जायजा लिया और सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पार्टी सभी 9 सीटों के लिए पूरी तैयारी कर चुकी है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी।

भूपेंद्र चौधरी ने विश्वास जताया कि पार्टी न सिर्फ 9 घोषित सीटों पर विजय प्राप्त करेगी, बल्कि जल्द ही 10वीं सीट भी घोषित होगी और वह भी भाजपा के खाते में ही जाएगी। बता दें कि जिन 10 सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उसमें 5 सपा और 5 एनडीए गठबंधन के पास थी। भाजपा के खाते में 3 सीट थी। एक आरएलडी के पास थी और एक निषाद पार्टी के पास थी। कटेहरी, करहल, सीसामऊ, कुंदरकी सीट सपा ने 2022 में जीती थी। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट भी सपा के खाते में थी। जिस पर अभी तारीख नहीं आई है। इसके अलावा फूलपुर, मझवां, गाजियाबाद सदर, खैर, मीरापुर सीट पर उपचुनाव होना है।

### महिला प्रत्याशी उतारेगी कांग्रेस, गठबंधन में मिली दो सीटें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में सपा और कांग्रेस मिलकर चुनावी मैदान में उतरेंगी। इनके बीच सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय हो गया है। यूपी की जिन 9 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं, उनमें से सात सीट पर सपा चुनाव लड़ेगी, कांग्रेस अलीगढ़ की खैर और गाजियाबाद दो सीटों पर किस्मत आजमाएगी। बताते हैं कि कांग्रेस महिला प्रत्याशी उतार सकती है। खैर विधानसभा से चारु और गाजियाबाद से डॉली शर्मा को टिकट मिल सकता है। 2022 के विधानसभा चुनाव में चारु दूसरे स्थान पर थी। गाजियाबाद सीट से डॉली शर्मा विधानसभा चुनाव लड़ चुकी है ऐसे में इनके नाम की चर्चा जोरों पर हैं। सपा-कांग्रेस मिलकर 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ी थी। अलीगढ़ से सपा के उम्मीदवार चौधरी बिजेंद्र सिंह को खैर सीट पर 95391 वोट मिले थे जबकि बीजेपी प्रत्याशी को 93900 वोट मिले थे। सपा को 1491 वोटों से बढ़त मिली थी, जाट समुदाय के होने का लाभ मिला था। गाजियाबाद सीट पर बीजेपी से सासंद बने अतुल गर्ग को गाजियाबाद विधानसभा सीट पर 137206 वोट मिले थे और कांग्रेस की प्रत्याशी डाली शर्मा को 63256 वोट ही मिल सके थे। लोकसभा चुनाव में 9 विधायकों के सांसद चुने जाने और सीसामऊ सीट से विधायक रहे इरफान सोलंकी को सजा के चलते 10 विधानसभा सीटें खाली हुई हैं।

### बसपा ने बदला प्रत्याशी, कटा शिवबरन का टिकट

**सपा ने मुज्तबा को बनाया उम्मीदवार**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी ने फूलपुर उपचुनाव में अपने प्रत्याशी नामांकन के ऐन पहले बदल दिया है। बसपा ने यहां से शिवबरन पासी को अपना उम्मीदवार बनाया था। नामांकन पत्र दाखिले के लिए पर्चे भी खरीदे जा चुके थे और सोमवार को पर्चा दाखिला करने वाले थे। पार्टी ने अपने निर्णय बदलते हुए शिवबरन का पत्ता काट दिया। बसपा नया प्रत्याशी घोषित कर सकती है। कई नामों पर विचार किया जा रहा है। इसमें हनुमानगंज के कतवारूपुर गांव के रहने वाले जितेंद्र ठाकुर का नाम सबसे आगे चल रहा है। फूलपुर उप चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने मुज्तबा सिद्दीकी की अपना प्रत्याशी बनाया है।

### विजया रहाटकर बनीं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने विजया रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वे वर्ष 2016 से 2021 तक महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की भी अध्यक्ष रही हैं। मंत्रालय की तरफ से शुक्रवार को जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक रहाटकर को इस पद पर तीन साल या 65 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो), नियुक्त किया गया है। वे आयोग की 9वीं अध्यक्ष होंगी। रहाटकर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रही हैं।

## झारखंड में झामुमो व कांग्रेस में 70 सीटों पर बनी सहमति

एजेंसी

**रांची।** झारखंड में इंडिया ब्लॉक के तहत झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और वाम पार्टियों के बीच मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने पर सहमति बन गई है। गठबंधन के नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की।

सोरेन ने कहा कि गठबंधन के तहत झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के उम्मीदवार 70 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, जबकि बाकी 11 सीटों पर राष्ट्रीय जनता दल और वाम दलों के उम्मीदवार होंगे। चारों घटक दल एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरेंगे। राज्य में 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए नवंबर में चुनाव होने हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल और वाम दलों के नेताओं से बातचीत के बाद जल्द ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी कि किस सीट पर किस पार्टी का प्रत्याशी होगा। साल 2019 के विधानसभा चुनाव में वाम दलों के साथ गठबंधन नहीं हुआ था, लेकिन इस बार एक साथ मिलकर मजबूती से साथ साथ चुनाव लड़ने की तैयारी हो चुकी है। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव और झामुमो के महासचिव एवं प्रवक्ता विनोद पांडेय और झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी प्रेस वार्ता में मौजूद रहे। माना जा रहा है कि गठबंधन की सीट शेयरिंग के मामले में सीएम हेमंत सोरेन शनिवार को रांची आ रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ चर्चा करेंगे।

इसके बाद एक-एक सीट को लेकर एक-दो दिनों में आधिकारिक तौर पर ऐलान कर दिया जाएगा। वर्ष 2019 के चुनाव में गठबंधन के तहत झामुमो ने 43, कांग्रेस ने 31 और राजद ने सात सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। एनडीए ने शुक्रवार को ही राज्य में सीटों के बंटवारे का ऐलान कर दिया था। भाजपा 68 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी, जबकि आजसू पार्टी को 10, जनता दल यूनाइटेड को दो और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को एक सीट दी गई है। बता दें कि झारखंड में 81 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को चुनाव होंगे, जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी।

### झारखंड के लिए भाजपा के 66 उम्मीदवार घोषित

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झारखंड विधानसभा के चुनाव के लिए 66 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की आज घोषणा कर दी। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने आज यहां झारखंड के भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को धनवार सीट से टिकट दिया गया है जबकि पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को सरायकेला से और श्रीमती सीता सोरेन को जामताड़ा से टिकट दिया गया है। पहली सूची के 66 उम्मीदवारों में से 12 महिलाओं को टिकट दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दूसरे दिन मुदा कार्यालय पर जारी ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम शनिवार को भी मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुदा) कार्यालय में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी कर रही है। इस मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनके परिवार के सदस्यों और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक ईडी ने लगातार दूसरे दिन एमयूडीए कार्यालय पर छापेमारी जारी रखी। जांच एजेंसी मैसूर में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को 14 स्थलों के आवंटन से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के मामले में ये छापेमारी कर रही है। एक दिन पहले ईडी ने शुक्रवार को मुदा के दफ्तर में छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी के अधिकारियों ने बाहरी लोगों को दफ्तर परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया। केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारी सीआरपीएफ सुरक्षा दल के साथ मैसूर स्थित एमयूडीए कार्यालय, उसके तहसील कार्यालय और इस मामले के एक आरोपी देवराजू के बेंगलुरू के केंगेरी स्थित परिसरों पर भी शुक्रवार सुबह से छापेमारी कर रहे हैं।

### भाजपा के प्रदेश चुनाव अधिकारी बने डॉ. महेन्द्र नाथ

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय को उत्तर प्रदेश का प्रदेश चुनाव अधिकारी बनाया गया है। पार्टी ने उनके साथ छह अन्य सह चुनाव अधिकारी के नामों की घोषणा की है। भाजपा के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण की ओर से जारी सूची के अनुसार हरीश कुमार सिंह, अनिल चौधरी, रंजना उपाध्याय, मुकुट बिहारी वर्मा, कमलेश कुमार और राजेन्द्र तिवारी को सह चुनाव अधिकारी बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा प्रदेश में सदस्यता अभियान चला रही है। सदस्यता के बाद पार्टी संगठन में चुनाव होगा। उत्तर प्रदेश संगठन का चुनाव अब यही कमेटी संपन्न करायेगी।

### अमौसी एयरपोर्ट पर उड़ान से पहले विमान में बम की धमकी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (अमौसी) प्रशासन को शनिवार को उस वक्त विमान में बम होने की धमकी मिली, जब फ्लाइट संख्या एस5 223 उड़ान भरने को तैयार थी। हालांकि, जांच-पड़ताल के बाद विमान को करीब दो घंटे की देरी से रवाना कर दिया गया। स्टार एयर का यह विमान लखनऊ से अजमेर के किशनगढ़ जाने के लिए शनिवार दोपहर को तैयार था। सभी यात्री अपनी-अपनी सीट पर बैठ गये थे। कुछ ही क्षणों में विमान उड़ान भरने वाला था। इसी दौरान यह सूचना मिली कि विमान में बम है। यह सूचना मिलते ही एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षाकर्मी सतर्क हो गये।

## रिकॉर्ड : सबसे तेज 2500 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बने ऋषभ पंत

एजेंसी



**बेंगलुरु।** ऋषभ पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया है। वह एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सबसे तेज 2500 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं।पंत ने यह उपलब्धि सिर्फ 62 पारियों में हासिल की।

उन्होंने पूर्व कप्तान एमएस धोनी के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 69 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। भारतीय क्रिकेट के एक अन्य दिग्गज फारुख इंजीनियर ने इससे पहले 82 पारियों में यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था। पंत की यह उल्लेखनीय उपलब्धि तब सामने आई जब भारत ने जोरदार वापसी करते हुए चौथे दिन 405 रन पर 3 विकेट बना लिए हैं , भारतीय टीम ने अब 49 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। पंत 88 और सरफराज 148 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारत ने चौथे दिन 231/3 से आगे खेलना शुरू किया और पंत और सरफराज को भारत को लक्ष्य के करीब ले जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। तीसरे दिन कीपिंग करते समय घुटने में चोट लगने के बावजूद, पंत ने असहजता के कोई लक्षण नहीं दिखाए और उन्होंने अपनी खास आक्रामक शैली के साथ मोर्चा संभाला। सतर्क शुरुआत के बाद, उन्होंने जवाबी हमला किया।

## नक्सलियों के आईईडी विस्फोट से आईटीबीपी के दो जवान शहीद

**▸ नारायणपुर जिला पुलिस के दो जवान घायल**

एजेंसी

**नारायणपुर ।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शनिवार को आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से आईटीबीपी 53 बटालियन के दो जवानों का बलिदान हो गया जबकि नारायणपुर जिला पुलिस के दो जवान घायल हो गए हैं।

बताया गया कि अबूझमाड़ इलाके के ओरछा, मोहंदी एवं ईरकभट्टी से आईटीबीपी, बीएसएफ एवं डीआरजी की संयुक्त पार्टी अपने अभियान के लिए धुरबेड़ा की ओर रवाना हुई थी। आज दोपहर संयुक्त टीम के अभियान से वापसी के दौरान करीब 12 बजे के मध्य ग्राम कोडलियर के समीप जंगल में आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से आईटीबीपी 53 बटालियन के दो जवान 36 वर्षीय अमर पनवार निवासी महाराष्ट्र और 36 वर्षीय के. राजेश निवासी कडप्पा, आंध्र प्रदेश बलिदानी हो गये जबकि नारायणपुर जिला पुलिस के दो जवान घायल हुए हैं। नारायणपुर जिला पुलिस के घायल दोनों जवानों की हालत सामान्य है। इन जवानों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई है। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### स्कॉर्पियों की चपेट में आने से छह कावंरियों की मौत, 12 घायल

**बांका।** बिहार में बांका जिले के फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र में स्कार्पियो की चपेट में आने से चार महिला समेत छह कावंरिया की मौत हो गयी तथा 12 अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि शुक्रवार की रात कांवरियों का दल अमरपुर के जेठौरनाथ मंदिर जा रहा था। इस दौरान नगरडीह मोड़ के समीप स्कार्पियो ने कांवरियों को कुचल दिया। घटना में चार महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गये। मृतकों की पहचान अमरपुर थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर इटहरी निवासी राम चरण तांती (50), गौतम यादव की पत्नी पुतुल देवी, रजौन थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव निवासी अर्जुन यादव की पत्नी ललिता देवी (50), अरुण पासवान की पत्नी चुन्नी देवी (45), दिनेश यादव की पत्नी सुमित्रा देवी (45) और शोभानपुर गांव निवासी सहदेव यादव की पुत्री लक्खी कुमारी (17) के रूप में की गयी है।

## रणनीतिक फायदे के लिए नवीनतम प्रोद्योगिकी का लाभ उठाए भारतीय सेना : राजनाथ सिंह

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य नेतृत्व से जटिल समस्याओं का गंभीरता से समाधान सोचने, अप्रत्याशित परिस्थितियों के अनुरूप ढलने और निरंतर बदल रहे भू-राजनीतिक परिदृश्य में रणनीतिक फायदे के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने का शनिवार को आह्वान किया।

श्री सिंह ने आज यहां 62वें राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज (एनडीसी) पाठ्यक्रम (2022 बैच) के एमफिल दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए अधिकारियों से रणनीतिक विचारक बनने का आग्रह किया जो सोच समझकर भविष्य के संघर्षों का अनुमान लगाने, वैश्विक राजनीतिक गतिशीलता को समझने और नेतृत्व करने में सक्षम हों। रक्षा मंत्री ने कहा, युद्ध, आज, पारंपरिक युद्धक्षेत्रों से आगे निकल गया है और अब एक बहु-डोमेन वातावरण में संचालित होता है जहां साइबर, अंतरिक्ष और सूचना युद्ध पारंपरिक संचालन के समान ही महत्वपूर्ण हैं।

साइबर हमले, दुष्प्रचार अभियान और आर्थिक युद्ध ऐसे उपकरण बन गए हैं जो एक भी गोली चलाए बिना पूरे देश को अस्थिर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सैन्य नेतृत्व में जटिल समस्याओं का विश्लेषण करने और नवीन समाधान तैयार करने की क्षमता होनी चाहिए। श्री सिंह ने मौजूदा समय में तेजी से हो रही तकनीकी प्रगति को सबसे महत्वपूर्ण शक्ति बताया जो भविष्य के लिए तैयार सेना के विकास को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा, ड्रोन और स्वायत्त वाहनों से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और क्वांटम कंप्यूटिंग तक, आधुनिक युद्ध को आकार देने वाली प्रौद्योगिकियां आश्चर्यजनक गति से विकसित हो रही हैं। हमारे अधिकारियों को इन तकनीकों को समझना चाहिए और उनका उपयोग करने में सक्षम होना चाहिए।



# दुष्कर्म का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**मुठभेड़ के दौरान सामूहिक दुष्कर्म की घटना से सम्बन्धित मुख्य अभियुक्त को पैर में लगी गोली**

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सामूहिक दुष्कर्म की घटना से सम्बन्धित अवैध तमंचा बरामदगी के दौरान मुख्य अभियुक्त शमशाद पुत्र साकिर अली द्वारा थाना मितौली पुलिस व एसओजी टीम पर किया गया हमला। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त शमशाद के बायें पैर में गोली लगी। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस व मिस कारतूस बरामद किया गया। अभियुक्त को उपचार हेतु सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र मितौली भेजा गया।

18.10.2024 को थाना मितौली पुलिस टीम द्वारा सामूहिक दुष्कर्म व विरोध करने पर महिला को गोली मारने के सम्बन्ध में थाना मितौली पर पंजीकृत अभियोग में मुख्य अभियुक्त शमशाद पुत्र साकिर अली को मुकदमा उपरोक्त में बीरमपुर नहर पुल से गिरफ्तार कर अवैध तमंचा बरामदगी के लिए ग्राम मडरिया ले जाया गया था, जहाँ अभियुक्त




शमशाद द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया गया इसी दौरान पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ अभियुक्त शमशाद पर गोली चलायी गई,जो अभियुक्त शमशाद के बायें पैर में लग गई ,पुलिस द्वारा घायल अभियुक्त शमशाद को उपचार हेतु मितौली सीएचसी ले जाया गया, गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना से सम्बन्धित-1 अवैध तमंचा, 1 जिन्दा कारतूस व 1-खोखा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि घटना 14 अक्टूबर 2024 को थाना मितौली पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मडरिया निवासी एक महिला को खेत पर उनके गांव के ही 03-अभियुक्तों द्वारा छेड़छाड़ करने की नियत से पकड़ लिया गया था,व छेड़छाड़ में विफल होने पर अभियुक्तों ने महिला के सीने में तमंचे से गोली मार दी गई थी। पुलिस द्वारा प्राप्त सूचना पर तत्समय महिला को उपचार हेतु सीएचसी भेजा गया था, जहाँ से महिला को उपचार हेतु लखनऊ रेफर कर दिया गया था। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मितौली विभिन्न धाराओं में मुकदमा शमशाद पुत्र साकिर अली, देवेन्द्र पुत्र कल्लू, राजीव पुत्र गया प्रसाद नि0गण ग्राम मडरिया थाना मितौली जनपद खीरी पंजीकृत किया गया था। घायल महिला के धारा-164 सीआरपीसी के अंतर्गत हुए बयान व मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर महिला के साथ उपरोक्त तीनों अभियुक्तों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में मुकदमा उपरोक्त में धारा-70(1) व 3(5) बीएनएस की बढोत्तरी की गई। क्षेत्राधिकारी मितौली के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन उपरोक्त अभियुक्तों को थाना मितौली पुलिस,एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## बाढ़ से कटी सड़क, छात्र-छात्राओं व राहगीरों को आने-जाने में हो रही दिक्कत



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिले में तीन महीने पहले आई बाढ़ से तीन जगह सड़क कट गई जिससे स्कूल आने जाने वाले छात्र छात्राओं व अन्य राहगीरों को आने जाने में काफी दिक्कतें हो रही हैं। निघासन तहसील क्षेत्र के लुधौरी से मदनापुर गांव जाने वाले संपर्क मार्ग पर रानीगंज गांव के पास अलग अलग जगह पर तीन जगह सड़क कटी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क जुलाई में आई बाढ़ से कट गई थी पर अभी तक जिम्मेदार विभाग का कोई भी अधिकारी कर्मचारी मौके पर देखने तक नहीं आया। सड़क कटी होने से स्कूल आने जाने वाले छात्र छात्राओं व अन्य राहगीरों को काफी दिक्कतें होती हैं वहीं लोग आने जाने में चोटिल भी होते हैं।

## खबरें एक नजर में

### समारोह में हुआ हेमन्त तिवारी का स्वागत




**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** नगरपालिका परिषद लखीमपुर के सभागार मे यू पी डब्लू जे यू (यूनिट लखीमपुर) द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय मान्यताप्राप्त पत्रकार संवाददाता समिति के चुनाव में लगातार 5वीं बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ट पत्रकार हेमन्त तिवारी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लखनऊ से आये यू पी डब्लू जे यू के प्रदेश अध्यक्ष टी बी सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर आसीन रहे। कार्यक्रम में पत्रकार बन्धुओं द्वारा मुख्य अतिथि को फूल माला व अपने अपने शब्द मालाओं से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में सभी पत्रकार साथियो का धन्यवाद देते हुए आश्वासन दिया कि वह स्वंय व पूरा यूनिट किसी भी पत्रकार भाई की कोई भी समस्या के समाधान के उनके साथ हैं, उन्होने कहा वह शासन में प्रयास कर रहें है कि पत्रकार साथियों को पेन्शन व आवास की सुविधा शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाये जिसमे दिसंबर 2024 तक सफलता की सम्भावना है। कार्यक्रम मे यूपीडब्लूजेयू के जिलाध्यक्ष कुलदीप पाहवा, सुबोध शुक्ला-शारिक खां महामंत्री,शबाब खां कोषाध्यक्ष, रितेश भसीन, सुनील बरतरिया, मंयक बाजपेई व काफी संख्या में जनपद के पत्रकार शामिल रहे।

### मतदान केन्द्रों-मतदेय स्थलों के सम्भाजन प्रस्ताव अनुमोदित

**संभाजन के बाद 02 मतदान केंद्र व 13 मतदेय स्थल बढ़े**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम संजय कुमार सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि मतदेय स्थलों के सम्भाजन कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदेय स्थलों की आलेख्य प्रकाशित सूची के साथ सम्भाजन से सम्बन्धित संशोधन प्रस्तावों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र लखनऊ और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद-खीरी की सम्बन्धित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत मतदान केन्द्रों/मतदेय स्थलों के सम्भाजन प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान कर दिया है। अनुमोदन के पश्चात् मतदेय स्थलों की सूची का अन्तिम प्रकाशन कराने के उपरान्त जनपद के 08 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रो की स्थिति इस प्रकार है कि 137-पलिया विधानसभा में पहले मतदेय स्थलों की संख्या 350 व मतदान केंद्रों की संख्या 193 थी। अब यह क्रमशः 358 व 195 हो गई। 138 निघासन विधानसभा में पहले मतदेय स्थलों की संख्या 359 व मतदान केंद्रों की संख्या 173 थी। अब यह क्रमशः 362 व 173 पर पहुंच गई है। यहां मतदेय स्थल 03 बढ़ गए हैं जबकि मतदान केंद्र की संख्या वही है। 141 धौरहरा विधानसभा में पहले मतदेय स्थलों की संख्या 361 व मतदान केंद्रों की संख्या 222 थी। अब यह क्रमशः 361 व 223 पर पहुंच गई है। यहां मतदेय स्थल की संख्या वही है। जबकि मतदान केंद्र की संख्या एक बढ़ गई है। 142 लखीमपुर विधानसभा में पहले मतदेय स्थलों की संख्या 386 व मतदान केंद्रों की संख्या 188 थी। अब यह क्रमशः 386 व 187 पर पहुंच गई है। यहां मतदेय स्थल की संख्या वही है। जबकि मतदान केंद्र की संख्या एक घट गई है। 144 मोहम्मदी विधानसभा में पहले मतदेय स्थलों की संख्या 342 व मतदान केंद्रों की संख्या 226 थी। अब यह क्रमशः 344 व 226 हो गई है। वही 139 गोला, 140 श्रीनगर, 143 कस्ता विधानसभा में मतदाता स्थलों एवं मतदान केंद्रों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

## नगर पंचायत धौरहरा निवासी अल्पिका ने किया जेआरएफ क्वालीफाई, अन्य लड़कियों के लिए बनीं नजीर

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत धौरहरा निवासी शिक्षक किसान गोपाल शंकर अवस्थी की पुत्री अल्पिका अवस्थी ने बहुविख्यात यूजीसी नेट की परीक्षा में 99.808 परसेंटाइल स्कोर के साथ हिंदी से जेआरएफ के लिए क्वालीफाई किया।

इस परिणाम की खास बात यह है की हिंदी जैसे विस्तृत विषय के लिए सारी तैयारी पढ़ाई खुद से ही कि किसी कोचिंग या इंस्टिट्यूट में नहीं। यूजीसी नेट जैसी परीक्षा में हिंदी विषय हेतु परीक्षार्थियों की लंबी कतार और ज्यादा प्रतिस्पर्धा होती है ऐसे में स्वयं से तैयारी करके जेआरएफ के लिए उत्तीर्ण होना अपने आप में मील का पत्थर है।



अल्पिका ने इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई राजकीय बालिका इंटर कालेज धौरहरा उसके बाद युवराज दत्त महाविद्यालय से हिंदी में स्नातक परास्नातक करने के बाद 2022 के बी एड किया। अल्पिका ने इससे पहले तीन बार नेट, टेट, सी टेट परीक्षाएं उत्तीर्ण की।

अल्पिका की माता जी कुशल गृहणी व पिता शिक्षक होने के साथ साथ किसान हैं। वैसे ये उनकी खुद की मेहनत और लगन है और अन्य लड़कियो के लिए नजीर है। अल्पिका अपनी सफलता का श्रेय माता पिता गुरुजन एवं ईश्वर को देती हैं, अल्पिका को लगता है अगर मेहनत से शिद्दत से की जाए तो सफलता अवश्य मिलती है।

## उर्वरक वितरण में मिली अनियमितता समिति के सचिव पवनेश कुमार पर एफआईआर दर्ज

**असुविधा पर कंट्रोलरूम के नंबर 7289036484 पर करें शिकायत, पाए निदान**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

16 अक्टूबर को साधन सहकारी समिति/ बी पैक्स मैलानी में प्राप्त शिकायत की नियमानुसार जाँच की गई। समिति पर डीएपी उर्वरक वितरण में अनियमितता पाये जाने पर समिति के सचिव पवनेश कुमार के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1985 की धारा 3/7 तथा उर्वरक परिसंचलन आदेश 1973 के अधीन सुसंगत धाराओं में थाना मैलानी में प्राथमिकी दर्ज करा दी




गई। यह जानकारी जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने दी। जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने कृषक भाइयों को सूचित करते हुए बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता बनी हुई है, किसान भाइयों से आग्रह कि अपनी जोत के अनुसार आधार कार्ड से अपने नजदीकी प्रतिष्ठान से उर्वरक पीओएस मशीन से प्राप्त कर सकते हैं। उर्वरक प्राप्ति में किसी भी प्रकार की असुविधा के लिए कंट्रोल रूम के नंबर 7289036484 पर प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक शिकायत की जा सकती है ।

## स्वास्थ्य शिविर का मरीजों ने उठाया लाभ

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

आयुष मंत्रालय के तत्वाधान में कोठार पुरवा में लगे स्वास्थ्य शिविर मे 115 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां उपलब्ध कराई गई। गम्भीर रूप से बीमार मरीजों को तत्कालिक उपचार उपलब्ध कराने के साथ उन्हें सीएचसी खमरिया या जिला अस्पताल रेफर किया गया।

कोठार पुर्वा में लगाए गए शिविर में शासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया गया। शिविर में आयुष, यूनानी और एलोपैथ चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा सेवाएं दी गई।

जिनमें शुगर, मलेरिया, बलगम व रक्त सम्बन्धी जांचे की गई। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की जरूरी जांचें व बच्चों का टीकाकरण भी



किया गया। योग प्रशिक्षक विजय कुमार ने शिविर में योग के जरिए गठिया, डाइबिटीज और अन्य बीमारियों के इलाज के तरीके बताए। योग प्रशिक्षक ने बताया कि योग के निरन्तर अभ्यास से गम्भीर बीमारियों का इलाज किया जा सकता है।

शिविर में दम्पतियों की काउंसिलिंग कर सम्पूर्ण परिवारों को परिवार नियोजन की सलाह दी गई, शिविर के दौरान डा.इश्तियाक अहमद अंसारी योग प्रशिक्षक विजय कुमार काउंसलर विकास कुमार मौजूद रहें।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परिक्षा सम्पन्न, जिले के 75 विद्यालयों के 8000 छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

देव संस्कृति विश्व विद्यालय शान्ति कुंज हरिद्वार उत्तराखंड के तत्वावधान में अखिल विश्व गायत्री परिवार लखीमपुर द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परिक्षा सम्पन्न कराई गई, जिसमे जिले के 75 विद्यालयों के कक्षा 5 से कक्षा 12 तक के लगभग 8000 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। यह जानकारी ब्लाक समन्वयक मितौली मा0कामता प्रसाद मौर्य ने दी।भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा शनिवार को सुबह 10 बजे से शांति पूर्वक सम्पन्न कराई गई। जिसमे मितौली ब्लाक क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के कुल परिक्षार्थी कक्षा 5 से 12 तक के 411 छात्रों ने परीक्षा दी थी जिसमे मितौली



ब्लाक के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। जिसमें राजा लोने सिंह इंटर कॉलेज मितौली ,आदर्श इंटर कालेज मितौली ,जवाहर नवोदय विद्यालय मितौली सत्यम पब्लिक स्कूल मितौली,यस0एन0शिक्षण संस्थान रामदीन पुरवा ,जिलापंचायत इंटर कॉलेज कस्ता ,केदार सिंह मे0 इण्टर कालेज मितौली , सरस्वती शिशु मंदिर मितौली सहित विभिन्न विद्यालयों में परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराई गई । परीक्षा प्रभारी मास्टर कामता प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन में नामित विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों के साथ साथ गायत्री परिवार के प्रशिक्षित आचार्यो की देख रेख में सम्पन्न कराई गई।

### संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम मितौली की अध्यक्षता में संपन्न

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** संपूर्ण समाधान दिवस उप जिला अधिकारी मितौली विनीत कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कुल 28 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें राजस्व विभाग से संबंधित 12 प्रार्थना पत्र, पुलिस विभाग से संबंधित पांच प्रार्थना पत्र, विकास विभाग से संबंधित दो प्रार्थना पत्र, आपूर्ति विभाग से संबंधित दो प्रार्थना पत्र, राजस्व विभाग से संबंधित चार प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारित किया गया। विकास विभाग से संबंधित एक प्रार्थना पत्र को मौके पर ही निस्तारित किया गया। तहसीलदार मितौली खंड विकास अधिकारी मितौली नायब तहसीलदार मितौली एवं समस्त विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी तथा राजस्व विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पारम्परिक तरीके से बीज की बुवाई करना कठिन, हैंड सीड ड्रिल मशीन से आसान हुई खेती

### किसानों को खेतों में बीज बोने के लिए गुलरिया चीनी मिल द्वारा दी गई थी मशीन

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बदलते परिवेश में पारम्परिक तरीके से बीज की बुवाई करना बहुत कठिन कार्य है। हाथों से बीज की बुवाई करने में समय एवं मजदूर अधिक लगते हैं।

इस काम को आसान बनाने के लिए गुलरिया चीनी मिल ने हैंड सीड ड्रिल मशीन किसानों को पिछले वर्ष दी थी। जो किसानों के लिए समय और पैसों की बचत के साथ एक अच्छी बीज बुवाई के लिए तैयार की गई है।



हैंड सीड ड्रिल मशीन से किसानों को खेतों में बीज बोने में काफी मददगार साबित हो रही है। हैंड सीड ड्रिल मशीन एक कृषि उपकरण है जो फसलों के लिए बीज बोने का कार्य करता है यह बीज को मिट्टी में रखता है। और उन्हें समान रूप से वितरित करने के लिए एक विशिष्ट गहराई तक दबा देता है। यह कृषि यंत्र बीज को मिट्टी से ढकने के लिए एक समान दर से बीज बोने का कार्य करता है।इससे धान, बाजरा, मूंगफली, गेहूं, मक्का, मटर, मसूर, सोयाबीन, लाही, प्याज, लहसुन, सूरजमुखी, जीरा, चना, कपास, आदि फसलों की बुवाई आसानी से की जा रही है।

**क्या है हैंड सीड ड्रिल मशीन**

यह एक तरह का आधुनिक कृषि यंत्र है, जिससे कम समय में आसानी से बीज की बुवाई की जाती है।हैंड सीड ड्रिल मशीन में अपनी आवश्यकता के अनुसार लाइन से लाइन की दूरी, बीज से बीज की दूरी एवं बीज की गहराई तय की जा सकती है। बिजुआ निवासी शिवकुमार पुत्र तोताराम गुलरिया चीनी मिल से हैंड सीड ड्रिल मशीन लाए थे। जिन्होंने बताया कि इस मशीन से खेतों में बीज की बुआई बहुत ही आसान तरीके से हो जाती है। और लागत भी कम आती है।

**हैंड सीड ड्रिल मशीन के फायदे**

बीज की बुवाई में समय की बचत होती है। बुवाई के समय मजदूरों पर होने वाली लागत में कमी आती है। प्रत्येक लाइन के बीच निश्चित दूरी होती है। बीज की बुवाई अपनी आवश्यकता के अनुसार एक निश्चित दूरी एवं गहराई में की जा सकती है। मशीन के रख-रखाव में अधिक खर्च की आवश्यकता नहीं होती है। हैंड सीड ड्रिल मशीन से बीज की बुवाई करने पर बीज टूटते नहीं हैं। पूरे खेत में एक समान बुवाई की जा सकती है। बुवाई के बाद बीज में मिट्टी भी चढ़ाई जा सकती है। हैंड सीड ड्रिल मशीन के द्वारा खेत में खाद-उर्वरक भी दिए जा सकते हैं।

## प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा, कर्मयोग पर गोष्ठी व सड़क सुरक्षा की बैठक संपन्न

**प्रमुख सचिव ने दिलाया सड़क सुरक्षा का संकल्प, बोले- यातायात के नियमों का कड़ाई से करें पालन**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार प्रमुख सचिव परिवहन, अध्यक्ष उप्र राज्य परिवहन निगम और महानिदेशक उपाम, एसआईआरडी एल. वेंकटेश्वर लू जनपद खीरी पहुंचे, जहां सीडीओ अभिषेक कुमार ने पुष्प कुछ देकर उनका स्वागत किया।

इसके बाद प्रमुख सचिव ने जिला ग्राम्य विकास संस्थान भंसडिया में सड़क सुरक्षा और मिशन कर्मयोग विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी और जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में शिरकत की। बैठक एवं गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव (परिवहन) एल. वेंकटेश्वर लू ने सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम संजय सिंह, एएसपी नेपाल सिंह, आरटीओ संजय कुमार तिवारी, संदीप कुमार पंकज, राज्य ग्राम विकास संस्थान से सहायक निदेशक एसके सिंह व सलाहकार हेमेंद्र शर्मा संग दीप प्रज्वलन कर गोष्ठी का शुभारम्भ किया।

मुख्य अतिथि एल. वेंकटेश्वर लू ने कर्मयोग, सड़क सुरक्षा पर विस्तार से बताते हुए इनके अंतर्सम्बंधों को भी बताया। सभी को प्रमाणिकता के साथ अपने कार्य को लगन और निष्ठा के साथ करना चाहिए। गीता में कर्मयोग के बारे में बताया गया है। कर्मयोग से व्यक्ति में वैचारिक शुद्धता, त्याग की भावना, राष्ट्रभक्ति एवं देशभक्ति विकसित होती है, जिससे व्यक्ति समाज सेवा से जुड़ता है। कर्मयोग से ही मानसिक नियंत्रण रख सकेंगे एवं सड़क सुरक्षा व समग्र सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। बच्चों को सही शिक्षा एवं संस्कार दिया जाना चाहिए।




**मन पर नियंत्रण न होना ही दुर्घटनाओं का मुख्य कारण**

मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान दिल्ली के अध्यक्ष रामकृष्ण गोस्वामी ने कहा कि मन पर नियंत्रण न होना ही दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। उन्होंने गीता शिक्षा पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि गीता शासन, प्रशासन व अनुशासन का केन्द्र बिंदु है एवं न्याय धर्म की आत्मा है। उन्होंने कहा कि गीता के कर्मयोग का ज्ञान सबको होना चाहिए।

**यातायात नियमों के पालन से बचा सकते हैं जिंदगियां**

सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि सड़क पर जाने से पहले अपने और अपने परिवार की चिंता अवश्य करनी चाहिए। महिलाए पुरुषों को हेलमेट पहनने के लिए कहें। हेलमेट लेने के साथ-साथ उसे पहनने का संकल्प लें। यातायात नियमों का पालन कर हादसों पर अंकुश लगाने में सहयोग करे। ओवरस्पीडिंग का कोई लाभ तो नही मिलता बल्कि खतरा जरूर बढ़ जाता है। हेलमेट को अपनी आदत व दिनचर्या में शामिल करे।

**घायल को अस्पताल पहुंचाना नैतिक दायित्व**

एडीएम संजय सिंह ने गुड सेमेरिटन की भूमिका को रेखांकित किया। घायल व्यक्ति को जितनी जल्दी अस्पताल ले जाएंगे, उसके बचने की संभावना भी उतनी ही बढ़ जाती है। इसलिए घायल व्यक्ति को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंच कर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका अदा करें। हेलमेट, सीटबेल्ट लगाने पर जोर देते हुए सड़क सुरक्षा नियमों का शत प्रतिशत अनुपालन करने की बात कही।

अधिकारी, कर्मचारी व सभी व्यक्तियों को अपने कर्म को ठीक ढंग से करना चाहिए। सही ज्ञान के साथ सही आचरण करने से सुख का मार्ग प्रशस्त होगा। संसार में अन्याय कर कोई भी सुखी नहीं हुआ है। सम्यक ज्ञान, कर्म, दृष्टि, सत्यनिष्ठा व श्रद्धा के साथ जीवन मे आगे बढ़े।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के मन, वचन, कर्म एवं वाणी में एकाकार होना चाहिए। शास्त्रों में सटीक जीवन के बारे में बताया गया है। शास्त्रों का अध्ययन करना चाहिए एवं उसके अनुसार अपना आचरण करने का प्रयास करना चाहिए। सड़क सुरक्षा के बारे में कहा कि यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। जो भी कार्य करें, सावधानी के साथ करें। शराब का सेवन करके वाहन नहीं चलाना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत में एआरटीओ अखिलेश द्विवेदी ने कार्यक्रम की आवश्यकता, प्रासंगिकता बताई। वही कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ मनीष चंद्रा ने आभार ज्ञापित किया।

कार्यक्रम का संचालन जनार्दन बाबू मिश्र ने किया। कार्यक्रम में पीडी एसएन चौरसिया, एसडीएम सदर अश्विनी सिंह, ईई पीडब्लूडी अनिल कुमार यादव, डीसीओ वेदप्रकाश, पीटीओ कौशलेंद्र यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों का होगा महापर्व करवा चौथ आज

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सुहागिन महिलाओं का पर्व करवा चौथ आज है। यह कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। ज्योतिषाचार्य आशिमा शर्मा ने बताया कि चंद्रोदय का समय रात करीब 8:18 बजे है। पूजा के लिए शुभ मुहूर्त शाम को 5:50 से 7:28 तक है।

ऐसी मान्यता है कि करवा चौथ के दिन चंद्रमा की पूजा करने से राशि में चंद्रमा बलवान होता है और उससे मानसिक ऊर्जा प्राप्त होती है। दांपत्य जीवन में प्रेम और विश्वास का विकास होता है।

**पूजा की विधिः-** एक चौकी पर शुद्ध और कच्ची पीली मिट्टी से भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश जी की प्रतिमा बनाकर लाल कपड़े पर स्थापित करते हैं।



**पूजा के लिए शुभ मुहूर्त शाम को 5:50 से 7:28 तक**

ज्योतिषाचार्य अनीता पाराशर ने बताया कि करवा चौथ में चौथ माता और चंद्र देवता की भी पूजा साथ ही की जाती है।

माता पार्वती को लाल चुनरी, सिंदूर, बिंदी व सुहाग का सभी सामान अर्पित करते हैं। भगवान शिव एवं गणेश जी को भी चंदन अक्षत पुष्पमाला आदि अर्पित करें। पूड़ी, लड्डू, मेवा, हलवा आदि का भोग अर्पित करें। करवा चौथ की कहानी पढ़ें। आरती करें। घर के बड़े-बुजुर्गों के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लें और चंद्रोदय होने पर चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत का पारण करें।

**राशि के अनुसार करें श्रंगार**

ज्योतिषाचार्य पूनम वार्ष्णेय ने बताया कि इस दिन राशि के अनुसार भी श्रंगार किया जा सकता है। मेष और वृश्चिक राशि वाली महिलाएं विशेष रूप से लाल रंग के परिधान धारण कर सकती हैं। वृष एवं तुला राशि वाली महिलाएं गुलाबी एवं चमकीले रंगों के वस्त्र धारण कर सकती हैं। मिथुन एवं कन्या राशि वाली महिलाएं हरी चूड़ियां, हरी साड़ी एवं हरे रंग के आभूषण पहन सकती हैं। कर्क राशि वाली स्त्रियों को पीली साड़ी, मोती की माला एवं चांदी के आभूषण धारण करना शुभ रहेगा। सिंह राशि वाली महिलाएं नारंगी रंग की साड़ी और श्रृंगार कर पूजन सकती हैं। धनु एवं मीन राशि वालों के लिए पीले रंग के वस्त्र एवं आभूषण धारण करना शुभ रहेगा। मकर एवं कुंभ राशि वाली महिलाओं को आंखों में काजल लगाना चाहिए।

**ग्रामीण क्षेत्र में दीवार पर बनाई जाती है करवा की चित्रकारी**

बिजुआ खीरी। पति-पत्नी के अटूट प्रेम और समर्पण का पर्व करवाचौथ आज है। जिसे लेकर सुहागिन महिलाएं चूड़ी, सौंदर्य प्रसाधन, करवा, साड़ी, श्रृंगार सामग्री बाजार से खरीद रही हैं वहीं करवा चौथ में करवा के कैलेंडर खूब बिक रहे हैं साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में करवा की चित्रकारी दीवार पर बनाने में महिलाएं जुटी हैं। ग्रामीण अंचल क्षेत्र में आज भी महिलाएं दीवार पर अपनी लोक कला के माध्यम से करवा माता, गौरी गणेश, शंकर पार्वती, सूर्य चंद्रमा, कार्तिकेय, पशु,पक्षी, बिंदी और सुहाग के सामानों से सुसज्जित करवा की चित्रकारी दीवार पर अंकित करती हैं। जिसमें उनकी सांस्कृतिक कला की एक अनूठी छवि नजर आती है ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं कई दिन पूर्व से ही करवा की चित्रकारी दीवार पर बनाने लगती हैं इसमें उनका एक अलग प्रेम झलकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं दीवार पर करवा की चित्रकारी बनाने के बाद एक साथ इकट्ठा होकर उसी चित्रकारी की पूजा करती है, करवा की कथा कहती हैं। जिसमें उनकी एकता की अलग ही मिसाल बनती है।



# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:00 | सप्ताह में तीन दिन | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 02251 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | गुरुवार, शनिवार, सोमवार | 31.10.24 से 07.11.24 |
| 02270 | लखनऊ (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 25.10.24 से 08.11.24 |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ | 06:30 | | मंगलवार को छोड़कर | 25.10.24 से 08.11.24 |
| 02248 | नई दिल्ली (तेजस त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:30 | सप्ताह में तीन दिन | मंगलवार, गुरुवार, शनिवार | 29.10.24 से 05.11.24 |
| 02247 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 26, 29.10.24, 01 एवं 04.11.24 |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली | 18:50 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं | 11:00 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04053 | बरौनी जं | 12:30 | नई दिल्ली | 09:10 | | सोम, गुरू, रवि, बुध | 28, 31.10.24, 03 एवं 06.11.24 |
| 02250 | नई दिल्ली | 23:55 | पटना जं | 16:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 24.10.24 & 31.10.24 |
| 02249 | पटना जं | 17:50 | नई दिल्ली | 11:00 | | शुक्रवार | 25.10.24 & 01.11.24 |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | गुरूवार, सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | बलिया | 13:30 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:25 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 04022 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 04021 | सीतामढ़ी | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:05 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | सप्ताह में पांच दिन | सोम, मंगल, गुरू, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04031 | सहरसा जं | 13:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:10 | | सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 01.12.24 तक |
| 04624 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी जं | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04623 | वाराणसी जं | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04080 | दिल्ली जं | 19:30 | वाराणसी जं | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, गुरूवार, शनिवार | 24.10.24 से 16.11.24 |
| 04079 | वाराणसी जं | 18:25 | दिल्ली जं | 08:50 | | मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 25.10.24 से 17.11.24 |
| 04530 | बठिण्डा जं | 20:50 | वाराणसी जं | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04529 | वाराणसी जं | 20:40 | बठिण्डा जं | 17:00 | | मंगलवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04096 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 18.11.24 तक |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 22:30 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 19.11.24 तक |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरूवार | 24.10.24 से 14.11.24 |
| 04519 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04068 | दिल्ली जं | 19:30 | दरभंगा जं | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04067 | दरभंगा जं | 18:00 | दिल्ली जं | 16:35 | | बुधवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04044 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 26.10.24 से 26.11.24 |
| 04043 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार, बुधवार | 27.10.24 से 27.11.24 |
| 04217 | वाराणसी जं | 06:25 | लखनऊ जं | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.11.24 तक |
| 04218 | लखनऊ जं | 16:30 | वाराणसी जं | 21:50 | | | 22.11.24 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं | 13:25 | पटना जं | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार, | 13.11.24 तक |
| 04677 | पटना जं | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं | 22:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04211 | वाराणसी जं | 14:50 | चण्डीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04212 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं | 01:20 | | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट जं | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04554 | अम्बाला कैंट जं | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | | | 30.11.24 तक |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14.11.24 तक |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04078 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं | 16:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04077 | पटना जं | 17:50 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं | 12:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04645 | बरौनी जं | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04038 | दिल्ली जं | 19:10 | आजमगढ़ | 11:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली जं | 06:10 | | सोमवार | 28.10.24 से 18.11.24 |
| 04312 | हरिद्वार जं | 12:30 | हावड़ा जं | 17:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04311 | हावड़ा जं | 19:00 | हरिद्वार जं | 23:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04314 | हरिद्वार जं | 12:30 | मुज़फ्फरपुर जं | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं | 09:00 | हरिद्वार जं | 05:30 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ्फरपुर जं | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरूवार | 24.10.24 से 14.11.24 |
| 04057 | मुज़फ्फरपुर जं | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04062 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | बरौनी जं | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04061 | बरौनी जं | 08:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं | 16:40 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02245 | पटना जं | 17:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 10:50 | | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04526 | सरहिंद जं | 11:25 | सहरसा जं | 17:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04525 | सहरसा जं | 19:15 | अम्बाला कैंट जं | 22:20 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04006 | दिल्ली जं | 23:05 | जयनगर | 23:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं | 01:30 | | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:20 | कठिहार जं | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04047 | कठिहार जं | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | बुधवार, शनिवार | 27.11.24 तक |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 04069 | राजगीर | 22:50 | नई दिल्ली | 23:10 | | रविवार, बुधवार | 30.11.24 तक |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 02261 | दरभंगा जं | 23:20 | नई दिल्ली | 20:15 | | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 04226 | लखनऊ जं | 15:40 | टाटानगर जं | 09:10 | तिथि वार | रविवार | 20.10.24 |
| 04225 | टाटानगर जं | 11:00 | लखनऊ जं | 04:55 | | सोमवार | 21.10.24 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03575 | आसनसोल जं | 10:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 03576 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:15 | आसनसोल जं | 10:20 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03255 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02391 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.24 तक |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 06:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं | 00:45 | | | 01.01.25 तक |
| 05109 | छपरा | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05110 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:55 | छपरा | 06:45 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 05024 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 05301 | मऊ जं | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:30 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05302 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:25 | मऊ जं | 17:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05006 | अमृतसर जं | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05050 | अमृतसर जं | 12:45 | छपरा | 14:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 02525 | कामाख्या | 22:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 02526 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05671 | गुवाहाटी | 15:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05672 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | गुवाहाटी | 14:15 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05734 | कटिहार जं | 11:40 | अमृतसर जं | 00:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05733 | अमृतसर जं | 04:25 | कटिहार जं | 15:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03413 | मालदा टाउन | 07:10 | नई दिल्ली | 07:30 | सप्ताह में दो दिन | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 29.11.24 तक |
| 03483 | भागलपुर | 11:00 | नई दिल्ली | 07:10 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05565 | सहरसा जं | 19:30 | सरहिंद जं | 00:05 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 से 26.12.24 |
| 05566 | सरहिंद जं | 02:00 | सहरसा जं | 09:45 | | शनिवार | 16.11.24 से 28.12.24 |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं | 00:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03108 | लखनऊ जं | 01:40 | सियालदह | 23:50 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल (वाया बरेली) | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09076 | काठगोदाम (वाया बरेली) | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरूवार | 26.12.24 तक |
| 09657 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 15:00 | बढ़नी | 13:25 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.10.24 से 16.11.24 |
| 09658 | बढ़नी (वाया बाराबंकी जं) | 19:15 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 19:20 | | रविवार | 13.10.24 से 17.11.24 |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार जं | 17:55 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03424 | हरिद्वार जं | 19:55 | भागलपुर | 21:20 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05736 | कटिहार जं | 21:00 | अमृतसर जं | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05735 | अमृतसर जं | 13:25 | कटिहार जं | 23:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05047 | बनारस | 22:00 | गाजियाबाद | 11:45 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05048 | गाजियाबाद | 12:35 | बनारस | 05:35 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02397 | गया जं | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:10 | सप्ताह में 6 दिन | शनिवार को छोड़कर | 15.11.24 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जं | 00:30 | | रविवार को छोड़कर | 16.11.24 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं | 06:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 21.10.24 तक |
| 05284 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं | 04:50 | | | 22.10.24 तक |
| 02393 | पटना जं | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरूवार को छोड़कर | 30.10.24 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं | 07:00 | | शुक्रवार को छोड़कर | 31.10.24 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं | 14:30 | हजरत निजामुद्दीन | 11:10 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं | 09:00 | | सोमवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 22:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 05194 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 00:05 | छपरा | 08:00 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02418 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04145 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04146 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 02422 | दिल्ली जं | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 03309 | धनबाद जं | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:25 | धनबाद जं | 14:00 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09195 | वडोदरा जं (वाया वाराणसी जं) | 19:00 | मऊ जं | 20:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09196 | मऊ जं (वाया वाराणसी जं) | 23:15 | वडोदरा जं | 00:45 | | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं (वाया वाराणसी जं) | 09:10 | दानापुर | 20:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09418 | दानापुर (वाया वाराणसी जं) | 23:50 | अहमदाबाद जं | 11:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09405 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 18:10 | पटना जं | 02:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09406 | पटना जं (वाया लखनऊ) | 05:00 | साबरमती | 13:30 | | गुरुवार | 02.01.25 तक |
| 09525 | हापा (वाया वाराणसी जं) | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09526 | नाहरलगुन (वाया वाराणसी जं) | 10:00 | हापा | 00:30 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09184 | बनारस (वाया लखनऊ) | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | कटिहार जं | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09190 | कटिहार जं (वाया लखनऊ) | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09111 | वडोदरा जं (वाया लखनऊ) | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09041 | उधना जं (सूरत) | 11:15 | छपरा (वाया लखनऊ) | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09042 | छपरा (वाया लखनऊ) | 23:00 | उधना जं (सूरत) | 07:30 | | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 04815 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04816 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04823 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04824 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 04137 | ग्वालियर जं (वाया लखनऊ) | 07:10 | बरौनी जं | 08:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.12.24 तक |
| 04138 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 09:30 | ग्वालियर जं | 10:20 | | सोमवार, गुरूवार | 30.12.24 तक |
| 09145 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | बरौनी जं | 04:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 09146 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 01:00 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस (वाया लखनऊ) | 00:05 | गोरखपुर | 09:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09044 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 13:00 | बांद्रा टर्मिनस | 22:30 | | सोमवार, बुधवार | 01.01.25 तक |
| 07651 | जालना (वाया वाराणसी जं) | 23:30 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 07652 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | जालना | 04:00 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05069 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 13:15 | पनवेल | 22:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05070 | पनवेल (वाया वाराणसी जं) | 23:20 | छपरा | 11:35 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05325 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05326 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 10:25 | गोरखपुर | 18:00 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 01123 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 12:15 | गोरखपुर | 18:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 25.10.24 से 03.11.24 |
| 01124 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | | शनिवार, सोमवार | 26.10.24 से 04.11.24 |
| 01431 | पुणे (वाया लखनऊ) | 16:15 | गोरखपुर | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 25.10.24 से 01.11.24 |
| 01432 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 26.10.24 से 02.11.24 |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.10.24 से 11.11.24 |
| 01080 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 00:40 | | | 24.10.24 से 13.11.24 |
| 01415 | पुणे (वाया लखनऊ) | 06:50 | गोरखपुर | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.10.24 से 11.11.24 |
| 01416 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 23.10.24 से 12.11.24 |
| 01207 | नागपुर (वाया बाराबंकी) | 10:40 | समस्तीपुर जं | 23:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 01208 | समस्तीपुर जं (वाया बाराबंकी) | 07:00 | नागपुर | 21:30 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 05636 | गुवाहाटी (वाया लखनऊ) | 18:15 | श्रीगंगानगर | 03:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05637 | श्रीगंगानगर (वाया लखनऊ) | 13:20 | गुवाहाटी | 00:25 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05537 | दरभंगा जं (वाया शाहजहांपुर) | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.11.24 से 28.12.24 |
| 05538 | दौराई (वाया शाहजहांपुर) | 23:45 | दरभंगा जं | 06:50 | | रविवार | 10.11.24 से 29.12.24 |
| 04195 | आगरा कैंट (वाया लखनऊ) | 05:00 | फारबिसगंज जं | 15:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 22.11.24 तक |
| 04196 | फारबिसगंज जं (वाया लखनऊ) | 18:40 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 09061 | उधना जं (सूरत) | 22:00 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 06:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 06.11.24 तक |
| 09062 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 09:30 | उधना जं (सूरत) | 18:00 | | शुक्रवार | 08.11.24 तक |
| 04829 | जोधपुर जं (वाया दिल्ली) | 16:15 | गोरखपुर | 20:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 28.11.24 तक |
| 04830 | गोरखपुर (वाया दिल्ली) | 23:25 | जोधपुर जं | 04:00 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01025 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | बलिया | 01:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 30.12.24 तक |
| 01026 | बलिया (वाया वाराणसी जं) | 15:15 | दादर | 03:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 01.01.25 तक |
| 01027 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | गोरखपुर | 02:45 | सप्ताह में चार दिन | मंगल, गुरू, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 01028 | गोरखपुर (वाया वाराणसी जं) | 14:25 | दादर | 03:30 | | गुरू, शनि, सोम, मंगल | 02.01.25 तक |
| 09013 | उधना जं (सूरत) | 07:00 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09014 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:30 | उधना जं (सूरत) | 08:15 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस (वाया वाराणसी जं) | 11:00 | मालदा टाउन | 16:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09028 | मालदा टाउन (वाया वाराणसी जं) | 17:30 | बांद्रा टर्मिनस | 18:15 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस | 12:15 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:00 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09032 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 04:00 | दहानू रोड | 12:25 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09421 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 19:45 | सीतामढ़ी | 08:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09422 | सीतामढ़ी (वाया लखनऊ) | 16:00 | साबरमती | 06:00 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09067 | उधना जं (सूरत) | 05:30 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09068 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 23:45 | उधना जं (सूरत) | 14:30 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 16:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 23:50 | | मंगलवार, गुरूवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 07031 | सिकंदराबाद जं | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 07032 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | सिकंदराबाद जं | 06:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 09639 | मदार जं | 04:30 | रोहतक जं | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जं | 22:35 | | | 31.12.24 तक |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हजरत निजामुद्दीन | 19:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुरी | 06:55 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09425 | साबरमती | 19:00 | हरिद्वार जं | 19:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं | 21:45 | साबरमती | 21:30 | | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09557 | भावनगर टर्मिनल | 15:15 | दिल्ली कैंट | 13:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर टर्मिनल | 12:25 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09098 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09309 | इंदौर जं | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.12.24 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली कैंट | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09524 | दिल्ली कैंट | 13:40 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 01.01.25 तक |
| 04821 | भगत की कोठी | 08:30 | हरिद्वार जं | 03:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04822 | हरिद्वार जं | 05:00 | भगत की कोठी | 23:55 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 19:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 25.10.24 से 01.11.24 |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुणे | 22:30 | | शनिवार | 26.10.24 से 02.11.24 |
| 06071 | कोच्चुवेली | 14:15 | हजरत निजामुद्दीन | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06072 | हजरत निजामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली | 14:15 | | सोमवार | 14.10.24 से 02.12.24 |
| 05447 | पीलीभीत जं | 12:10 | शाहजहांपुर | 14:25 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05448 | शाहजहांपुर | 15:15 | पीलीभीत जं | 16:30 | | | 31.12.24 तक |
| 09603 | उदयपुर शहर | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 05:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर शहर | 13:55 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 05097 | टनकपुर (वाया दिल्ली जं) | 18:25 | दौराई | 13:40 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05098 | दौराई (वाया दिल्ली जं) | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

## फिर सैनी की ताजपोशी

भले ही यह अप्रत्याशित हो, लेकिन यह एक टकसाली हकीकत है कि हरियाणा में भाजपा को तीसरे कार्यकाल के लिये स्पष्ट जनादेश मिला है। हो सकता है पार्टी यह कहे कि यह निर्णायक जनादेश भाजपा के शासन मॉडल के प्रति विश्वास मत के रूप में अभिव्यक्त हुआ है, लेकिन इसके बावजूद जरूरत इस बात की है कि उन मुद्दों पर मंथन किया जाए जिनको लेकर चुनाव के दौरान जनता में असहजता थी। निस्संदेह, नायब सिंह सैनी, जिनको पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की छाया में गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था, लेकिन उनके नेतृत्व में पार्टी ने पिछली बार से अधिक सीटें लेकर पूर्ण बहुमत से सरकार बनायी है। मगर जिस चीज से नायब सिंह सैनी को सावधान रहने की जरूरत है, वह है अति-आत्मविश्वास। हाल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने अति-आत्मविश्वास की कीमत चुकाई है। निस्संदेह, सैनी की पूर्ण बहुमत वाली सरकार के पास हरियाणा में आधारभूत बदलाव से जनाकांक्षाओं को हकीकत में बदलने का सुनहरा मौका है। उन्हें पूर्ण बहुमत वाली सरकार के रूप में जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिये कृतसंकल्प होने की जरूरत है। दरअसल, चुनावी राजनीति में जनता के दरबार में उछले विपक्षी नेताओं के आरोप कई बार सत्तापक्ष को आत्मविश्लेषण का मौका भी देते हैं। चुनावी माहौल में जहां विपक्षी दल सत्ता पक्ष की रीतियों-नीतियों को लेकर मुखर होते हैं,वहीं ऐसे मौके पर जनता की अभिव्यक्ति का भी अहसास होता है। भाजपा जैसे कुशल संगठन वाली कैडर आधारित पार्टी से उम्मीद की जाती है कि जिस तरह उसने चुनावों में माइक्रो मैनेजमेंट किया, उसी तरह उसकी सरकार से भी उम्मीद की जाती है कि वह समस्याओं को भी बेहद करीब से सूक्ष्म स्तर पर महसूस करेगी। बहरहाल, भाजपा की इस जीत ने एक संदेश यह भी दिया है कि महज सत्ताविरोधी रुझान ही चुनाव परिणामों की दिशा-दशा तय नहीं करते। बदलाव की आकांक्षा को सुशासन व बेहतर प्रबंधन के मुद्दे भी गहरे तक प्रभावित करते हैं। निश्चित रूप से मुख्यमंत्री की दूसरी पारी में कार्यभार संभालने वाले नायाब सिंह सैनी की सरकार पर जनाकांक्षाओं का भारी दबाव होगा। उनका प्राथमिक उद्देश्य जनता से किये गए वायदों और उनके क्रियान्वयन होगा, जिससे जनता सुशासन की उपलब्धि महसूस कर सके। निश्चित रूप से किसी योजना की सार्थकता इस बात पर निर्भर करती है कि जनता उससे किस हद तक लाभान्वित महसूस करती है। कई बार व्यवस्था की विसंगति इस मार्ग में बाधक बन जाती हैं। इसके लिये आश्वासन व क्रियान्वयन में साम्य जरूरी हो जाता है। निस्संदेह, पिछले मार्च में जब सैनी ने अपने गुरु मनोहर लाल खट्टर की छत्रछाया में सरकार का दायित्व हासिल किया था तो उन्हें राजनीतिक हलकों में गंभीरता से नहीं लिया गया। लेकिन उन्होंने पिछले विधानसभा चुनावों में न केवल खुद को साबित किया बल्कि राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। निस्संदेह, हरियाणा के इस नये जनादेश के दूरगामी परिणाम होंगे। इतना ही नहीं इस जीत ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व में भी एक नया उत्साह भर दिया। यह उत्साह महाराष्ट्र व झारखंड के चुनाव अभियान में भी नजर आ रहा है। निश्चित रूप से इन चुनावों ने मुख्यमंत्री के रूप में नायब सिंह सैनी का राजनीतिक कद बढ़ाया है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से भी उन्हें सकारात्मक प्रतिसाद व संबल मिला है। वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने हैं तो उनकी जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। उन्हें क्षेत्र व जाति की सीमाओं से परे 'सबका साथ, सबका विकास' का लक्ष्य हासिल करना है।

# भारत की प्रगति अवरुद्ध करने का षड्यंत्र

रमेश शर्मा



**रेल पटरियों पर अवरोध खड़ा करने और फिश प्लेट ढीली करने की आरंभिक घटनाएँ कैमरे की नजर में आ गई थीं। जिससे पुलिस आरोपियों तक पहुँच गई थी और कुछ गिरफ्तारी भी हुई। लेकिन बाद की घटनाओं में आरोपितों ने सावधानी बरती और घटना के लिये वे स्थान चुने गये जो कैमरे की पहुँच से दूर हों। इसी प्रकार स्कूल, अस्पताल और हवाई जहाज को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल भी बहुत योजना से भेजे गये। ये भेजे तो भारत से ही भेजे गये थे पर अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से। ताकि आसानी से पकड़ में न सकें। रेल पटरियों पर अवरोध खड़ा करने की घटनाओं में जो सावधानी दूसरे चरण में बरती गई, बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल में वह सावधानी पहले दिन से बरती गई। किसी भी परिवार, समाज या राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि के लिये सबको एकजुट होना आवश्यक है। सबके साथ से ही सबका विकास संभव है। लेकिन यदि परिवार समाज या राष्ट्र के आंतरिक वातावरण में तनाव है, भय है या टकराव है तो सबसे पहले विकास गति ही प्रभावित होती है।**

पूरे देश में स्कूलों, हवाई अड्डों, विमानों को बम से उड़ाने की धमकी, रेल पटरियों पर कहीं डेटोनेटर, कहीं लकड़ी के गट्ठर, कहीं गैस सिलेंडर मिलने लगे। इसके साथ हिन्दू त्यौहारों पर हमले बढ़ गये। यह भारतीय समाज जीवन में भय, आतंक और तनाव फैला कर प्रगति अवरुद्ध करने का नया षड्यंत्र है। इसमें भारत विरोधी अंतरराष्ट्रीय और भारत के भीतर की दोनों शक्तियों का गठजोड़ दिखता है। देशभर में हुए दुर्गा विसर्जन में पथराव और बहराइच में क्रूरता पूर्वक की गई हत्या के दर्द से देश उबरा भी नहीं था कि भारतीय विमानों को उड़ाने की धमकियाँ आने लगीं। दुर्गा विसर्जन से शरद पूर्णिमा के बीच चार दिनों में कुल उन्नीस धमकियाँ मिलीं।

सावधानी के लिये सात उड़ानों को या तो स्थगित किया गया अथवा आपात लैंडिंग की गई। कुछ तो ऐसे विमानों की भी आपात लैंडिंग हुई जो विदेश जा रहे थे। हालाँकि विमानों को उड़ाने धमकी भरे ईमेल या फोन और हिन्दू त्यौहारों पर हमलों की घटनाएँ पहले भी हुई हैं। लेकिन पिछले छै महीनों से भारतीय समाज जीवन में आतंक और तनाव फैलाने वाली इन घटनाओं में बाढ़ सी आ गई है। ये घटनाएँ तीन प्रकार की हैं। इनमें स्कूल, अस्पताल और विमानों और विमानतलों को बम से उड़ाने की धमकियाँ सोशल मीडिया अथवा ईमेल से आईं, दूसरा रेल पटरियों पर कहीं डेटोनेटर, कहीं गैस सिलेंडर, कहीं पत्थर, कहीं लकड़ी के गट्ठर तो कहीं लोहे की राड रखकर रेल दुर्घटना करने का कुप्रयास हुआ और हिन्दु त्यौहारों पर हमले। भारत में ये घटनाएँ नई नयी हैं, ऐसी घटनाएँ पहले भी हुईं हैं लेकिन पिछले छह महीनों में घटी घटनाओं में अंतर है। एक तो संख्या में कई गुना बढ़ोत्तरी हुई है, दूसरे क्रूरता बढ़ी है। हमलों और पथराव का यह क्रम कांवड़ यात्राओं से आरंभ हुआ था। जो गणेशोत्सव और दुर्गा उत्सव में निरंतर बढ़ता रहा। दुर्गाउत्सव में ऐसा कोई दिन नहीं बीता जब दो चार स्थानों से झांकियों पर पथराव का समाचार न आया हो। कुछ घटनाओं में तो झांकियों के भीतर घुसकर प्रतिमा खंडित करने और महिलाओं के साथ मारपीट करने के समाचार भी आये। बहराइच में भीड़ की आक्रामकता से हमलावरों की क्रूरता आसानी समझी जा सकती है।

यह सब ऐसे समय हो रहा है जब भारत में एकजुटता की आवश्यकता थी। इन दिनों भारत विकास की नई अंगड़ाई ले रहा है। आर्थिक समृद्धि से लेकर अंतरिक्ष की ऊँची उड़ान तक नये कीर्तिमान बन रहे हैं। यह विश्व में भारत की बढ़ती साख और प्रतिष्ठा का नया अध्याय है कि गाजा पट्टी का तनाव रोकने और यूक्रेन-रूस युद्ध के समाधान के लिये दुनिया भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आगे आने की अपेक्षा कर रही है। भारत की यह प्रगति और प्रतिष्ठा की मंजिल नहीं है, पहला चरण है। लक्ष्य तो विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्थान अर्जित करने का है। इसके लिये प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2047 निर्धारित किया है। वह भारत की स्वतंत्रता का शताब्दी वर्ष होगा । मोदीजी का संकल्प है कि स्वतंत्रता की शताब्दी वर्षगांठ पर भारत राष्ट्र विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर प्रतिष्ठित हो। यह काम केवल मोदीजी के संकल्प और सरकार की नीति निर्णयों से नहीं होगा। इसके लिये संपूर्ण भारत और भारत वासियों को एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। तभी वर्तमान प्रगति यात्रा अनवरत रह सकेगी और भारत का परम् वैभव पुनर्प्रतिठित हो सकेगा। जिस समय संपूर्ण राष्ट्र में एकत्व और सक्रियता की आवश्यकता है तब बम से उड़ाने की धमकियों से आतंक का वातावरण बनाना, रेल की पटरियों को क्षतिग्रस्त करके समाज जीवन में भय उत्पन्न करना और हिन्दू त्यौहारों पर लगातार हमले करके साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न करना साधारण नहीं हो सकता। यह आशंका निराधार नहीं हो सकती कि यह भारत की विकास गति अवरुद्ध करने का षड्यंत्र है। इन तीनों के परिणाम पर विचार करें तो इसमें देश विरोधी गहरे कुचक्र की गंध आती है। किसी न किसी स्तर पर इन तीनों प्रकार की घटनाओं के सूत्र एक दूसरे से जुड़े लगते हैं। चूँकि ये घटनाएँ किसी प्राँत या क्षेत्र में घटीं हों इनमें साम्य है। तीनों प्रकार की सर्वाधिक घटनाएँ उत्तरप्रदेश में घटीं। इसके अतिरिक्त बंगाल, असम, राजस्थान, झारखंड, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात से भी आईं। इन सभी प्राँतों के समाज जीवन में बहुत विविधता है। लेकिन सभी प्राँतों में तनाव फैलाने वाली घटनाओं की शैली एक ही है ।

रेल पटरियों पर अवरोध खड़ा करने और फिश प्लेट ढीली करने की आरंभिक घटनाएँ कैमरे की नजर में आ गईं थीं। जिससे पुलिस आरोपियों तक पहुँच गई थी और कुछ गिरफ्तारी भी हुई। लेकिन बाद की घटनाओं में आरोपितों ने सावधानी बरती और घटना के लिये वे स्थान चुने गये जो कैमरे की पहुँच से दूर हों। इसी प्रकार स्कूल, अस्पताल और हवाई जहाज को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल भी बहुत योजना से भेजे गये। ये भेजे तो भारत से ही भेजे गये थे पर अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से। ताकि आसानी से पकड़ में न सकें। रेल पटरियों पर अवरोध खड़ा करने की घटनाओं में जो सावधानी दूसरे चरण में बरती गई, बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल में वह सावधानी पहले दिन से बरती गई। किसी भी परिवार, समाज या राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि के लिये सबको एकजुट होना आवश्यक है। सबके साथ से ही सबका विकास संभव है। लेकिन यदि परिवार समाज या राष्ट्र के आंतरिक वातावरण में तनाव है, भय है या टकराव है तो सबसे पहले विकास गति ही प्रभावित होती है। पिछले दस वर्षों से भारत ने जो विकास गति पकड़ी है उससे आयात घटा है, आत्मनिर्भरता बढ़ी है। यह भारत की विकसित तकनीकि का प्रमाण है की अब दुनियाँ के पन्द्रह देश अपने उपग्रहों के प्रक्षेपण में भारतीय तकनीकी की सहायता ले रहे हैं। इससे चीन जैसे अनेक देश ही नहीं अमेरिका और कनाडा की भी एक विशेष लॉबी चिंतित है। इन लॉबियों का गठजोड़ बांग्लादेश के सत्ता परिवर्तन में देखा जा सकता है। वह कहने के लिये छात्र आँदोलन था लेकिन परदे के पीछे वे कट्टरपंथी थे जिनकी मानसिकता भारत और सनातन विरोधी रही है। आंदोलन के साथ हिन्दू मंदिरों और बस्तियों को निशाना बनाया गया। सत्ता परिवर्तन के बाद दुर्गा उत्सव पर लगातार हमले हुये। वह मुकुट भी गायब कर दिया गया जो प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बांग्लादेश यात्रा के समय भेंट किया था। केवल दुर्गा उत्सव के दौरान हमलों और हत्याओं की पैंतीस बड़ी घटनाएँ घटीं जो अंतराष्ट्रीय मीडिया में आईं। इसे सामान्य नहीं माना जा सकता कि बंगलादेश में कट्टरपंथियों की सफलता के बाद ही भारत में हमले बढ़े हैं। भारत के भीतर दो प्रकार की धाराएँ काम कर रहीं हैं। एक वह राजनैतिक धारा जो सनातन धर्म और परंपराओं को समाप्त करना चाहते हैं। वे अपने उद्देश्य को छुपाते भी नहीं हैं। खुलकर सनातन धर्म को डेंगू- मलेरिया के वायरस जैसा बता कर समाप्त करने की बात करते हैं।

## आधुनिकता से बिखरते परिवार : त्रासदी झेलते बच्चे और बुजुर्ग

संजीव ठाकुर

भारत मूलतः परंपरावादी वैदिक तथा सनातनी देश है पर आधुनिकता ने देश के संयुक्त परिवारों को खंडित कर दिया है। अधिकांश परिवार अब एकल परिवार में परिवर्तित हो गए हैं ऐसे में बुजुर्ग तथा बच्चे सबसे ज्यादा इस त्रासदी के शिकार हुए हैं। आधुनिक जीवन शैली ने माता पिता को नन्हे बच्चों से दूर कर दिया है इसी तरह बुजुर्गों के साथ उनकी संतानों की संवेदनहीनता ने असहाय सा बना दिया है। बच्चों तथा बुजुर्गों को इसी समय सबसे ज्यादा अपने माता पिता तथा संतानों के सहयोग एवं संरक्षण की आवश्यकता महसूस होती है।

यदि आधुनिक जीवन शैली के कारण बुजुर्गों तथा बच्चों का उनके अभिभावक एवं पुत्रों पुत्रियों के साथ संवाद हीनता एक बड़ी पीड़ा का कारण बन जाति है। भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका हैस बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका हैस महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई हैस बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह बच्चों को नैतिक तथा बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी भी दम पत्तियों पर होती है पर वर्तमान में बच्चे मां बाप से दूर होते जा रहे हैं और बुजुर्ग अपनी संतानों से मोबाइल ,व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट ने नौजवान पीढ़ी और बुजुर्गों के बीच एक बड़ा संवाद हीनता का संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा हैस उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार,समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैस देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित हैस करोना की तीसरी लहर से भारतीय समाज में निवास कर रहे बुजुर्गों की बड़ी संख्या को हमें सुरक्षित और महफूज रखना है।

वह वटवृक्ष की तरफ हम सबका मार्गदर्शन करते हैं, अतः हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करेंस इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगीस भारत सरकार की लगातार चेतावनी और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी निर्देशों की अवहेलना अभी भी भारत देश में जारी हैस सैकड़ों लोग मौत के मुंह में समा चुके हैंस हमें कोविड-19 के आतंक के साए को भी नहीं भूलना चाहिए।हमे लगातार सावधानी रख कोविड-19 के प्रोटोकॉल का अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ संगठन की गाइडलाइंस के अनुसार अपना आचरण रखना होगा। अन्यथा कोविड-19 की तीसरी लहर फिर भारत के निवासियों को परेशान कर सकती है। भारत में कोविड-19 की तीसरी लहर की शुरुआत बड़े शहरों से लेकर छोटे शहरों तक हो चुकी है। इसके लिए हमें अतिरिक्त सावधानी रखनी होगी। मैंने पहले भी कहा था कि करोना का केरल हॉटस्पॉट बन चुका है। अब दिल्ली, मुंबई चेन्नई अहमदाबाद तथा पूर्वोत्तर राज्य मैं भी कोविड-19 की तीसरी लहर के आंकड़े डरावने हो गए हैं। करोना का डेल्टा वैरीअंट यानी करोना की तीसरी लहर हर जगह फैलने लगी है अब यह संक्रमण भारत के महानगरों में फैलने की आशंका को लेकर आया है। दिल्ली ,मुंबई कोलकाता, अहमदाबाद,चेन्नई से कोविड-19 की तीसरी लहर अपना पैर पसार चुकी है।

विचार

# करवा चौथ : आस्था और विश्वास का प्रतीक

प्रियंका सौरभ



**त्योहार में एक निर्जला व्रत रखना शामिल है जिसमें महिलाएँ दिनभर न तो खाती हैं और न ही पानी की एक बूंद लेती हैं और पार्वती के अवतार देवी गौरी की पूजा की जाती है, जो लंबे और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद देती हैं। करवा चौथ से जुड़ी कई पौराणिक कथाएँ हैं। सबसे लोकप्रिय सावित्री और सत्यवान से सम्बंधित है जिसमें सावित्री ने अपने पति को अपनी प्रार्थना और दृढ़ संकल्प के साथ मृत्यु के चंगुल से वापस लाया। जब भगवान यम सत्यवान की आत्मा को प्राप्त करने आए, तो सावित्री ने उन्हें जीवन प्रदान करने की भीख मांगी।**

करवा चौथ विवाहित हिंदू महिलाओं द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला एक त्यौहार है जिसमें वे सूर्योदय से चंद्रोदय तक उपवास रखकर पति की भलाई और दीर्घायु के लिए प्रार्थना करती हैं। यह त्यौहार अविवाहित महिलाओं द्वारा भी मनाया जाता है जो मनचाहा जीवनसाथी पाने की आशा में प्रार्थना करती हैं। यह हिंदू चंद्र कैलेंडर के कार्तिक महीने में अंधेरे पखवाड़े (कृष्ण पक्ष या चंद्रमा के घटते चरण) के चौथे दिन पड़ता है। तारीख मोटे तौर पर मध्य से अक्टूबर के अंत के बीच कभी भी हो सकती है। यह मुख्य रूप से उत्तरी भारत के राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में मनाया जाता है।


करवा चौथ दो शब्दों करवा से बना है, जिसका अर्थ है टोंटी वाला मिट्टी का बर्तन और चौथ जिसका अर्थ है चौथा। मिट्टी के बर्तन का बहुत महत्त्व है क्योंकि इसका उपयोग महिलाओं द्वारा त्यौहार की रस्मों के हिस्से के रूप में चंद्रमा को जल चढ़ाने के लिए किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस त्यौहार की शुरुआत तब हुई जब महिलाएँ अपने पति की सुरक्षित वापसी के लिए प्रार्थना करने लगीं, जो दूर देशों में युद्ध लड़ने गए थे। यह भी माना जाता है कि यह फ़सल के मौसम के अंत को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है। मूल जो भी हो, त्यौहार पारिवारिक सम्बंधों को मज़बूत करने का अवसर प्रदान करता है।

त्योहार में एक निर्जला व्रत रखना शामिल है जिसमें महिलाएँ दिनभर न तो खाती हैं और न ही पानी की एक बूंद लेती हैं और पार्वती के अवतार देवी गौरी की पूजा की जाती है, जो लंबे और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद देती हैं। करवा चौथ से जुड़ी कई पौराणिक कथाएँ हैं। सबसे लोकप्रिय सावित्री और सत्यवान से सम्बंधित है जिसमें सावित्री ने अपने पति को अपनी प्रार्थना और दृढ़ संकल्प के साथ मृत्यु के चंगुल से वापस लाया। जब भगवान यम सत्यवान की आत्मा को प्राप्त करने आए, तो सावित्री ने उन्हें जीवन प्रदान करने की भीख मांगी। जब उसने मना कर दिया, तो उसने खाना-पीना बंद कर दिया और यम का पीछा किया जो उसके मृत पति को ले गया। यम ने कहा कि वह अपने पति के जीवन के अलावा कोई अन्य वरदान मांग सकती है। सावित्री ने उससे कहा कि उसे संतान की प्राप्ति हो। यम राजी हो गए। ÷पति-व्रत÷ (समर्पित) पत्नी होने के नाते, सावित्री कभी भी किसी अन्य व्यक्ति को अपने बच्चों का पिता नहीं बनने देगी। यम के पास सावित्री के पति को फिर से जीवित करने के अलावा और कोई चारा नहीं बचा था।

ऐसी ही एक और कहानी है सात प्यारे भाइयों की इकलौती बहन वीरवती की। जब भाइयों ने उसे पूरे दिन उपवास करते हुए नहीं देखा तो उन्होंने उसे यह विश्वास दिलाने के लिए गुमराह किया कि चाँद उग आया है। वीरवती ने अपना उपवास तोड़ा और भोजन किया लेकिन जल्द ही उन्हें अपने पति की मृत्यु की ख़बर मिली। उसने पूरे एक साल तक प्रार्थना की और देवताओं ने उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर उसके पति का जीवन वापस दे दिया। ऐसे ही एक करवा नाम की एक महिला अपने पति के प्रति गहरी समर्पित थी। उनके प्रति उनके गहन प्रेम और समर्पण ने उन्हें शक्ति (आध्यात्मिक शक्ति) दी। नदी में नहाते समय उसके पति को मगरमच्छ ने पकड़ लिया। करवा ने मगरमच्छ को सूती धागे से बाँध दिया और यम (मृत्यु के देवता) को मगरमच्छ को नरक भेजने के लिए कहा। यम ने मना कर दिया। करवा ने यम को श्राप देने और उसे नष्ट करने की धमकी दी। पति-व्रत (भक्त) पत्नी द्वारा शाप दिए जाने के डर से यम ने मगरमच्छ को नरक भेज दिया और करवा के पति को लंबी उम्र का आशीर्वाद दिया। करवा और उनके पति ने कई वर्षों तक वैवाहिक आनंद का आनंद लिया। आज भी करवा चौथ को बड़ी आस्था और विश्वास के साथ मनाया जाता है।

देश में करवा चौथ से सम्बंधित उत्सव सुबह जल्दी शुरू होते हैं जहाँ विवाहित महिलाएँ सूरज उगने से पहले उठती हैं और तैयार हो जाती हैं। करवा चौथ से एक रात पहले, महिला की माँ बया भेजती है जिसमें उसकी बेटी के लिए कपड़े, नारियल, मिठाई, फल और सिंदूर (सिंदूर) और सास के लिए उपहार होते हैं। तब बहू को अपनी सास द्वारा दी गई सरगी (करवा चौथ के दिन सूर्योदय से पहले खाया गया भोजन) खाना चाहिए। इसमें ताजे फल, सूखे मेवे, मिठाई, चपाती और सब्जियाँ शामिल हैं। जैसे ही दोपहर आती है, महिलाएँ अपनी-अपनी थालियों (एक बड़ी प्लेट) के साथ आ जाती हैं। इसमें नारियल, फल, मेवा, एक दीया, एक गिलास कच्ची लस्सी (दूध और पानी से बना पेय), मीठी मठरी और सास को दिए जाने वाले उपहार शामिल हैं। थाली को कपड़े से ढंक दिया जाता है।

तब महिलाएँ एक साथ आती हैं और गौरा माँ (देवी पार्वती) की मूर्ति की परिक्रमा करती हैं और करवा चौथ की कहानी एक बुद्धिमान बुज़ुर्ग महिला द्वारा सुनाई जाती है जो यह सुनिश्चित करती है कि पूजा सही तरीके से हो। इसके बाद महिलाएँ थालियों को घेरे में घुमाना शुरू कर देती हैं। इसे थाली बटाना कहते हैं। यह अनुष्ठान सात बार किया जाता है। पूजा के बाद, महिलाएँ अपनी सास के पैर छूती हैं और उन्हें सम्मान के प्रतीक के रूप में सूखे मेवे भेंट करती हैं।



## राशिफल

**मेषः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**बृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

**सिंहः-** अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्याः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

वृश्चिकः- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

धनुः- संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

मकरः- नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

कुंभः- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

# जाति के सामाजिक यथार्थ को स्वीकार करने की जरूरत

हृदयनारायण दीक्षित



हम असीम अस्तित्व के अंग हैं। इसलिए लघु से महत होने की संभावनाएं भी हैं। हम शरीरधारी हैं। हमारी पहली सीमा शरीर है। इससे सम्बंधित बड़ी सीमा परिवार है। परिवार के बाद बड़ी संस्था है समाज। परिवार तक ही सीमित रहे तो समाज से अलग रहते हैं। यूरोप और अमेरिकी समाज परिवार से भी पहले वाली सीमा में है। वे व्यक्तिवादी हैं। भारत में परिवार और समाज से राष्ट्रभाव का विकास हुआ है। भारतीय पूर्वज राष्ट्र की सीमा के बाहर भी आत्मीय रूप में संवेदनशील थे।

'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अनुभूति भारतीय चिन्तन से ही निकली है। इसके बाद आकाश, सौरमण्डल और फिर असीम ब्रह्म विस्तार का आच्छादन। यहां इकाई अनंत हो गई है। मैं इन पंक्तियों का लेखक भारतीय समाज की जाति सच्चाई के अनुसार ब्राह्मण जाति का हूं। जाति सीमा को तोड़ कर बाहर आऊं तो मानव समाज का हिस्सा हूं। हम इसे और गहरे अनुभव करते हैं तो मैं विश्व मानवता का सदस्य। इसे और फैलाता हूं तो प्रकृति का भाग हूं। अब मैं कीट, पतिंग और वनस्पति जगत का भी सहोदर हूं। मैं अन्ततः ब्रह्माण्ड का हिस्सा हूं। संपूर्णता पूर्ण है। पूर्ण में पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है। सम्पूर्णता आनंदित करती है। संसार का ज्ञान जरूरी है लेकिन हम स्वयं से पूरा परिचित नहीं हैं। आखिरकार हम हैं कौन? प्रश्न का उत्तर आसान नहीं है। हम ही प्रश्नकर्ता है और हम उत्तरदाता। मोटे तौर पर हम सबका उत्तर होगा कि हम मनुष्य हैं। मनुष्य का अर्थ है मनु के। मनु का उल्लेख ऋग्वेद में है, अथर्ववेद में भी है। दर्शन अनुभूति में हम चेतन हैं। लोक व्यवहार में हम भारतीय अमेरिकी या जापानी वगैरह भी है। हम विराट प्रकृति का अंग है।

आस्तिकता के कारण हम जरथुस्त्र, ईशा, इस्लाम या भारतीय धर्म के अंग हैं। हमारे बहिरंग परिचय के अनेक रूप हैं। हम पिता हैं, पुत्र हैं। अनेक रिश्तों के बंधन में हैं। अनेक परिचय हैं हमारे। हम किसी न किसी जाति के भी हैं और जाति में होने का कारण हमारा किसी समूह विशेष में जन्म लेना ही है। लेकिन भारत में जातियां सामाजिक यथार्थ हैं। वे न होतीं तो अच्छा होता। जातियां सामाजिक एकता में बाधक हैं। जाति सामाजिक सच्चाई है। जातियां जन्मना हैं। कोई भी व्यक्ति स्वयं अपनी जाति नहीं चुन सकता। इनका ढांचा सोपान क्रम में है। इसके शीर्ष वाली जातियों का सम्मान रहा है। सीढ़ी में निचली जातियां काफी लम्बे समय से सामाजिक सम्मान से भी वंचित रही हैं। डॉ. अम्बेडकर ने कोलम्बिया विश्वविद्यालय (1916) में ÷जातियों की उत्पत्ति और संरचना÷ पर शोध प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था ÷प्रत्येक समाज में भिन्न-भिन्न वर्ग होते हैं। बौद्धिक आर्थिक या अन्य कारणों से बने वर्ग अपना अस्तित्व भी रखते हैं। भारत में भी ऐसे ही वर्ग रहे होंगे। पुरानी भारतीय वर्ण व्यवस्था को कर्मश्रम आधारित वर्ग कहा जा सकता है। पहले वर्ण जन्मना नहीं थे। वर्ग भी जन्मना नहीं होते। डॉ. अम्बेडकर ने कहा कि, ÷किसी समय किसी एक वर्ग वर्ण ने अपने ही वर्ण वर्ग में विवाह करने का बंधन लगाया होगा।÷ वे कहते हैं ÷जाति के उद्भव के अध्ययन से हमें इस प्रश्न का उत्तर मिलना चाहिए कि वह वर्ग कौन-सा था जिसने अपने लिए बाड़ा खड़ा किया। मैं इसका प्रत्यक्ष नहीं अप्रत्यक्ष उत्तर ही दे सकता हूँ। हिन्दू समाज में कुछ प्रथाएं सर्वव्यापी थीं। अपने समस्त प्रतिबंधों के साथ वे ब्राह्मणों में थीं। ब्राह्मण वर्ग ने स्वयं की घेराबंदी जाति रूप में क्यों की? यह एक भिन्न प्रश्न है?÷ प्रश्न उचित है। ऋग्वैदिक काल में जाति वर्ण नहीं थे। उत्तर वैदिक काल में वर्ण हैं। वर्ण जन्मना नहीं थे। इसलिए जाति नहीं थी। जाति की जन्मतिथि खोजना असंभव है। जाति बंधन मजबूत है। ब्राह्मणों पर जाति प्रथा लागू करने के आरोप अक्सर लगाए जाते हैं। डॉ. अम्बेडकर ने इसी शोध में कहा था, ÷जाति व्यवस्था का प्रसार और विकास एक विशाल कार्य था। ब्राह्मण अनेक गल्तियां करने के दोषी रहे हों, कह सकता हूं कि वे ऐसे थे लेकिन जाति व्यवस्था को गैर ब्राह्मणों पर लाद सकने की क्षमता उनमें नहीं थी।÷ सही बात है। कोई शक्तिशाली राजव्यवस्था भी अपने शासित लोगों के बड़े वर्ग समूह को जन्मना किसी जाति में ही रहने के लिए विवश नहीं कर सकती। जाति का उद्भव पूर्वजों के अचेत कर्म का परिणाम है। सामाजिक परिवर्तन की निरंतरता में जन्मना जातियां बनी। लेकिन हमारे सचेत पूर्वजों ने जाति समाप्ति के लिए अथक श्रम भी किये। गांधी, डॉ. अम्बेडकर, डॉ. हेडगेवार, डॉ. लोहिया, ज्योतिबा फुले और विवेकानंद दयानंद ने भी जाति भेद के विरोध में नवजागरण किया। इस श्रम के बावजूद कतिपय लोगों ने दलित जातियों को जब कब भिन्न नस्ल भी बताया। डरबन में अगस्त 2001 में ÷नस्लवाद, नस्ली भेदभाव और असहिष्णुता÷ पर विश्व कांग्रेस का आयोजन था। भारत के कुछेक लोगों ने उस वक्त दलितों को अलग नस्ल बताया था लेकिन डॉ. अम्बेडकर ने दलितों को कभी भी अलग नस्ल नहीं माना था। उन्हें उम्मीद थी कि जातियां खत्म ही होंगी। लिखा था ÷जाति का चलते रहना असंभव है। ऐसा कार्य दिक्कतों से भरा है।÷ सामाजिक समता अनिवार्य है। सामाजिक न्याय की दिशा में बेशक भारत का काम आगे बढ़ा है। जाति की अस्मिता ज्यादा दिन नहीं चल सकती है। राजनीति को सामाजिक परिवर्तन का काम भी करना चाहिए। जाति की विभाजनकारी शक्ति के विरुद्ध जन अभियान चाहिए। संविधान निर्माताओं ने जाति, लिंग या धर्म के आधार पर विभेद का निषेध किया है बावजूद इसके उत्पीड़न या प्रतिष्ठा जैसे सभी अवसरों पर जाति की पहचान आगे चलती है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# एडीएम ने किया मीडिया कैम्प का शुभारंभ

- लोकतंत्र को मजबूती देने का आयाम है देवा मेला: अरुण कुमार सिंह

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के नवनिर्वाचित सदस्य अब्दुल वहीद की उपस्थिति में अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीवी नाथ सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर देवा मेला मीडिया कैम्प का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता तारिक किदवई जिला अध्यक्ष ऊत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन बाराबंकी ने की तथा संचालन मान्यता प्राप्त पत्रकार प्रदीप सारंग ने किया। अपने सम्बोधन में अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि देवा मेला जनपद की अनूठी पहचान है जो कि लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने का एक आयाम है। एक सशक्त सांस्कृतिक विरासत को संपुष्ट करता यह मेला एक बड़े आर्थिक उपक्रम के रूप का भी सफल मेला है। जनपद के बाहर से से बड़ी आमद श्रद्धालुओं की रहती है। अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीवी नाथ सिन्हा ने मीडिया के बन्धुओं से कहा कि देवा मेला हम सबके आपसी सामंजस्य एवं सामूहिक प्रयास से चमकता है। इस बार के विशेष समाचार प्रकाशन से यहाँ की खूबसूरती की सुगंध दिगदिगन्त तक फैले। यहाँ न कोई अधिकारी है न कोई पत्रकार। हम सभी एक टीम का हिस्सा हैं। किसी की भी भूमिका कमतर नहीं है। इसी सप्ताह आई पी एस का प्रमोशन पाने वाले श्री सिन्हा ने आश्वासन भी दिया कि किसी पत्रकार को कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी, चाहे आवागमन हो अथवा समाचार संकलन में। मीडिया कैम्प में समाचार पत्र वाचनालय का शुभारम्भ करते हुए लखनऊ के वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल वहीद ने कहा कि सृष्टि के आरम्भ से अंत तक मीडिया की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। यह कलम बहुत ही जिम्मेदारी का एहसास कराती है। कलम की गरिमा हम सभी पर आधारित होगी।

अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए तारिक किदवई ने सभी को आभार बोलते हुए जनपद के सभी पत्रकार बन्धुओं का आवाहन किया कि देवा मेला मीडिया कैम्प आपका अपना है, आएं जरूर। यहाँ की सभी सुविधाएं सर्वसुलभ रहती हैं। अंत में अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा संगठनों के प्रतिनिधि गण को स्मृतिचिन्ह प्रदान किया गया। रामनगर, फतेहपुर, मसौली, हरख, बंकी, कोठी, हैदरगढ़, सूरतगंज सहित सम्पूर्ण जनपद से लगभग 5 दर्जन पत्रकारों की उपस्थिति में रात्रि 8 बजे शुभारंभ हुआ।



बाराबंकी लखनऊ के पत्रकारों को किया गया सम्मानित



मीडिया कैम्प को जनोपयोगी बनाने की दृष्टि से इस बार कैम्प में नि:शुल्क समाचारपत्र वाचनालय का शुभारंभ लखनऊ से पधारे वरिष्ठ पत्रकार उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति की प्रबन्धकारिणी के नवनिर्वाचित सदस्य अब्दुल वहीद एवं पूर्व सदस्य जुबेर अहमद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। पत्रकार मो अतहर के संयोजन में सम्पन्न शुभारंभ समारोह में अपर जिला सूचना अधिकारी आरती वर्मा, मो अशहर, परवेज जलील, आसिम सहित अनेक पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे। लखनऊ से आये पत्रकार परवेज अख्तर, भानु प्रताप सिंह, डॉ जफर खान, वकास वारसी, आरिफ मुकीम, अतहर रजा, राम बाबू का स्वागत किया गया।

## अध्यक्ष पद पर राजकुमार सिंह निर्विरोध निर्वाचित



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सहकारी गन्ना विकास समिति हैदरगढ़ के बृहस्पतिवार को संपन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए भाजपा समर्थित प्रत्याशी राजकुमार सिंह चौहान के स्वागत का सिलसिला आज भी जारी रहा। इसी क्रम में आज एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने ग्राम पंचायत कनवा स्थित आवास पर पहुंचकर पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की। इसके अलावा भाजपा नेत्री जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंह आनंद पूर्व प्रधान चंद्रशेखर सिंह एवं भाजपा नेता अवधेश सिंह चंदेल ने भी पहुंच कर शुभकामनाएं प्रदान की।



## छह माह से बिछड़े मानसिक मन्दित व्यक्ति को पुलिस ने परिवार से मिलाया

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** 6 वर्ष पूर्व अपने परिजनों से बिछड़े मानसिक विक्षिप्त युवक को सुबेहा पुलिस द्वारा उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस द्वारा किए गए इस मानवी कार्य की लोगों द्वारा भूरि भूरि सराहना की जा रही है। उल्लेखनीय है कि गत 17 / 18 अक्टूबर को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहम्मदपुर में एक मानसिक विक्षिप्त युवक रास्ता भटककर गांव में आ गया था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस विक्षिप्त युवक को लेकर थाने आ गई थी। पुलिस ने सी प्लान एप के माध्यम से अथक प्रयास करके युवक की पहचान कर ली। जिसके बाद पुलिस द्वारा ग्राम प्रधान से बात करके परिजनों से संपर्क किया गया। युवक को सूचना पाकर थाना पहुंचे परिजनों के हवाले कर दिया। परिजनों ने बताया प्रदेश के हापुड़ जनपद के थाना बाबूगढ़ अंतर्गत भडंगपुर निवासी यह युवक लगभग 6 वर्ष अपने परिजनों से बिछड़ गया था तब से कोई पता नहीं चल रहा था।

## संवाददाता को पितृ शोक, पत्रकारों, समाजसेवियों में शोक की लहर



**सोनभद्र।** शाहगंज सोनभद्र निवासी जनपद के एक वरिष्ठ पत्रकार लखनऊ एवं वाराणसी से प्रकाशित विभिन्न अखबारों में बतौर जिला संवाददाता कार्यरत मोहम्मद सिराज हुसैन के पिता मोहम्मद कल्लू का निधन शनिवार शाम हो गया। जानकारी होते ही जनपद के विभिन्न अंचलों के पत्रकारों समेत समाजसेवियों और कांग्रेसियों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। रविवार दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का तांता लगा रहा। शाहगंज निवासी मोहम्मद कल्लू कई दिनों से बीमार चल रहे थे।

## फसल अवशेष नहीं जलाने का लिया संकल्प



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

धान की कटाई के बाद किसानों द्वारा पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं के कारण जिला प्रशासन द्वारा कठोर कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में विकास खंड हैदरगढ़ के सभागार में प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं सचिवों के साथ हुई बैठक में पराली प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आईएस अवसर पर खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता द्वारा उपस्थित प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पराली ना जलाने की शपथ दिलाई गई। उप जिलाधिकारी ने पराली जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए कहाकि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को आखिर कैसा पर्यावरण देना चाहते है। कहाकि जब हमें पराली को लेकर किसानों के विरुद्ध कार्यवाही करनी पड़ती है तो हमे कोई खुशी नही मिलती। उपकृषि निदेशक श्रवण कुमार ने किसानों को पराली जलाने से मृदा की उर्वरा शक्ति पर पड़ने वाले विपरीत प्रभावों की जानकारी देते हुए किसानों को पराली का सदुपयोग करके अपनी आय वृद्धि हेतु प्रेरित करने के लिए जागरूक करने की बात कही। नोडल अधिकारी श्रवण कुमार ने कृषकों को पराली को न जलाकर इसका उचित प्रबंधन कराने की सलाह दी।

उन्होंने बताया कि पराली को चारा, खाद के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, पराली जलाने से जमीन में उपस्थित मित्र जीव नष्ट हो जाते है तथा जमीन की उर्वराशक्ति नष्ट हो जाती है। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत आनंद कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी कृषि, पंचायत सचिव उदय प्रकाश शुक्ला पवन कुमार चंद्रभान पांडे बिंद्राज यादव दिनेश प्रसाद अखिलेश दुबे दिनेश प्रसाद सोनू सिंह निलेश पाल जगदेव रावत गौतम पाठक बृजेश यादव विनोद शुक्ल एवं बड़ी संख्या में प्रधान बीडीसी उपस्थित रहे।

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SARNO DEVI दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SARANO DEVI है। SARANO DEVI M/o of Army No-JC481740A रैंक, सूबेदार (Hony Lt) जितेन्द्र बहादुर सिंह, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम व पोस्ट रिवाँ, जिला रायबरेली, उत्तर प्रदेश-229103

**सूचना**

पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम KIMI दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम KIMI PANDEY है। KIMI PANDEY D/o of Army/JC No-481637P, रैंक, सूबेदार (Hony Capt) आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम बुल्लापुर (आखार), सवरुबाँध, तहसील-बलिया, जिला-बलिया, उत्तर प्रदेश-पिन कोड नंबर-277001.

## शिक्षिका की शिकायत करना अभिभावक को पड़ा महंगा, झूठी रिपोर्ट लिखाकर पहुंचाया जेल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** विद्यालय में अध्यनरत छात्र की शिकायत शिक्षिका से करना अभिभावक को महंगा पड़ गया। शिक्षिका ने पुलिस से युवक के खिलाफ़ शिक्षण कार्य में बाधा पहुंचाने की झूठी शिकायत कर हवालात पहुंचा दिया।शिक्षिका की कार्यशैली से आहत होकर युवक ने तहसील समाधान दिवस में आकर मामले की लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। मामला विकासखंड त्रिवेदीगंज क्षेत्र के छदरौली ग्राम पंचायत का है जहां पर उक्त गांव निवासी राम तीरथ पुत्र स्वर्गीय राम लखन ने शनिवार को आयोजित समाधान दिवस के दौरान दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया उसका पुत्र नैतिक रावत कक्षा 2 में प्राथमिक विद्यालय चंदौली में अध्यनरत है और बीती 18 तारीख को अपने पुत्र की शिकायत लेकर स्कूल गया हुआ था शिक्षिका से कहने लगा कि मेडम जी मेरा लड़का पड़ता लिखता नहीं है जिससे उसे कुछ आता जाता नहीं है और न ही विद्यालय की तरफ से कोई होम वर्क ही दिया जाता है बस इतनी बात सुनकर सहायक अध्यापिका खफा हो गई और एलानिया तौर पर धमकी देते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए युवक को स्कूल से बाहर खदेड़ने लगी और कहने लगी जाओ तुम्हारे बच्चे को नहीं पढ़ाऊंगी तुम्हे जो करना है कर लो जाके वही विरोध करने पर पुलिस से मेरे खिलाफ झूठी शिकायत कर दी।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस अपने साथ लेकर थाने चली गई और हवालात में बंद कर दिया। शिक्षिका की कार्यशैली से आहत होकर युवक ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत अधिकारी से कर कार्यवाही की मांग की है।

## वाहन की टक्कर से बुलेट सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बदोसराय सफदरगंज मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर में बुलेट सवार दो युवकों की घटनास्थल पर हुई मौत।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दिया। थाना सफदरगंज क्षेत्र के रामपुर गांव के रहने वाले रेहान पुत्र हाशमी फारूक दूसरा साथी अबू उजेफा पुत्र मोहिउद्दीन मोटरसाइकिल से ये दोनों बाराबंकी से वापस घर लौट रहे थे परसा सफदरगंज के पेट्रोल पंप के पास में पहुंचे ही थी कि अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों युवकों की मौत हो गई। सफदरगंज मार्ग पर के रफ्तार वहां से दो युवकों से आमने-सामने से टक्कर होने से रामपुर निवासी दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई है।

इमरान पुत्र हाशिम फारुकी अपने घर का इकलौता कमाने वाला था उसके सर पर तीन बहनों की जिम्मेदारी थी उजेफा तीन माह पुर्व कुवैत से कम कर आया था किसी कार्य से बाराबंकी गया था रास्ते में परसा के पास बुलेट और मोटरसाइकिल से आमने सामने से टक्कर हो गई जिसमें दोनों युवक की मौत हो गई सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है घर वालों को सूचना मिलने ही कोहराम मच गया।

## ज्वैलर्स की दुकान पर आई टी रेड, मचा हड़कंप

**रामनगर बाराबंकी।** नगर पंचायत रामनगर में मां सुभद्रा ज्वैलर्स पर आयकर विभाग की ओर से हुई छापेमार कार्यवाही से नगर के दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा ।मालूम हो कि शनिवार को आयकर विभाग के अयोध्या मंडल के सहायक कमिश्नर सुरेन्द्र कुमार ने दल बल के साथ कस्बा रामनगर में बदोसराय रोड पर स्थित मां सुभद्रा ज्वैलर्स पर की दुकान पर छापा मार कर दुकान में मौजूद आभूषण और कागजों की जांच पड़ताल कर गहनों को सीज कर दिया ।आयकर विभाग की टीम ने एक ही दुकान की जांच पड़ताल कर चले गये।
जिससे अन्य दुकानदारों ने राहत की सांस ली। टीम के प्रभारी अधिकारी से हमारे संवाददाता ने जांच पड़ताल के सम्बंध में जानकारी चाही तो प्रभारी अधिकारी ने जांच पड़ताल की जानकारी देने से यह कहकर इंकार कर दिया कि जब हम विभागीय लिखा पढ़ी कर लेंगे तब मोबाईल नम्बर ले लीजिये जानकारी दे देगे।

## प्राथमिकता के साथ निस्तारित की जाए जन-शिकायतें : डीएम



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को तहसील नवाबगंज के जन-सभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र लेकर आने वाले शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को जिलाधिकारी, सत्येंद्र कुमार ने सुनवाई की। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का समयान्तर्गत व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने सुनवाई के दौरान अधिकारियों से यह भी कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ताओं को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के सख्त निर्देश है कि भूमि विवाद के मामलों को शीघ्रता के साथ निस्तारित किया जाए। जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों के मामले में निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ताओ से संपर्क स्थापित करते हुए यह सुनिश्चित कर ले कि उनकी समस्या का उचित निस्तारण हुआ है या नहीं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 68 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। राजस्व विभाग से संबंधित कुल 34 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, पुलिस विभाग से संबंधित 19 प्रार्थना पत्र, विकास विभाग से संबंधित 04 प्रार्थना पत्र, पूर्ति विभाग से 04 प्रार्थना पत्र, विद्युत विभाग से 02 प्रार्थना पत्र, लोकनिर्माण विभाग से 02, चकबंदी विभाग से 02, व अन्य समस्या का 01 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिसमें से 02 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

## लकड़कट्ट माफिया प्रतिबंधित पेड़ काट हरियाली कर रहे नष्ट

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर थाना क्षेत्र मे वन विभाग के बेलगाम कर्मचारियो व अधिकारियों की वन माफियाओ से साठगांठ के चलते ये योजनाएं दम तोड़ती दिख रही है ।यहां हरे-भरे प्रतिबंधित पेड़ भी वन विभाग की मिलीभगत से नियमो को ताक पर रख कर जारी किए गए परमिटो की आड़ में वन माफियाओ द्वारा धड़ल्ले से काटे जा रहे है ।ताजा मामला बाराबंकी जिले के जैदपुर थाना क्षेत्र का है ।जहां ग्राम पंचायत मौथरी के मीनापुर गांव में वन विभाग की मिली भगत से लकड़ी ठेकेदार प्रतिबंधित गूलर का पेड़ काट ले गए। हफ्ते भर पहले थाना क्षेत्र के बबुराबांध गांव के पास बाग मे बिना परमिट आम के हरे भरे पेड़ काट डाले गए और जिम्मेदार सिर्फ कार्यवाही के नाम पर लीपापोती करते रहे ।वही इस सम्बन्ध मे वन दरोगा सचिन पटेल ने बताया मामले की जानकारी हुई है मौके पर पहुँच कर पेंड़ का आकलन किया जायेगा उसके बाद जुर्माना या फिर मुकदमा लिखा जायेगा।

**कलावती देवी स्मारक महाविद्यालय**

उत्तमनगर, बड़नापुर (तेजवापुर) - बहराइच उ.प्र.
(सम्बद्ध: डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या)

**आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत **एल.एल.बी. त्रिवर्षीय पाठयक्रम में प्राचार्य-01 पद तथा प्रवक्ता- 07 पद**
**योग्यता एवं वेतनमान-** यू.जी.सी., बी.सी.आई. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी ०७ कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

भवदीय-
प्रबन्धक: विनोद कुमार त्रिपाठी
मो.नं.- 9415442258

**कलावती देवी स्मारक महाविद्यालय**

उत्तमनगर, बड़नापुर (तेजवापुर) - बहराइच उ.प्र.
(सम्बद्ध: डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या)

**आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर **बी.एस.सी. पाठ्यक्रम** में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान) प्रत्येक विषय में **प्रवक्ता- 07 पद**
**स्नातक स्तर पर बी.ए. पाठ्यक्रम में** (भुगोल, चित्रकला)।
**योग्यता एवं वेतनमान-** यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

भवदीय-
प्रबन्धक: विनोद कुमार त्रिपाठी
मो.नं.- 9415442258

**कलावती देवी स्मारक महाविद्यालय**

उत्तमनगर, बड़नापुर (तेजवापुर) - बहराइच उ.प्र.
(सम्बद्ध: डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या)

**आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत एल.एल.बी. पंचवर्षीय पाठयक्रम में प्राचार्य-01 पद तथा **प्रवक्ता- 15 पद**
तथा स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत एल.एल.बी. पंचवर्षीय पाठयक्रम में अर्थशास्त्र प्रवक्ता, अंग्रेजी प्रवक्ता, इतिहास प्रवक्ता, राजनीतिशास्त्र प्रवक्ता, मनोविज्ञान प्रवक्ता एवं समाजशास्त्र प्रवक्ता।
**योग्यता एवं वेतनमान-** यू.जी.सी., बी.सी.आई. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी ०७ कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

भवदीय-
प्रबन्धक: विनोद कुमार त्रिपाठी
मो.नं.- 9415442258

## लेखपाल संघ के पदाधिकारी ने सौंपा ज्ञापन

**गोरखपुर।** लेखपाल संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष धनंजय कुमार श्रीवास्तव एवं जिला अध्यक्ष जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में जिला अधिकारी महोदय को मुख्य सचिव गृह को संदर्भित ज्ञापन सौंपा। लेखपाल संघ की मांग थी कि एंटी करप्शन द्वारा लेखपालों को नाहक परेशान कर जबरन ट्रैप किया किया जा रहा है। मामले को संज्ञान में लेते हुए उक्त अनावश्यक कार्रवाई से एंटी करप्शन की टीम को रोका जाए। इस दौरान धनंजय कुमार श्रीवास्तव,प्रांतीय उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ, जगदीश प्रसाद जिला अध्यक्ष जनपद गोरखपुर राजू सिह तहसील अध्यक्ष तहसील सदर जनपद गोरखपुर व अन्य पदाधिकारी साथी व लेखपाल साथियों के साथ तहसील सदर के समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी हरिप्रकाश श्रीवास्तव,जिला मंत्री,उ.प्र.लेखपाल संघ गोरखपुर मौजूद रहे।

## एक साथ फंदे में झूले प्रेमी युगल, प्रेमी के घर पर थी प्रेमिका

**कदौरा,जालौन, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव मे परिजनों द्वारा शादी न करने पर प्रेमी प्रेमिका ने प्रेमी के मकान पर बने कमरे मे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को दरवाजा तोड़ कर उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया द्य प्रेमी रामलीला नौटंकी व अन्य मंचो पर महिला नृत्य का रोल करके दर्शकों का मनोरंजन करता था। घटना से गांव सहित इलाके में हड़कंप मच गया है।

शुक्रवार रात 12 बजे थाना क्षेत्र के बड़ागांव निवासी कुंवरलाल ( 25 ) पुत्र स्वरू गोपी निषाद व पूनम ( 16 ) पुत्री रामप्रकाश का प्रेम प्रसंग विगत दो वर्षो से चल रहा था। जिसकी जानकारी दोनों के परिजनों को हुई तो दोनों पर सख्ती की गई। शुक्रवार रात 12 बजे प्रेमी से मिलने पहुंची प्रेमिका ने कमरे मे लगे लकड़ी की बल्ली पर दुपट्टा और रस्सी का फंद्दा डाल कर फांसी पर झूल गए। सुबह चार बजे जब मृतका के पिता रामप्रकाश शौच क्रिया के लिए उठे तो देखा की पुत्री गायब है। और वह लोग प्रेमी के घर पहुंच गए,कमरा बन्द होने पर रोशनदान से देखा तो होश उड़ गए। के घर वालों को वो नहीं दिखी तो परिजन कुंवारलाल के घर पहुचे तो दोनों को फांसी पर लटका देख कर होश उड़ गए, आनन फानन में पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर दोनो शवों को बाहर निकाला। शवों को देखकर मृतका की मां रामप्यारी, मृतक की मां राधादेवी सहित अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। घटना की जानकारी पा कर सीओ अवधेश कुमार सिँह ने फोरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पर पहुचे और बारीकी से छानबीन की। सीओ ने कहा कि प्रथम दृष्टता मामला प्रेम प्रसंग का है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।जांच पड़ताल की जा रही है।

### रामलीला मंच का कलाकार था मृतक कुंवरलाल



पिता का साया उठने के बाद परिवार का भरण पोषण की जिम्मेदारी उठाता था। मृतक के पिता की मौत कई वर्ष पहले हो चुकी थी,मां राधा देवी,छोटे भाई पुष्पेंद्र और मासूम बहन मोहनी के भरण पोषण की जिम्मेदारी के रामलीला मंच पर महिला नृत्य कर दर्शकों का मनोरंजन करता था।

### मृतका पांच भाईयो में थी सबसे छोटी

रामप्रकाश के पांच पुत्र भानसिंह, नरेंद्र, देवशंकर, रमाकांत और रामबाबू है। जिनमें रामबाबू और रमा कांत (मानसिक विक्षिप्त) गांव में रहते है। जबकि अन्य भाई दिल्ली, सूरत और हरियाणा में मजदूरी करते है।

## दहेज की मांग पूरी न हुई तो विवाहिता को घर से निकाला

**जालौन, उरई समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज में बाइक न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मार पीटकर घर से निकाला। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी आलिया ने पुलिस को बताया कि उसके पिता का निधन हो गया है। भाइयों ने उसका निकाह गांव के ही सुहेल खान के साथ अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज देकर जून 2023 में किया था। शादी के बाद कुछ दिनों तक सब सही रहा। जब वह विदा होकर ससुराल गई तो ससुराल के लोगों के व्यवहार में परिवर्तन आ गया। वह अतिरिक्त दहेज के रूप में बाइक की मांग करने लगे। उसने बताया कि उसके पिता नहीं है। भाइयों की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह उनकी मांग को पूरा कर सकें। यह जानकार ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 16 जुलाई 2023 को पति सुहेल खान, सास जाखौना और ससुर साबिर ने उसके साथ मारपीट की। जिसकी शिकायत पुलिस से की थी।

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद।**

पत्रांक:- मीमो/ निर्माण/न0पा0/2024-25 दिनांक 17/10/2024

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, फर्रुखाबाद नगर पालिका क्षेत्र के अन्तर्गत जनित ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन हेतु ग्राम आमिलपुर में पी0पी0 मोड पर एकीकृत ठोस अपशिष्ठ प्रबन्ध परियोजना एवं स्थापना व संचालन हेतु अनुभवी व सक्षम फर्म के चयन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे अपनी निविदाए दिनांक 11.11.2024 अपरान्ह 3-00 बजे तक http://etender.up.nic.in_ के माध्यम पर निविदा अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:-

| | |
|---|---|
| आन लाईन निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | 18.10.2024 |
| आन लाईन निविदा अपलोड करने की प्रारम्भिक तिथि/समय | 19.10.2024 9-00 AM |
| क्यूरी सवमीशन तिथि/समय | 26.10.2024 4-00 PM |
| प्रीबिड मीटिंग की तिथि/समय | 28.10.2024 11-00 AM |
| आन लाईन निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | 11.11.2024 3-00 PM |
| निविदा खोलने की तिथि/समय | 11.11.2024 4-00 PM |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
फर्रुखाबाद।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
फर्रुखाबाद।

## चिकित्सा केंद्र का औचक निरीक्षण कर एसडीएम ने देखी व्यवस्था

**कालपी,जालौन, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन के अनुरूप आयुर्वेदिक चिकित्सा तथा योग की व्यवस्था की हकीकत को परखने के लिए उपजिलाधिकारी कालपी के द्वारा राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मंगरौल का निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय हो कि महेवा विकासखंड के मगरौल गांव में शासन के द्वारा राजकीय आयुष हेल्थ एंड वेलनेस आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र के भवन का निर्माण कराया गया है। उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने नवनिर्मित आयुष भवन का निरीक्षण किया। भवन में स्थापित वार्ड रूम,ड्रेसिंग रूम, योग रूम घूम घूम कर निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केंद्र में तैनात चीफ फार्मासिस्ट दशरथ तथा महेश कुमार अन्य कर्मचारियों से दवाइयां की उपलब्धता के बारे में जानकारियां हासिल की। एसडीएम ने कहा कि आम जनता का रुझान आयुर्वेदिक चिकित्सा की ओर तेजी से बढ़ रहा है। क्योंकि इसके उपचार से कोई भी साइट इफेक्ट नहीं होता है। इसी प्रकार कसरत तथा योगासन के लिए शासन का जोर अधिक है। उपजिलाधिकारी ने कर्मचारियों को निर्देश दिया॥

## डॉ. कैलाश चंद यादव ने सीबीएसई राष्ट्रीय शिक्षक सम्मेलन में लिया भाग

**मदुरै, समृद्धि न्यूज।**




प्रख्यात शिक्षाविद और विद्वान, डॉ. कैलाश चंद यादव ने मदुरै में आयोजित प्रतिष्ठित सीबीएसई राष्ट्रीय शिक्षक सम्मेलन कला संगम 2024 में भाग लिया। इस सम्मेलन का मुख्य विषय विभिन्न विषयों के साथ कला के समन्वय पर केंद्रित था, जिसमें देशभर से विषय विशेषज्ञ, शिक्षक और शोधकर्ता एक साथ आए। यह कार्यक्रम छात्रों के शैक्षिक अनुभवों को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से नवीन शिक्षण विधियों और शैक्षिक प्रथाओं के आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच था। सम्मेलन में विशेषज्ञों ने निम्नलिखित मुख्य विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किए और कार्यशालाएं आयोजित कीं भाषा के साथ कला का समन्वय प्रस्तुतकर्ताओं ने भाषा सीखने और समझ को बेहतर बनाने के लिए कला के माध्यम के महत्व पर जोर दिया, जिससे छात्र रचनात्मक रूप से भाषा कौशल में संलग्न हो सकें। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए कला का समन्वय- चर्चाओं में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए शिक्षा को अधिक सुलभ और समावेशी बनाने में कला की भूमिका पर प्रकाश डाला गया, जिससे उन्हें बहु-संवेदी तरीकों से खुद को व्यक्त करने और शैक्षणिक अवधारणाओं को समझने में मदद मिल सके। सामाजिक विज्ञान के साथ कला का समन्वय विशेषज्ञों ने यह भी दिखाया कि कला को सामाजिक विज्ञान के साथ समन्वित करने से ऐतिहासिक और सामाजिक अवधारणाएं अधिक संबंधित हो जाती हैं, जिससे विषय के साथ गहरा संबंध बनता है। डॉ. कैलाश चंद यादव, जो शिक्षा के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए जाने जाते हैं, ने इस सम्मेलन की दूरदर्शी दृष्टिकोण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा,मूल विषयों के साथ कला का समन्वय न केवल सीखने के अनुभव को समृद्ध बनाता है बल्कि छात्रों में रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को भी पोषित करता है।

# कंपोजिट विद्यालय शिक्षकों के विवाद में बच्चों का भविष्य चौपट

- मामला बीईओ से लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की चौखट तक
- शिक्षकों का विवाद मुख्यमंत्री पोर्टल तक पहुंचा नहीं हुई कार्रवाई

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कांशीराम कॉलोनी में स्थित कंपोजिट विद्यालय के पढ़ने वाले बच्चों ने बताया कि शुक्रवार के दिन स्कूल के टीचर्स के द्वारा पुलिस को बुलाया गया था जहां पर पुलिस के द्वारा बच्चो को धमकाने व पीटने के लगाए आरोप वही बच्चों का कहना था कि करीब 5 दिन पूर्व उन्होंने चाइल्ड वूमैन हेल्पलाइन पर स्कूल के टीचर्स के द्वारा बच्चों से भद्दी भद्दी और गंदी-गंदी बातें करते हैं।

टीचर्स जिसकी शिकायत बच्चों ने फोन पर वूमैन हेल्पलाइन पर शिकायत की थी जिसकी चाइल्ड्स वूमेन के द्वारा की गई जिसमें आरोप झूठे पाए गए बाद जांच करके पुलिस चली गई थी वही जब दिन शनिवार आज सुबह स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के गार्जियन्स जब स्कूल के टीचरों से शिकायत करने के लिए पहुंचे तो उन्होंने स्कूल के टीचरों से नाराजगी जहर करते हुए बच्चों को सही ढंग से पढ़ना को कहा ना कि पुलिस के द्वारा धमका कर व डराकर के बच्चों को पढ़ाया जाता जिसके बाद गार्जियन्स वहां से अपने घर चले गए वही शिक्षकों द्वारा आपस में मतभेद चल रहे हैं। जिसको लेकर बच्चों का आए दिन पढ़ाई चौपट होती नजर आ रही है जबकि शिक्षकों का कहना है कि एक शिक्षिका द्वारा बच्चों को उत्साहित किया जाता है की और उल्टा सीधा उनको बताया जाता है की जो अन्य शिक्षाक उनसे बदतमीजी करो और शिक्षक के बराबर खड़े होकर बच्चे अनावश्यक बात करते हैं जिसको लेकर शिक्षकों द्वारा बच्चों को सही सही रहा को दिखाना चाहिए। बल्कि किसी तरह एक दूसरे शिक्षक के खिलाफ बच्चों को भड़काना गलत है शिक्षकों के विवाद के कारण बच्चों का भविष्य अंधकार में डाला जा रहा है क्योंकि कंपोजिट विद्यालय में आए दिन आपस में शिक्षक एक दूसरे के ऊपर आरोप प्रत्यारोप लगाए जाते हैं जिससे बच्चों से के ऊपर काफी असर पड़ रहा है जबकि कंपोजिट विद्यालय




काशीराम कॉलोनी की शिकायत बीएसए से लेकर जिलाधिकारी की चौखट तक पहुंच चुकी है फिर भी शिक्षकों का विवाद आज भी वैसा ही चल रहा है। जबकि इस मामले में आल्हा अधिकारियों को संज्ञान में लेना चाहिए क्योंकि शिक्षकों के विवाद में आम नागरिक गरीब बच्चों के ऊपर फर्क पड़ रहा है क्योंकि शिक्षकों को महीने के हिसाब से तनख्वाह उठा रही हैं उनका वेतन नहीं रोका जा रहा है तो उनके ऊपर कुछ असर पड़े इसीलिए विवाद तूल पकड़ता जा रहा है।

ऐसी स्थिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को संज्ञान में लेना चाहिए जिससे स्कूल का वातावरण सही बना रहे ऐसा ही होता रहा तो आने वाले समय में कंपोजिट विद्यालय काशीराम में एक भी बच्चा पढ़ने को तैयार नहीं होगा विद्यालय में राजनीति का अड्डा नहीं है बल्कि शिक्षा का मंदिर है। मंदिर में या मस्जिद में इस तरीके से राजनीति का अखाड़ा नहीं होना चाहिएकुछ देर बाद खंड शिक्षा अधिकारी आनंद दुबे को सूचना मिली तो वह भी जांच करने के लिए मौके पर पहुंच गए जांच करने के दौरान वहां पर देखा की कंपोजिट विद्यालय में 49 बच्चे पढ़ते हैं जिनमें से एक भी बच्चा पढ़ने के लिए नहीं आया बच्चों ने पढ़ने वाले टीचर्स के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने स्कूल में न जाने की कसम खाई जब इन सब संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी से जवाब मांगा तो उन्होंने बताया कि शिक्षकों का आपस में विवाह चल रहा है उसको लेकर तनाव पैदा था मैं स्वयं जाकर मैंने जांच की जांच कर सभी शिक्षकों को समझो जाकर तनाव को खत्म कर दिया है। आपस में सब मिलजुल कर बच्चों को शिक्षा दी जाएगी और उन्होंने यह भी कहा कि आगे कोई ऐसा कर होता है तो विभागीय जांच कर दंडित किया जाएगा और कहा कि मेरा हर तीसरे दिन व्यक्त जाएगा स्कूल का हाल-चाल शिक्षकों की जानकारी ले गा वहीं कुछ लोगों का यह भी कहना था कि स्कूल के टीचर्स में आपस में तनाव चल रहा है जिसके वजह से स्कूल में बच्चे ठीक से पढ़ नहीं पा रहे हैं।

टीचर्स का आपस में मतभेद व तनाव चल रहा है जिसके कारण से स्कूल के बच्चे पढ़ने के लिए नहीं आते हैं वही कंपोजिट विद्यालय के पास में स्थित प्राथमिक विद्यालय में 112 बच्चे हैं जिनमें से करीब 30 से 40 ही बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं वहीं प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से जब जानकारी की तो उन्होंने कहा कि टीचर्स कंपोजिट विद्यालय में पढाते नहीं है जिसके वजह से बच्चे पढ़ने के लिए नहीं आते हैं वह लोग ऑफिस में बैठकर मोबाइल चलाते हैं सिर्फ और आपस में बातचीत करते हैं शिक्षकों का कहना है कि एक शिक्षक का पूरे स्कूल का माहौल खराब करके रखा है और बच्चों को उत्साहित करने का काम करती हैं और उनके गार्जियन को भी उकसाने का काम करती हैं।

# समाधान दिवस में 17 शिकायतों का निस्तारण



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

- पुलिस विभाग की 24 शिकायतें दर्ज की गई चार शिकायतों का मौके पर किया गया निस्तारण

संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अपर जिलाधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें राजस्व विभाग की 90 शिकायतें दर्ज की गई 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया विकास विभाग की 14 शिकायतें दर्ज की गई दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया पुलिस विभाग की 24 शिकायतें दर्ज की गई चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया हां बेटा पूर्ति विभाग की कर शिकायत दर्ज की गई विद्युत विभाग की दो शिकायत दर्ज की गई लोक निर्माण विभाग की एक शिकायत दर्ज की गई नलकूप विभाग की एक शिकायत दर्ज की गई जिला समाज कल्याण विभाग की दो शिकायत दर्ज की गई 17 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया शेष शिकायतों के लिए उच्च अधिकारियों द्वारा शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

# चेयरमैन प्रतिनिधि सहित आठ के यहां पकड़ी बिजली

- विजिलेंस टीम ने कस्बा समधन में चलाया छापेमारी अभियान

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत चोरी को रोकने और बकाया वसूली को लेकर विजिलेंस टीम ने कस्बा समधन में छापेमारी अभियान चलाया।

जिससे विद्युत चोरों में हड़कंप मच गया। टीम ने आठ स्थानों पर छापेमारी करते हुए विद्युत चोरी पकड़ी। विद्युत चोरों के विरूद्ध टीम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। शनिवार को विद्युत चोरी को रोकने के लिए विजिलेंस टीम के प्रभारी निरीक्षक तरुण प्रताप सिंह ने अवर अभियंता अजय अवस्थी, मोहम्मद परवेज बेग एवं मुख्य आरक्षी अमर सिंह, देवकांत के साथ कस्बा समधन में छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें टीम ने आठ स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी। इसमें नगर पंचायत समधन के चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन, उनके भाई आकिल हुसैन, शाहनवाज, इरफान, शमा परवीन, अलाउद्दीन, आयशा बेगम व अहमद के विरुद्ध बाईपास कटिया चलाने सहित विद्युत चोरी का मुकदमा एंटी थ्रेप्ट विद्युत थाना कन्नौज में रिपोर्ट दर्ज कराक कार्रवाई की है।

## मां व भाईयों को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दुकान पर बैठे युवक से गांव के लोगों ने बेवजह गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव में आए उसके भाई व मां के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद निवासी अमित दुबे पुत्र कमलेश दुबे ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 15 अक्टूबर की शाम करीब लगभग 07 बजे गांव के ही सौरव, गौरव तिवारी, अनुराग, प्रशांतु मेरी दुकान पर आए और बेवजह गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा बचाने आए मेरे भाईयों रजनीश व अवनीश, मां गुडडी देवी से भी मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# जनपद स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में छात्र- छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन आर के पैलेस बेहरीन में किया गया। जनपद स्तरिय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रत्येक विकासखण्ड से चयनित 5 छात्र-छात्राओं सहित कुल 45 छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में दो चरण में छिबरामऊ टीम विजेता घोषित हुई क्विज प्रतियोगिता में विजेता छात्र- छात्राओं को जिला विद्यालय निरीक्षक डा. पूरन सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार द्वारा विज्ञान किट, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र, बैग, स्टेशनरी किट, बुक प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपरोक्त पांचों विद्यार्थियों को टैबलेट, प्रमाण पत्र, मोमेंटो, बैग स्टेशनरी किट, बुक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**इन विद्यालयों के बच्चों ने प्राप्त किया स्थान**

उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिजनपुर्वा, उमर्दा के युवराज ने प्रथम स्थान- युवराज, कंपोजिट विद्यालय सिकन्दरपुर के हैपी सिंह ने द्वितीय, उच्च प्राथमिक विद्यालय सराय बारामऊ, गुगरापुर के परिणिता ने तृतीय, उच्च प्रा0 वि0 भदौसी, उमर्दा के सुनैना ने चतुर्थ, कम्पो0 वि0 कुसुमखोर, गुगरापुर के शिखा ने पंचम स्थान प्राप्त किया।

## खबरें एक नजर में

### पूर्व सैनिक ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार



**छिबरामऊ, कन्नौज।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय से न्याय की गुहार पूर्व सैनिक ने लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए लगे पूर्व सैनिक बलदेव सिंह ने लिखित प्रार्थना पत्र में कहां है कि डॉक्टर हाशिम को इमरजेंसी में दिखाने के लिए प्रार्थी गया प्रार्थी की मलेरिया टाइफाइड एक्स-रे सहित कई जांच चिकित्सा द्वारा करेंगे हालत खराब होते देख प्रार्थी को उपचार के लिए भर्ती नहीं किया गया प्रार्थी लगातार चिकित्सक से गिड़गिड़ाता रहा लेकिन चिकित्सक द्वारा प्रार्थी को भारती नहीं किया गया जब प्रार्थी की हालत ज्यादा बिगड़ी तब कानपुर के चांदनी हॉस्पिटल में ऑक्सीजन लगाकर परिजनों द्वारा भर्ती कराया गया गुप्त मामले की जांच कर दोषी चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की पूर्व सैनिक ने बताया जब चिकित्सक को भारती नहीं करना था।

### दो पक्षों में मारपीट, बेहिसाब चंदे की रकम को लेकर हुआ विवाद

**छिबरामऊ।** सिकंदरपुर कन्नौज सोशल मीडिया पर एक ट्वीट मस्जिद में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट,व बेहिसाब चंदे की रकम को लेकर हुआ विवाद संज्ञान में आया। सिकंदरपुर स्थित जामा मस्जिद मे चंदा जुटाने के बाद चंदे का हिसाब ना देने की बात को लेकर दिलशाद अली, अवसर अली पुत्रगण निसार अली, फकसल हसन पुत्र अहमद हसन व एतसाय पुत्र ईरशाद अंसारी निवासीगण मो. मालवीय नगर सिकन्दरपुर थाना छिबरामऊ द्वारा घर के पास मोहल्ले में अयाज अहमद पुत्र रफाकत हुसैन मो. मालवीय नगर सिकन्दरपुर थाना छिबरामऊ के साथ मारपीट कर दी जिसमें अयाज अहमद पुत्र रफाकत हुसैन उम्र 28 वर्ष को चोट आ गयी। जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। जहाँ उसकी स्थिति सामान्य है। मौके पर शान्ति व्यवस्था कायम है। मो. शाकिर पुत्र रफाकत अली की तहरीर के आधार पर दिलशाद अली आदि 04 नफ़र उक्त के विरुद्ध थाना छिबरामऊ पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### सुप्रभाष एकेडमी में 16 सदस्यीय दल ने किया छाऊ नृत्य का मंचन

**छिबरामऊ कन्नौज।** स्पिक मैके मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर , भारत सरकार की तरफ से बेहद शानदार विश्वस्तरीय प्रस्तुतियों के क्रम में अपने स्कूल सुप्रभाष एकेडमी के तरंग रंगमंच पर सुप्रसिद्ध छाऊ नृत्य का मंचन 16 सदस्यीय दल द्वारा किया जा रहा है। इस दल का नेतृत्व सुविख्यात कलाकार श्री तारापेड रजक जी कर रहे हैं। श्री तारापेड जी अपने दल के साथ देश ही नहीं अपितु लगभग समस्त यूरोप में भी अपनी शानदार प्रस्तुतियां देकर भारत की संस्कृति का विराट गौरव पूरे विश्व में फैला चुके हैं। यह कार्यक्रम सुबह 8 बजे से दिनांक 21.10.2024 , सोमवार को आवास विकास कॉलोनी में सुप्रभाष एकेडमी स्थित तरंग रंगमंच पर आयोजित किया जाएगा।

### अराजकतत्वों ने झोपड़ी में लगाई आग

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** ठठिया थाना क्षेत्र के खामा गांव में शुक्रवार की मध्य रात्रि अज्ञात अराजकतत्वों ने एक झोपड़ी में आग लगा दी। जिससे उसमें रखा गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। मामले में गृहस्वामी ने ठठिया पुलिस को अज्ञात लोगों के खिलाफ झोपड़ी जला देने का प्रार्थना पत्र दिया हैं। खामा गांव निवासी पंकज पुत्र रामचन्द्र ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि गांव से कुछ दूरी पर उसकी एक झोपड़ी रखी थी। जिसमें वह रह रहा था। परिवार के अन्य सदस्य गांव में बने कच्चे मकान में रहते हैं। रात 11 बजे के करीब वह अपनी झोपड़ी से निकलकर अपने पैतृक घर की ओर गया था। लौटकर आया, तो देखा कि कुछ लोगों ने उसकी झोपड़ी में आग लगा दी। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# एस.सी.एल. दास ने इत्र उद्योग पर ठोस कदम उठाने पर दिया जोर

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



कन्नौज दौरे पर आए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम भारत सरकार के सचिव एस.सी.एल. दास ने इत्र उद्योग को बढ़ावा देने और निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया। कन्नौज स्थित एफएफडीसी सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने प्रमुख उद्यमियों और औद्योगिक संगठनों के साथ इत्र उद्योग की मौजूदा चुनौतियों और उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया।

बैठक के दौरान उद्यमियों ने सैंडलवुड की जगह अन्य बेस ऑयल विकल्प तलाशने और फूलों व मसालों की स्थानीय स्तर पर खेती करने की आवश्यकता पर चर्चा की। साथ ही, इत्र उत्पादों की पैकेजिंग के महत्व को देखते हुए, जनपद में एक पैकेजिंग संस्थान या उसकी शाखा स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा गया। अतर एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन त्रिवेदी ने गंगा के किनारे फूलों की खेती को बढ़ावा देने और औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार की मांग की।

औद्योगिक आस्थान के अध्यक्ष आदित्य कुमार मिश्रा ने इत्र उद्योग में रिसर्च और डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए विशेष पैकेज की मांग की, और सूक्ष्म इकाइयों के लिए टेस्टिंग में सब्सिडी की सुविधा दिए जाने का अनुरोध किया। बैठक में सचिव दास ने एफएफडीसी के प्रधान निदेशक को इत्र उत्पादों के मानकीकरण पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि वाणिज्य मंत्रालय और जीएसटी काउंसिल से समन्वय स्थापित कर सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही, जनपद में एक सामान्य सुविधा केंद्र की स्थापना की दिशा में भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। दौरे के दौरान, सचिव दास ने गोपाल सैनी फार्मलैंड में फूलों की खेती का भौतिक निरीक्षण किया और एफएफडीसी कन्नौज कैंपस का भी दौरा किया। वहां उन्होंने एरोमेटिक्स प्लांट्स की जानकारी ली और आईसीएआर-डीएफआर पुणे से आए वैज्ञानिकों के साथ संवाद किया। सचिव ने जिला उद्योग केंद्र कन्नौज द्वारा संचालित एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में भाग लिया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से संवाद कर उनकी प्रगति की जानकारी ली और प्रमाण-पत्र वितरित किए। अपने संबोधन में सचिव ने प्रशिक्षार्थियों को उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार उनके साथ हर संभव सहयोग के लिए तैयार है।

# मार्ग दुर्घटना में स्कूटी सवार वृद्ध की मौत

**गुरसहायगंज,कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

स्कूटी लेकर घर से बाजार खरीददारी करने जा रहे वृद्ध के अनियंत्रित गति से आ रही बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोग आनन फानन घायल को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिक्तिसको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शनिवार की शाम करीब 04 बजे नगर के मोहल्ला सुल्तान आलम नगर निवासी जमालुद्दीन उर्फ बाबा निजामी (70) अपने घर से स्कूटी लेकर बाजार जा रहे थे। जैसे ही जीटी रोड स्थित



मृतक जमालुददीन।

पेट्रोल पंप के निकट पहुंचे। तभी सामने से चली आ रही तेज रफतार मोटरसाइकिल सवार ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। इससे स्कूटी सवार बाबा निजामी गंभीर रूप से घायल हो गए। पास खड़े लोगों ने आनन फानन उन्हें नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# प्र.वि. की बाउंड्रीवॉल धराशाई

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अलीनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बाउंड्रीवॉल अचानक धरासाई हो गयी। आपरेशन कायाकल्प योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में विद्यालय में बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया था। उक्त बाउंड्रीवॉल विद्यालय अवधि में अचानक भर भरा कर गिर गई। गनीमत रही कि विद्यालय में कार्यरत स्टॉफ की सजकता एवं सतर्कता के चलते किसी भी प्रकार की अनहोनी नही हुई। लोगों में चर्चा है कि गुणवत्ता एवं मानकों को ताक पर रख कर निर्माण करवाया गया था। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों का कहना है। कि उक्त बाउंड्रीवॉल के निर्माण कार्य की जांच करवाकर



बाउंड्रीवॉल के क्षतिग्रस्त अवशेष बचे भाग को ध्वस्त करवा करके शीघ्र, पुनर्निर्माण करवाया जाए। जिससे की विद्यालय में हम लोगों के पढ़ने वाले बच्चों के साथ भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अबधनारायण का कहना है, कि इसके निर्माण कार्य से विद्यालय के स्टॉफ का कोई लेना देना नही है। तत्कालीन ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के द्वारा इसको बनवाया गया था। इस संबंध में ग्राम विकास अधिकारी से दूरभाष से संपर्क किया तो संपर्क नही हो सका।

# रोमा समुदाय का कन्नौज से है बहुत गहरा जुड़ावः असीम अरूण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने कहा कि रोमा समुदाय का कन्नौज से बहुत गहरा जुड़ाव रहा है।

दुनिया भर में रहने वाले रोमा समुदाय के लोगों से ऐसा ऐतिहासिक रूप से स्पष्ट है। कि एक हजार साल पहले कन्नौज से बहुत से हमारे पूर्वज पूरी दुनिया में गये, वहां जाकर नाम कमाया। कई बार उनका जीवन बहुत हस्पद रहा। हिटलर ने उनके ऊपर बहुत सारे अत्याचार किये। यह सब को याद करने के लिये प्रधानमंत्री मोदी जी की इच्छा थी कि एक स्मारक बनाया जाये। मंत्री ने कहा कि हमारा सौभाग्य है। कि कन्नौज को



मोदी ने यह स्मारक गिफ्ट के रूप में दिया है। यहां पर स्मरण के लिये एक चक्र के रूप में केन्द्रीय स्मारक बन रहा है। जो हमारा म्युजियम है वहां पर एक विशेष रोमा दीर्घा बनायी जायेगी। रोमा की विशेष फिल्म चलाने की व्यवस्था भी की जायेगी।

इसके साथ-साथ ठीक बगल में लगभग 500 लोगों के बैठने के लिये मुक्ताकाशी मंच बनाया जा रहा है। जिसमें एक मंच है और लोगों के बैठने के लिये सीढ़ीदार व्यवस्था है। सेमी कर्वड भी है, यहां पर अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का एक मंच बन जायेगा, जिसके लिये आसानी से कार्यक्रम हो सकेगें। यह लगभग 2 माह में बनकर तैयार होगा। और हम लोग आशा करते है कि जल्द ही एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन करेगें। दुनिया से रोमा समुदाय के लोगों को आमंत्रित करेगें। जो नही आ पायेगे, उन्हें ऑनलाइन जोड़ेगे। और पूरी दुनिया में रोमा समुदाय के लिये यह पहला स्मारक होगा।

यह कन्नौज के मूल निवासी यानि रोमा और कन्नौज के वर्तमान निवासी हम और आप दोनो के लिये यह बहुत ही अच्छा लिंक बनेगा। एक जोड़ बनेगा उसको हम लोग तैयार कर रहे है।

# संयुक्त विकास आयुक्त झांसी को जांच अधिकारी किया नामित

- उकासा प्रकरण विधायक निधि की सीसी पर क्षेत्र पंचायत से दोबारा मजदूरी का किया भुगतान

**कदौरा,जालौन, समृद्धि न्यूज।**

कदौरा विकासखंड तत्कालीन बीडीओ द्वारा फर्जी भुगतानों को लेकर खासा चर्चा में रहा। अधिकारियों द्वारा तत्कालीन बीडीओ को जिले में और वहां से मुख्यालय लखनऊ संबद्ध कर देने के बाद भी बीडीओ की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। विकास खंड कदौरा के ग्राम पंचायत उकासा में वित्तीय वर्ष 2022.23 में बुंदेलखंड विकास निधि जिला अंश से कारस देव बाबा के स्थान से झल्लू यादव के मकान तक सीसी सड़क का निर्माण कराया गया था। लेकिन बीडीओ और लेखाकार ने षड्यंत्र रच कर भुगतान निकालने के लिए मजदूरी के नाम 920 रूपये का भुगतान कर लिया। विधायक विनोद चतुर्वेदी इसकी शिकायत डीएम से कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की थी। एक माह पूर्व रिपोर्ट आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश को भेज दी। आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश ने अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश को अवगत कराया। अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश ने डीएम जालौन को 30 सितंबर को पत्र भेजकर बीडीओ प्रतिभा शाल्या के विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली के तहत कार्यवाही का अनुरोध किया था।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें अफसर : डीएम

- 114 शिकायतों में सात का मौके पर हुआ निस्तारण

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**




तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला व एसपी अमित कुमार आनन्द ने संयुक्त रूप से फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान 114 फरियादियों ने अफसरों के सामने अपनी शिकायतें रखी। इनमें से सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को सम्बन्धित अधिकारियों को भेजकर एक सप्ताह में निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान मौजूद अफसरों को संबोधित करते हुए डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला ने कहा कि कई बार देखा जाता है कि समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण नहीं होता है। जिस बजह से फरियादी फिर से अपनी शिकायत लेकर समाधान दिवस में आ जाते हैं। इसके अलावा कई ऐसे भी फरियादी समाधान दिवस में आ जाते है। जिन्हे निस्तारण की सूचना नहीं दी जाती है। ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है कि शिकायतकर्ताओं को निस्तारण की जानकारी अवश्य दे। जिससे समाधान दिवस में भीड़ न लगी। इस मौके पर राजस्व, रसद, पुलिस के अलावा विभिन्न विभागों से सम्बन्धित 114 फरियादियों ने अपनी शिकायतें अफसरों के समक्ष रखी। जिनमें सात का निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर एसडीएम अशोक कुमार, सीओ डॉ.प्रियंका बाजपेई, तहसीलदार अवनीश सिंह के अलावा कई विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

## कबड्डी प्रतियोगिता में कन्नौज को हराकर फतेहगढ़ पहुंचा फाइनल में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस लाइन फतेहगढ़ में चल रहीं अंर्तजनपदीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन महिला कबड्डी फाइनल प्रतियोगिता में कानपुर नगर की टीम ने जनपद फतेहगढ़ की टीम को हराकर प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में कानपुर नगर की टीम ने जनपद ललितपुर की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनायी एवं जनपद फतेहगढ़ की टीम ने जनपद कन्नौज को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। खो-खो पुरुष फाइनल प्रतियोगिता में जनपद कानपुर नगर की टीम ने जनपद फतेहगढ़ की टीम को हराकर प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। विजेता खिलाड़ियों को उनको कोच ने धन्यवाद दिया।

# पति और देवरों को मारपीट कर किया घायल

- पीड़ित की पत्नी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

दुकान के सामने बांस गाड़ने को लेकर दबंगों ने गाली गलौज की और विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की पत्नी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद निवासिनी अनुराधा पत्नी सौरभ ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 15 अक्टूबर की शाम करीब 8.30 बजे गांव के अमित उर्फ कल्लू, जीतू, रिंकू दुबे अपने रिश्तेदार लंबरदार, व उनके अज्ञात पुत्र निवासी ग्राम जसोदा ने दुकान के सामने बांस गाड़ने को लेकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे उसके पति सौरभ, देवर गौरव, अनुराग, ऋषभ आदि लोगों को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सफाई व्यवस्था को लेकर हुई कहासुनी में सभासद व सफाई कर्मचारी के बीच मारपीट

- नगर पंचायत अध्यक्ष के पास पहुंचा मामला, उनके सामने दोबारा हुई मारपीट
- सफाई कर्मचारी ने सिर में ईंट मारने का सभासद पर लगाया आरोप

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सफाई व्यवस्था को लेकर हुई कहासुनी के मामले में सभासद व सफाई कर्मचारी के बीच हुई मारपीट का मामला नगर पंचायत अध्यक्ष के पास पहुंचा। वहां दोबारा मारपीट हुई। मारपीट में सफाई कर्मचारी का सिर फूट गया। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड-2 द्रौपदी नगर में ज्ञानबाबू पुत्र सज्जन लाल निवासी ग्राम सलेमपुर दूंदेमई सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात है।

सफाई कर्मचारी के मुताबिक शनिवार को वह नेहरू शाह स्कूल के पास सफाई कर रहा था, तभी वहां के सभासद पवन कुमार सूर्यवंशी तथा उनके भाई पंकज कुमार आकर गाली-गलौज करने लगे। जिस पर दोनों पक्षों में सफाई व्यवस्था को लेकर बात नहीं बनी और मारपीट होने लगी। जिसकी शिकायत सफाई कर्मचारियों ने तथा सभासद ने नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत से की। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने दोनों पक्षों को अपने आवास पर बुलाया और मामला सुलझाने की बात कही, लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत अपने घर के अंदर थे और तभी दोनों पक्ष फिर आमने-सामने हो गए और दोबारा मारपीट होने लगी। मारपीट में सफाई कर्मचारी ओमजीत पुत्र मिट्ठू लाल निवासी रोशनाबाद के सर में चोट लगी और उसका सर फट गया। सफाई कर्मचारियों ने साथी के साथ थाने जाकर तहरीर दिलवायी। जिसमें कहा गया कि सभासद ने उसके सिर में ईंट मारी है। जिससे उसका सर फट गया, लेकिन वहीं सभासद का कहना है की मारपीट हुई है। वह हाथ में कड़ा पहने हुए थे जो उनके लग गया। सभासद पवन सूर्यवंशी ने बताया की सफाई कर्मचारी अपनी पूरी टीम बनाकर वहां मौजूद थे और जैसे ही वह नगर पंचायत अध्यक्ष के पास पहुंचे वैसे ही सफाई कर्मचारी उनके साथ मारपीट करने लगे। मामले की दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी।


घटना की जानकारी देते सफाई कर्मचारी

तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने सफाई कर्मचारी ज्ञानबाबू तथा ओमजीत की तहरीर पर मेडिकल परीक्षण कराया। थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी तथा कोई भी बाबू कोई भी बात बताने को तैयार नहीं थे।

# पति-पत्नी के बीच मनमुटाव के चलते चाट विक्रेता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**

शराब पीने को लेकर पति पत्नी में आये दिन विवाद होता रहता था। जिसके चलते पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। स्थानीय पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा राजेपुर निवासी पप्पू पुत्र अजय सक्सेना उम्र 32 वर्ष चाट की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

अपने हमउम्र साथियों की संगत में पड़कर शराब पीने का आदी हो चुका था। जिसको लेकर पति-पत्नी में आए दिन गृहकलेश होता था। इसी क्रम में दो माह पहले भी आत्महत्या करने के उद्देश्य से पप्पू ने फांसी लगाई थी। जिस पर परिजनों ने समय रहते फांसी के फंदे से उतार लिया था। परिजनों का कहना है कि गृहकलेश के चलते पति पत्नी में करीब एक माह से बोलचाल बंद थी। जिससे क्षुब्ध होकर पप्पू और अधिक शराब पीने लगा था। शुक्रवार शाम समय लगभग 8.00 बजे पप्पू ने अपने टीन शेड में दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। इसकी जानकारी परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी। जानकारी पर दलबल के साथ पहुंचे थाना अध्यक्ष योगेश कुमार सोलंकी ने शव का पंचनामा भरकर शव को शव विच्छेदन गृह भिजवाया। मृतक अपने पीछे पत्नी संजू देवी, दादी चंद्रावती, बेटी मोहनी उम्र 15 वर्ष, नन्हीं उम्र सात वर्ष, प्रिंस पुत्र 11 वर्ष, प्रभाकर उम्र 6 वर्ष आदि परिजनों को रोते बिलखता छोड़ गया।


रोते बिलखते मृतक के परिजन

# घर के घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी पर दोष सिद्ध

- सजा पर सुनवाई के लिए 21 अक्टूबर की तिथि नियत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज त्वरित प्रथम न्यायाधीश संदीप तिवारी ने दुष्कर्म के मामले में राघवेंद्र पुत्र ब्रजनदंन निवासी जिजौटा कम्पिल को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंन्दु पर सुनवाई के लिए 21 अक्टूबर की तिथि नियत की गयी है।

बीते 2 वर्षों पूर्व थाना कम्पिल क्षेत्र के ग्राम निवासिनी महिला ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया की 17 जुलाई 2022 को सुबह करीब 7 बजे स्नान कर रही थी। पीड़िता के ससुर गॉव में दूध लेने के लिए गए थे। इसी बीच राघवेन्द्र दरवाजा खोलकर घर में घुस आया। मुझे जबरन कमरे में खींचकर बेड पर गिराकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। चीखने चिल्लाने पर मुंह बंद कर मारपीट करने लगा और कहा कि मैं रोजाना आऊँगा तू मेरा क्या कर लेगी और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। राघवेंद्र दबंग किस्म का व्यक्ति है। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता पंकज कटियार, संजीव कुमार पाल की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश संदीप तिवारी ने राघवेंद्र को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर सुनवाई के लिए 21 अक्टूबर की तिथि नियत की गयी है।

# युवक ने फांसी लगाकर दी जान, परिवार में कोहराम

**पुलिस तथा फील्ड यूनिट टीम ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

परिजनों से हुए विवाद के बाद दो दिन गायब चल रहे युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने व फील्ड यूनिट की टीम ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रोशनाबाद निवासी विपिन कुमार पुत्र कालीचरन उम्र 28 वर्ष का शव शनिवार की सुबह गांव से लगभग 1 किलोमीटर दूर रोशनाबाद गोविंदापुर के मध्य स्थित रोशनाबाद निवासी ग्रामीण राजेश कुमार पुत्र जगराज के खेत की मेड़ पर शीशम के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूलता पाया गया। बताया गया है मृतक पिछले दो दिनों से घर से नाराज होने के कारण गुम चल रहा था। चिंतित परिजन उसकी खोजबीन में लगे हुए थे। शनिवार की सुबह युवक विपिन कुमार का शव ग्रामीण राजेश ने शीशम के पेड़ पर फांसी से लटका देखा। जिससे वह घबरा गया। उसने तुरंत गांव जाकर घटना की जानकारी मृतक के परिजनों व ग्रामीणों को दी।


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण

जिससे मौके पर परिजन व ग्रामीण पहुंच गये। परिजनों ने मृतक की पहचान अपने पुत्र के रूप में की। एघटना की जानकारी डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को दी गई। जिस पर फैजबाग पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल करते हुए सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना के बाद आई फील्ड यूनिट टीम ने घटनास्थल से नमूने एकत्रित किए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर मृतक की मां मीना देवी बेटे के शव पर बुरी तरह से बिलख रही थी। मृतक की मां ने बताया उसके चार पुत्र थे। चार पुत्रों में मृतक विपिन कुमार बड़ा था। छोटे पुत्रों में नितिन, निखिल तथा आशीष हैं। परिजनों ने बताया युवक 2 दिन से नाराज था और घर से गुम चल रहा था। परिजनों ने बताया कि मृतक का कुछ समय से मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। उधर ग्रामीणों की मानें तो बताया जा रहा है मृतक शराब पीने का आदी था। फिलहाल पुलिस का यह भी कहना था मृतक परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# खेत की मेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में मारपीट व फायरिंग

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम माझगवां थाना जहानगंज में खेत की मेड़ काटने को लेकर को लेकर गुरुवार को दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ। देखते ही देखते घटना हिंसक झड़प में बदल गयी। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला किया और इस दौरान कई राउंड हवाई फायरिंग भी की गई। घटना में दोनों पक्षों से कई लोग घायल हुए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी कमालगंज अस्पताल भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार विवाद गांव के अमरभान राजपूत और बांकेलाल राजपूत के परिवारों के बीच हुआ। खेत की मेड़ काटने पर शुरु हुई गाली-गलौज ने उग्र रुप ले लिया और दोनों और से लाठी-डंडों और टकोरों, फावड़ों से हमला किया गया। इस विवाद में बांकेलाल पक्ष से सुशीला देवी पत्नी बांकेलाल, विश्राम पुत्र तुलाराम, विपिन पुत्र विश्राम, सुखराम पुत्र तुलाराम, विक्रम पुत्र सुखराम और बांकेलाल पुत्र तुलाराम घायल हुए हैं। वहीं अमरभान राजपूत पक्ष से रमेश पुत्र रामस्वरूप, अमरभान पुत्र रामस्वरूप और अश्विनी पुत्र अमरभान को चोटें आई हैं। एक पक्ष द्वारा 100 नंबर पुलिस को उक्त मामले की जानकारी दी गई। पुलिस के पहुंचने पर दोनों पक्षों ने फायरिंग बंद कर दी। ग्रामीणों के अनुसार दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हवाई फायरिंग भी की। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जितेंद्र पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों को उपचार के लिए सीएचसी कमालगंज भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अरुण कुमार सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे और मौके का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि मामले की पूरी जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति दोबारा न हो।

## खबरें एक नजर में

### दौड़ लगाने निकला युवक लापता


युवक मोहम्मद आजम

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** तड़के सुबह दौड़ लगाने निकला युवका लापता हो गया। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 4 बजे मोहम्मद आजम पुत्र बाबू खान मंसूरी निवासी नयागनीपुर पोस्ट नवाबगंज घर से दौड़ लगाने के लिए निकला। जब वह काफी देर तक लौटकर नहीं आयी, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। वहीं परिजन किसी अनहोनी घटना की आशंका जता रहे हैं। उन्होंने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। वहीं पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है।

### आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र अगस्त 2024 में प्रवेश लेने हेतु अंतिम तिथि 30 अक्टूबर कर दी गई है। प्रवेश लेने वाले इच्छुक अभ्यार्थी ऑन लाइन आवेदन करें। प्रथम, द्वितीय, तृतीय चरण में प्रवेश लेने हेतु अभ्यार्थी बेवसाइड पर जाकर ऑन लाइन आवेदन करें। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

### सुलह कराने के बहाने बुलाकर की हत्या, मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद कन्नौज के थाना तालग्राम क्षेत्र के ग्राम ताजपुर निवासी सुनील कुमार पुत्र तिलक सिंह ने कोतवाली कायमगंज पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि कामिनी पुत्री शिवकुमार निवासी नरैनामऊ थाना कायमगंज द्वारा मिलकर मेरे भाई विकास कुमार को सुलह कराने के बहाने गाँव नरैनामऊ में बुलाकर उसकी हत्या कर दी और शव को फाँसी के फन्दे पर लटका दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर कामिनी के विरुद्ध धारा 109/238/61,(2) बीएनएस के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

### ऑनलाइन ठगी के मामले में मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव हजरतपुर पैथान खुर्द निवासी महेश चन्द्र पुत्र बाबूराम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि मेरे साथ आँनलाइन ठगी करने के सम्बन्ध में अभियुक्त सोनू कुमार जाट पुत्र मूलचन्द्र जाट निवासी पाट्या की ढाढी जयरामपुरा जयपुर राजस्थान के विरूद्ध कोतवाली कायमगंज पुलिस ने धारा 66 आईटी एक्ट मे मुकदमा दर्ज किया।

### पीड़ित की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे दबंग


अवैध शस्त्रों से लैस दबंग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दबंग युवकों से परेशान पीड़ित ग्रामीण ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार पीड़ित अजयवीर पुत्र सुरेश सिंह निवासी ग्राम बिचपुरिया (कड़क्का) थाना राजेपुर का निवासी है। पीड़ित की 23 विस्वा जमीन दबंग युवकों के घर के पास है। जिस पर दबंग आये दिन कोई न कोई निर्माण करने का प्रयास करते हैं और अपने जानवरों को बांधते हैं।

जब पीड़ित मना करता है, तो दबंग प्रमोद उर्फ मंतोष पुत्र हंसराम व दिनेश उर्फ गणेश पुत्र स्व0 राजवीर निवासी ग्राम बिचपुरिया (कड़क्का) थाना राजेपुर के रहने वाले हैं, पीड़ित को नाजायज शस्त्रों से धमकाते हैं। जबकि दबंगों के पास शस्त्र लाइसेंस नहीं हैं और न ही उनके परिवार में किसी सदस्य के ही हैं। दबंग पीड़ित को कभी भी जान से मार सकते हैं। उपरोक्त मामले की जांच कराकर दबंगों के अवैध शस्त्र जब्त किये जायें और उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाये।

# पाक्सो के मामले में आरोपी को चार वर्ष का कारावास

- 53 हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने राहुल पुत्र रामआसरे निवासी नौली मेरापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर चार वर्ष के कारावास से दंडित किया है।

जानकारी के अनुसार बीते आठ वर्षों पूर्व थाना मेरापुर पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया 21 मई 2016 को शाम करीब 5 बजे मेरी लड़की 16 वर्षीय जो हाईस्कूल की छात्रा है। घर से शौच क्रिया करने के लिए खेत के पास पहुंची, तभी राहुल ने मेरी पुत्री को अकेला देखकर मक्का के खेत में गलत काम करने की नियत से खींच लिया। पीड़िता के चिल्लाने पर गॉव के लोग मौके पर आ गये। जिससे राहुल मौके से भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने राहुल को दोषी करार देते हुए चार वर्ष का कारावास व 53 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।



जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

# डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में 23 शिकायतों का किया निस्तारण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में तहसील कायमगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 183 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से राजस्व विभाग की 58, पुलिस की 39, विकास विभाग की 36, विद्युत विभाग की 41 व अन्य विभागों की 09 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से 23 का मौके पर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गए। तहसील दिवस में ही विधायक कायमगंज डॉ0 सुरभि व जिलाधिकारी द्वारा दिनांक 23.09.2024 को गंगा नदी में आई बाढ़ के कारण मृत रामभरोसे पुत्र ज्वाला निवासी धर्मपुर की पत्नी राजकुमारी को दैवीय आपदा के तहत दी जाने वाली अनुग्रह राशि रुपया 04 लाख उनके खाते में हस्तांतरित किये जाने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही विधायक कायमगंज डॉ. सुरभि व जिलाधिकारी द्वारा 15 कृषकों को सरसों का निःशुल्क बीज वितिरित किया गया। उपस्थित लोगों को जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि समस्त विकास खंडों में बीज भण्डारों पर सरसों की मिनी किट (मात्रा 2 किलो) निःशुल्क वितिरित की जा रही है। जो 1 एकड़ या 5 बीघा कृषि भूमि के लिए (मात्रा 2 किलो) पर्याप्त है। इस अवसर विधायक कायमगंज डॉ. सुरभि, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द्र कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अवनीद्र कुमार, उपजिलाधिकारी कायमगंज रवेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी जय सिंह परिहार, नायब तहसीलदार सर्जन कुमार, मनीष वर्मा, कायमगंज नगर पालिका अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, कम्पिल थाना अध्यक्ष विश्वनाथ आर्य, शमसावाद थानाध्यक्ष तरुण कुमार, नवाबगंज थाना अध्यक्ष बलराज भाटी, मेरापुर उपनिरीक्षक आनन्द शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


समस्यायें सुनते जिलाधिकारी व मौजूद


सरसों का निःशुल्क बीज वितरित करते डीएम व विधायक

# डीएम को शिक्षा की गुणवत्ता मिली खराब खंड शिक्षाधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण


बच्चों से सवाल लगवाते जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी ने शमशाबाद क्षेत्र के कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षा व्यवस्था चौपट मिली। जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जतायी और खंड शिक्षाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा।

जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय उलियापुर ब्लॉक शमशाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में विद्यालय में शिक्षा का स्तर अत्यंत ही खराब पाया गया। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई। विद्यालय में साफ सफाई का अभाव पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा साफ -सफाई कराने व खिड़कियों पर जाली लगवाने के लिये निर्देशित किया गया। विद्यालय के एक कक्ष में निर्माण सामिग्री भरी पाई गई। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई व ग्राम प्रधान से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये गये। शिक्षा की खराब गुणवत्ता के लिये सम्बन्धित खंड शिक्षा अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिये निर्देशित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक व संबंधित उपस्थित रहे।

## एसपी के निर्देश पर ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ चलाया जा रहा बड़ा अभियान


ई-रिक्शा को पकड़ती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यातायात प्रभारी ने अभियान के तहत करीब एक सैकड़ा से अधिक ई-रिक्शा पकड़कर फतेहगढ़ पुलिस लाइन भेजे। क्राइम कंट्रोल करने के उद्देश्य से ई-रिक्शों पर ई-रिक्शा मलिक व चालक का पता, मोबाइल नंबर और आधार नंबर डाला जा रहा है। यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि जब तक जिले के सभी ई-रिक्शों पर नाम, पता और नंबर अंकित नहीं हो जाएगा, तब तक अभियान जारी रहेगा। अभी तक करीब 1100 ई-रिक्शा पर वेरिफिकेशन कर डाला जा चुका है मोबाइल नंबर सहित नाम और पता। ई-रिक्शा चालकों को यातायात प्रभारी ने यह कार्य कराने के लिए 10 दिन का समय और दिया है। तय समय सीमा के भीतर जो भी ई-रिक्शा चालक बिना वेरिफिकेशन कराए मिलेगा उसके खिलाफकार्रवाई की जाएगी।


पुलिस हिरासत में वांछित अभियुक्त

## दो भैंस चोर गिरफ्तार, एक भैंस बरामद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कमालगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 171/2024 धारा 303(2)/317(2) बी.एन.एस. से संबंधित अभियुक्त 1. सोमू उर्फ पतन्ना पुत्र मंशाराम निवासी कुंडपुरा थाना कमालगंज, 2. सनोज पुत्र अमितराम उर्फ धुन्दी निवासी आजादनगर भटपुरा, थाना कमालगंज जनपद फतेहगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तगणों की निशानदेही पर एक भैंस बरामद की गयी है। घटनाक्रम के अनुसार 14.08.2024 को वादी प्रमोद कुमार पुत्र रामऔतार निवासी ग्राम कुंडपुरा थाना अरबल जिला हरदोई द्वारा सूचना दी गयी कि अभियुक्तगणों द्वारा वादी की दो भैंस चुरा ली गयी हैं। वादी की लिखित तहरीर के सम्बन्ध में थाना कमालगंज पर मु0अ0सं0 171/2024 धारा 303(2)/317(2) बी.एन.एस. बनाम 1. सोमू उर्फ पतन्ना पुत्र मंशाराम निवासी कुंडपुरा थाना कमालगंज, 2. सनोज पुत्र अमितराम उर्फ धुन्दी निवासी आजादनगर भटपुरा, थाना कमालगंज जनपद फतेहगढ़ दर्ज किया गया था। उपरोक्त अभियुक्तगणों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त सोमू उर्फ पतन्ना पर तीन मुकदमे पंजीकृत हैं।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में हुई इंटर हाउस वाद-विवाद प्रतियोगितायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक इंटर हाउस वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जूनियर और सीनियर विंग के छात्रों ने हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में अपने विचार प्रस्तुत किए। इसका उद्देश्य छात्रों में तर्कशक्ति, संवाद कौशल और सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता विकसित करना था।

जूनियर विंग (हिंदी) शीर्षक- सोशल मीडियाः अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता या सूचना का दुरुपयोग पर प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। जिसमें पक्ष प्रथम अर्जुन (पीस हाउस), द्वितीय आन्या (चैरिटी हाउस), तृतीय अंशिका (ज्वाय हाउस) रहे। विपक्ष- प्रथम अनुश्री (पीस हाउस), द्वितीय मानवी (चैरिटी हाउस), तृतीय अर्णव (ज्वाय हाउस) रहे। समालोचक में प्रथम सानिध्य (ज्वाय हाउस), द्वितीय प्रिया (होप हाउस), तृतीय समृद्धि (चैरिटी हाउस) रहे। सीनियर विंग (हिंदी) के शीर्षकः आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसः रोजगार के लिए खतरा या नई संभावनाओं का द्वार में पक्ष- प्रथम चिराग (ज्वाय हाउस), द्वितीय वासिल अहमद (चैरिटी हाउस), तृतीय आरजू (होप हाउस), विपक्ष में प्रथमरू श्रद्धा पीस हाउस, द्वितीय प्राची ज्वाय हाउस, तृतीय तितिक्षा होप हाउस, समालोचक में प्रथम रवि चैरिटी हाउस, द्वितीय कुणाल ज्वाय हाउस, तृतीय पूर्ति पीस हाउस, जूनियर विंग अंग्रेजी के शीर्षक- एक सफल करियर के लिए अकादमिक उत्कृष्टता ही एकमात्र आवश्यकता है में पक्ष प्रथम एंजेल श्रीवास्तव पीस हाउस, द्वितीय आर्या होप हाउस, तृतीय आध्या चैरिटी हाउस रहे। विपक्ष प्रथम वृजांगना गोस्वामी ज्वाय हाउस, द्वितीय परिधि वर्मा पीस हाउस, तृतीय राधिका होप हाउस रहे। समालोचक में प्रथम काव्या चैरिटी हाउस, द्वितीय वंश पीस हाउस, तृतीय आराध्या शुक्ला होप हाउस रहे। सीनियर विंग अंग्रेजी के शीर्षक- ऑनलाइन स्मार्ट क्लासेस शिक्षा प्रणाली का भविष्य हैं में पक्ष प्रथम अन्या पीस हाउस, द्वितीय आदित्य होप हाउस, तृतीय यश कीर्ति चैरिटी हाउस रहे। विपक्ष प्रथम आयुषी मिश्रा पीस हाउस, द्वितीय श्रेया चैरिटी हाउस, तृतीय दिया शाक्य होप हाउस रहे। समालोचक प्रथम वासिल चैरिटी हाउस, नीलाक्षी होप हाउस, द्वितीयरू एसब पीस हाउस, तृतीयरू माही ज्वाय हाउस रहे।

निर्देशिका डॉ मिथिलेश अग्रवाल ने प्रतियोगिता के विषयों की प्रासंगिकता पर चर्चा करते हुए कहा कि सोशल मीडिया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषय छात्रों की मौजूदा और भविष्य की चुनौतियों को समझने में मददगार हैं। उन्होंने छात्रों को अपनी तर्कशक्ति और संवाद कौशल को और भी मजबूत करने की प्रेरणा दी। उपनिदेशिका अंजू राज ने छात्रों के आत्मविश्वास और तर्कपूर्ण प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि वाद-विवाद प्रतियोगिताएं छात्रों के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाती हैं और उनकी सोच को व्यापक बनाती हैं। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने छात्रों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों को खुले मंच पर अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करती हैं। जिससे वे समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को और बेहतर समझ पाते हैं। हेडमिस्ट्रेस संदीपा कुमार ने सभी छात्रों को उनके प्रयासों के लिए सराहा और कहा कि हर प्रतिभागी ने बेहतरीन ढंग से अपने तर्क प्रस्तुत किए। जिससे यह प्रतियोगिता अत्यंत सफल रही।



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें व शिक्षक



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें

## विशाखा गाइड लाइन की छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत भारतीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग की कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। शनिवार को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित विशाखा गाइडलाइन के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। विशाखा गाइड लाइन के दिशा निर्देश एवं कानून के बारे में विस्तार से महाविद्यालय के एकेडमिक कमेटी के प्रभारी एवं मिशन शक्ति कार्यक्रम के समन्वयक विवेक सिंह ने जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सदस्य डॉ. प्रेम शंकर पांडेय ने किया। इस अवसर पर सदस्य डॉ. निधीश कुमार सिंह तथा समीर कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. रमन प्रकाश ने सम्बोधित कर कार्यक्रम का समापन किया।

## अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच के ईश्वरदास ब्रह्मारी बने संरक्षक



ईश्वरदास महाराज को मनोनयन पत्र सौंपते संस्था के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पंचालघाट गंगा तट स्थित दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी महाराज को राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य विवेकानंद ने कोर कमेटी के साथ जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी के साथ पहुंचकर उन्हें संरक्षक बनाया है। सर्वसम्मति सहमति से मनोनीत होने पर उन्होंने पद स्वीकार करते हुए संगठन को अपने निर्देशन में मजबूती प्रदान करने के लिए मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व के लिए नित प्रतिदिन हम और हमारा सम्पूर्ण संत समाज कार्य कर रहा है, अथवा सनातन धर्म की गरिमा को अक्षुण्ण बनाने में हम सदैव सभी पदाधिकारियों के साथ खड़े हैं।

जो भी व्यक्ति सनातन के हित में कार्य करेगा हम उसका पूर्ण सहयोग करेंगे और आशीर्वाद दिया। जिलाध्यक्ष विपिन अवस्थी ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि कभी भी संगठन के द्वारा नैतिक मूल्यों का हनन नहीं किया जाएगा और न ही किसी भी जाति विशेष को वरीयता दी जाएगी। जनपद में संगठन सनातनी विचारधारा को लेकर कार्य करेगा और हर संभव पीड़ित एवं शोषित वर्ग के साथ खड़े होकर न्याय दिलाने का कार्य किया जाएगा। जिससे कि समाज में समन्वय स्थापित हो व शांति बनी रहे।

## फतेहगढ़ भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने लोगों को दिलायी भाजपा की सदस्यता



नये सदस्यों को जानकारी देते रामवीर चौहान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा का सदस्यता अभियान जोरों पर है। फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष रामवीर चौहान के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। सैनिक कालोनी में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलायी गई।

साथ ही मिस्ड कॉल कर भाजपा के सदस्य बनाकर जोड़ा गया। महामंत्री आशू राठौर ने कहा कि पदाधिकारियों की सदस्यता देखी जायेगी। कितने लोगों ने कितने सदस्य बनाये उसकी संख्या में भी देखी जायेगी और प्रदेश में सूची भेजी जायेगी। रामवीर चौहान ने फतेहगढ़ मण्डल के क्षेत्र में लक्ष्य पूरा करने के लिए कार्यकर्ताओं को निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही समय रहते सदस्य बनाकर लक्ष्य को पूरा कर लिया जायेगा और बूथ अध्यक्षों को सम्मानित भी किया जायेगा।

## चमन शुक्ला व गजेन्द्र सिंह स्काउट गाइड प्रशिक्षण में हुए सम्मानित




सम्मानित होती चमन शुक्ला व गजेन्द्र सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश द्वारा जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड की त्रिदिवसीय कार्यशाला 17 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र प्रयागराज में संपन्न हुई। जिसमें जनपद फर्रुखाबाद से जिला संगठन आयुक्त गाइड चमन शुक्ला और जिला संगठन आयुक्त स्काउट गजेंद्र सिंह ने प्रतिभाग किया। इस कार्यशाला में प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ0 प्रभात कुमार, प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट अरविंद श्रीवास्तव, प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट हीरालाल यादव तथा प्रादेशिक संगठन आयुक्त गाइड कामिनी श्रीवास्तव ने सभी जिला संगठन आयुक्त को आवश्यक निर्देश दिए। जिससे कि स्काउट गाइड के कार्यक्रमों में निरंतर प्रगति हो सकें। इससे जुड़ने वाले स्काउट मास्टर्स व गाइड कैप्टन विद्यालय व समाज में सकारात्मक संदेश दे सकें व समाज को अपना रचनात्मक योगदान कर सकें। साथ ही विद्यालयों में स्काउट गाइड के माध्यम से अच्छे व उपयोगी नागरिक बन सकें।

### इंटर हाउस स्कूल चैम्पियनशिप में बच्चों ने दिखाया दमखम



प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इंटर हाउस स्कूल करते चैंपियोशिप का आयोजन गायत्री इंटरनेशनल स्कूल नियर गुड़गांव देवी मंदिर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में तीन सौ छात्र-छटाओं ने भागा लिया। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने बच्चों को विजेता बनने पर बधाई दी और कहा कि ऐसे ही मेहनत करें और आगे बढ़े और अपने जनपद तथा देश का नाम रोशन करें। खेलों से बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा का निखार होता है। प्रशिक्षक पारस भारद्वाज ने कहा कि यह ऐसा स्कूल है जहां बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल पर भी ध्यान रखा जाता है। जिससे मानसिक व शारीरिक विकास होता है और खेल बच्चों को आत्मनिर्भर बनाते है। विद्यालय में इस तरह के कई कार्यक्रम आयोजित हो चुके है। जिला स्टार भी हो चुके है। प्रतियोगिता में बच्चों ने 20 गोल्ड, 30 सिल्वर, 40 ब्राउंज मैडल जीते। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेते रहे और जिले का नाम रोशन करें। इस अवसर पर अभ्या मिश्रा, उमंग, पाखी सक्सेना, कृष्ण, अर्पिता भारद्वाज जज और पुष्कर भारद्वाज रेफरी रहे।

### अखिल कठेरिया बने सपा छात्रसभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य



अखिल कठेरिया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. इमरान ने रखा रोड बनखड़िया निवासी अखिल कठेरिया को समाजवादी छात्र सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य नामित किया है। यह जानकारी जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव ने दी। अखिल कठेरिया ने समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है वह राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को आगे बढ़ाने में अपना ईमानदारी से योगदान देंगे।

### मिशन शक्ति के अन्तर्गत बद्री विशाल विद्यालय में प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति पंचम चरण के अन्तर्गत बद्री विशाल महाविद्यालय में विभिन्न विषयों में श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रो0 जयश्री मिश्रा व डॉ. अर्चना पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की गई। काव्यपाठ, गीत, निबंध, स्लोगन, व्याख्यान सहित नुक्कड़ नाटकों का आयोजन हुआ। नाटक में शोभी, स्नेहा, सपना, अर्पिता ने प्रस्तुति दी। द्वितीय चरण में प्रगति शुक्ला, प्रिया, वैष्णवी मिश्रा, तपस्वी कटियार, तेजस्वी कटियार, कुसुम श्रीवास्तव, अफरोज बानो एवं साक्षी सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। काव्यपाठ में छात्रा वैष्णवी चतुर्वेदी ने मंत्रमुग्ध किया। साथ ही गुड टैच, बैड टैच के बारे में जागरुक किया गया। संचालन डॉ. अर्चना पाण्डेय ने किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ. जयश्री मिश्रा डॉ. रंजना सिंह, डॉ. प्राची व शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

## व्रत रखकर सुहागिन करतीं हैं पति की लम्बी उम्र की कामना



रेखा सिंह



श्वेता दुबे



पुष्पा सिंह



बबिता पाठक


**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एसआई रेखा सिंह ने बताया कि वह विधि-विधान से करवाचौथ पर्व को मनाती हैं। उन्होंने कहा कि हम प्रभु से प्रार्थना करते है कि यह त्योहार सुहागिनों के लिए उत्सव से कम नहीं है। सुहागिने व्रत रखकर इस त्योहार को मनाती है और पूजन करती है।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष स्वेता दुबे ने बताया कि इस पर्व को हर साल की तरह विधि-विधान से मनाती हैं। खासतौर से भगवान शिव व पार्वती की पूजा की जाती है और चन्द्रमा पूजन के साथ अपने पति के हाथों से प्रसाद पाकर व्रत खोलती हूं।

शिक्षिका पुष्पा सिंह ने बताया कि इस पर्व पर चन्द्रमा की पूजा की जाती है। इस पर्व का महत्व इसलिए और है, क्योंकि सुहागन महिलायें व्रत रखकर चन्द्रमा की पूजा कर व्रत खोलती हैं। फलस्वरूप उपहार भी मिलता है और ईश्वर से सुख समृद्धि की प्रार्थना करती हूं।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बबिता पाठक का कहना है कि करवाचौथ पर्व पर स्त्रियां अपने पतियों की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। व्रत रखने के बाद पतियों से उपहार की अपेक्षा रहती है। पति भी अपनी पत्नियों को खुश रखने के लिए मनचाहा उपहार देते हैं।

## सुहागिनों ने हाथों को हिना से सजाया, आज करेंगी चांद का दीदार



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** करवा चौथ व्रत हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है और कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के दिन मनाया जाता है। इस वर्ष करवा चौथ 20 अक्तूबर को मनायी जायेगी। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन को बनाए रखने के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। जिसका पारण चांद निकलने पर किया जाता है। करवा चौथ व्रत की शुरुआत हमेशा सरगी खाने से होती है, जो सूर्योदय से करीब दो घंटे पहले खाई जाती है। इस दौरान करवा माता, भगवान गणेश और चंद्रमा की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। इस साल करवा चौथ पर भी भद्रा का साया रहेगा।

इस दौरान सुहागिनों को किस प्रकार के कार्य करने से बचना चाहिए। भद्रा को शुभ माना गया है। कहा जाता है कि भद्रा शुभ कार्यों में बाधा उत्पन्न करती है। इस वर्ष करवा चौथ पर 20 अक्तूबर को 21 मिनट तक भद्रा का साया रहेगा। करवा चौथ के दिन पूजा का शुभ समय 20 अक्तूबर को शाम 5:46 बजे से शुरू हो रहा है। यह शुभ मुहूर्त 7:02 तक रहेगी। करवा चौथ के दिन भद्रा सुबह 06: 24 से 06:46 तक रहती है। करवा चौथ व्रत की शुरुआत भद्रा काल शुरू होने से पूर्व ही हो जाएगी। ऐसे में व्रती सूर्योदय से पहले स्नान कर सरगी ग्रहण कर लें और व्रत का संकल्प ले लें। करवा चौथ पर मेंहदी लगाने की प्रथा आदि काल से चली आ रही है। मेंहदी लगाकर सुहगिन महिलायें हाथों को सजाती है। जिससे पति की लम्बी उम्र होती है और मां गौरी प्रसन्न होकर सुख समृद्धि का आशीर्वाद देती है।



ब्यूटी पार्लर में मेंहदी लगवाती महिला

# करवाचौथ पर विशेष- सजना है मुझे सजना के लिए, ब्यूटीपार्लरों में पूरे दिन चलता रहा सजने संवरने का दौर



राधिका ब्यूटी पार्लर में सजती संवरती महिलायें



चूड़ी की खरीददारी करती महिलायें



भोलानाथ सर्राफे की दुकान पर जेवर खरीदती महिलायें



साड़ी संसार दुकान पर साड़ी पसंद करती महिलायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सजना संवरना हर महिला को अच्छा लगता है। इसी मनोकामना को पूर्ण करने के लिए भगवान शिव ने पार्वती से अति प्रसन्न होकर उन्हें ऐसा वर दिया कि एक वर्ष में एक दिन ऐसा होगा, जो सुहागन महिलाओं के लिए सजना और संवरना और अपने पति की दीर्घायु की कामना के लिए होगा। यह बात सुनकर पार्वती खुश हो गयीं और उन्होंने इस वर को वरीयता देते हुए उत्सव के रूप में मनाने को कहा, जैसे साल में एक बार वटवृक्ष की पूजा कर सुहागन महिलायें अपने को सौभाग्यवती मानती हैं, उसी तरह अपने पति की दीघायु कामना करके इस पर्व को मनाती हैं। भगवान शिव और पार्वती की इस पर्व पर कथा सुनाई जाती है। इस पर्व पर चंद्रमा को साक्षी बनाया जाता है, जिसके चलते चन्द्रमा की भी पूजा होने लगी। एक बार वीरवती स्त्री ने अपने पति की दीर्घायु की कामना के लिए व्रत रखा, जब उसकी भूख की तड़प उनके भाईयों से देखी नहीं गयी, तो उन्होंने एक पीपल के वृक्ष पर एक आकृति बना दी, जिससे महसूस हुआ कि चन्द्रमा निकल आया और वीरवती ने अपना व्रत तोड़ दिया, तभी नौकर द्वारा सूचना आयी कि उसके पति की मौत हो गयी।

भगवान शिव की शरण में जाकर काफी मिन्नते कीं, तो उन्होंने आर्शीवाद देते हुए कहा कि दोबारा इस व्रत को पूरा करो, तो तुम्हारे पति जीवित हो जायेंगे। वीरवती ने ऐसा ही किया, तभी से इस कथा का और प्रभाव पड़ा। सजना संवरना हर महिला का धर्म है। आज के दिन सुहागन महिलायें सजती और संवरती हैं। वहीं फैशन व आधुनिक युग के चलते ब्यूटीपार्लरों में एक सप्ताह पहले से ही भीड़ लग जाती है। वहीं सुहागिनों ने मेंहदी लगवायी और ब्यूटी पार्लर जाकर थ्रीडिंग करायी, हेयर स्टाइल, हेयर स्पा, मैनीक्यूर, पेडीक्योर, स्मूकनिंग, एचडी, वॉलीवुड व वालीवुड मैकअप, गोल्डन मैकअप आदि तरह का मैकअप कराया। सेठ गली स्थित राधिका ब्यूटी पार्लर की संचालिका अर्चना सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति महिलायें इस बार ज्यादा आ रही हैं। नव विवाहिताओं को सजाने में समय लग रहा है। कुछ महिलायें अपने पति देव को रिझाने के लिए आकर्षण मैकअप कराती हैं, जिससे उन्हें मन चाहा उपहार मिलता है। ब्यूटी पार्लर में स्क्रीन केयर, स्क्रीन पिंपल्स पर माने एब्रो, स्क्रीन टीटमेंट,रोमो थेरोपी, लोटस का मेकअप होता है। ब्यूटीपार्लर में कार्य कर रही सपना करिश्मा, नाजिया, नेहा, सोनिया, दीपिका ने सजाया। सेठगली स्थित चूड़ी विक्रेता ने बताया कि इस बार चूड़ी कंट्रास व वेलवेट के अलावा रेड चूड़ी ज्यादा बिक रही है। सर्राफा व्यापारी भोलानाथ सर्राफ के प्रो0 मुदित टंडन ने बताया पिछले वर्ष की अपेक्षा बिक्री पर फर्क है। महिलायें इस बार मंगलसूत्र व बिछिया खरीद रही हैं। नेहरु रोड स्थित साड़ी संसार के संचालक संजय गर्ग ने बताया कि इस बार करवाचौथ पर बाजार में बिक्री का असर मिला जुला है। महिलायें शिल्क, वार्डर साड़ी, लहरिया साड़ी, काबेरी साड़ी, राजगुरु साड़ी, त्रिवेदी साड़ी, हरिप्रिया साड़ी के अलावा आंगन साड़ी की मांग है। दुकान पर 1000 से 4000 रुपये तक की साड़ी की वैरायटी दुकान पर उपलब्ध हैं।

◆ **ब्यूटी पार्लर व कपड़ों की दुकानों पर उमड़ी भीड़, महिलाओं ने चूड़ी व खरीदे मंगलसूत्र**



छलनी में पति (ज्ञान प्रकाश) को निहारतीं पत्नी

केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने दो दिवसीय सेमिनार में कहा

# टेक्नोलॉजी में इनोवेशन से खुलते हैं नए द्वार

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के रवींद्र भवन में शनिवार से सड़क और पुल निर्माण में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों पर केंद्रित दो दिवसीय सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सड़क और पुल निर्माण की गुणवत्ता को और बेहतर करने के उद्देश्य से देशभर के विशेषज्ञों का मंथन शुरू हो चुका है।

इस सेमिनार के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भी राजधानी भोपाल पहुंचे। नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सेमिनार का शुभारंभ किया। सेमिनार को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि टेक्नोलॉजी में इनोवेशन नई संभावनाओं का द्वार खोलती है। उन्होंने सरकारी विभागों में तालमेल की कमी



को लेकर भी तंज कसा।

उन्होंने इंजीनियर्स से कहा कि विभाग का मंत्री होने के नाते अच्छे काम का क्रेडिट हमें मिलता है लेकिन जब सड़क पर गड्ढे होते हैं तो डिसक्रेडिट भी मिलता है। सोशल मीडिया में लोग हमें ठोंकते हैं। आगे-पीछे कुछ नहीं देखते। गलत डीपीआर बनाने वालों पर तंज कसते हुए कहा कि एक-एक को पद्मश्री और पद्म भूषण मिलना चाहिए। इतने गंदे काम हो सकते हैं इंजीनियरिंग प्वाइंट ऑफ व्यू से सोचिए जरा। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से कहूंगा कि आप अपने यहां इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों से कहो कि ये डीपीआर चेक करो। उनका अनुभव भी बढ़ेगा और क्रॉस चेक भी होगा।

गडकरी ने कहा कि मैं वेस्ट मैनेजमेंट में विश्वास रखता हूं। नो मैटेरियल इज वेस्ट एंड नो पर्सन इज वेस्ट। यह टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल और लीडरशिप पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी में इनोवेशन नई संभावनाओं का द्वार खोलती है। उन्होंने सरकारी विभागों में तालमेल की कमी को लेकर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि हमारे रूल ऑफ बिजनेस में लिखा है- एक अधिकारी को दूसरे से बात नहीं करना। चर्चा नहीं करना। रेलवे अलग ब्रिज बना रहा है। हम अलग बना रहे हैं। तीसरा और चौथा कोई और बना रहा है। प्रधानमंत्री बोलते थे-ये साइरोल में चलता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का देश के लिए योगदान है कि उन्होंने जो गति शक्ति सॉफ्टवेयर का प्लेटफॉर्म खड़ा किया अब इसके कारण हम सब समझ जाते हैं। गडकरी ने कहा कि 40 प्रतिशत पॉल्यूशन रोड वाले करते हैं। हमें गंभीरता से सोचना चाहिए। जो पेड़ ऑक्सीजन ज्यादा छोड़ते हैं उन्हें लगाइए। हमने 70 हजार पेड़ ट्रांसप्लांट किए।

### सड़क निर्माण में कचरे का करें इस्तमाल

गडकरी ने कहा कि पूरे मध्य प्रदेश के नगर निगमों, नगरपालिका निगमों और पूरे देश में जो भी कचरा है, उसे उठाकर ठीक से सेग्रीगेट करें और उसका उपयोग सड़कों के निर्माण में करें। इस प्रक्रिया से न केवल सड़कों का निर्माण होगा, बल्कि यह इकोलॉजी और एनवायरमेंट को भी प्रोटेक्ट करेगा उल्लेखनीय है कि सेमिनार में सड़क और पुल निर्माण की नई तकनीक, सामग्री और एग्रीमेंट प्रोसेस से जुड़े पहलुओं पर एक्सपर्ट्स अपने अनुभव और सुझाव साझा कर रहे हैं। यहां एक प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसमें सड़क और पुल निर्माण में लगने वाली नई मशीनरी समेत अन्य सामग्री का प्रदर्शित की गई हैं। सेमिनार में विभिन्न तकनीकी-सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें देशभर से आए हुए विशेषज्ञ नई तकनीकों, निर्माण सामग्रियों और ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन) एग्रीमेंट प्रक्रिया की चुनौतियों पर अपने विचार रखेंगे।

# जम्मू व कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के लिए कैबिनेट के प्रस्ताव को उप राज्यपाल ने दी मंजूरी

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की अगुवाई वाली कैबिनेट द्वारा पारित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है, जिसमें केंद्र सरकार से केंद्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया गया है।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य के मूल स्वरूप को बहाल करने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया, जिसके बाद उपराज्यपाल ने कैबिनेट द्वारा पारित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी। प्रवक्ता ने कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करना एक उपचार प्रक्रिया की शुरुआत होगी, जिसमें संवैधानिक अधिकारों को पुनः प्राप्त करना और जम्मू-कश्मीर के लोगों की पहचान की रक्षा करना शामिल है।



उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने मुख्यमंत्री को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार के साथ मामला उठाने के लिए अधिकृत किया है।

प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की विशिष्ट पहचान और लोगों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा नव-निर्वाचित सरकार की नीति का आधार बनी हुई है। मुख्यमंत्री इस संबंध में प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों से मिलने के लिए आने वाले दिनों में नई दिल्ली जाएंगे। प्रवक्ता ने बताया कि मंत्रिमंडल ने 4 नवंबर को श्रीनगर में विधानसभा सत्र बुलाने का भी फैसला किया है और उपराज्यपाल को विधानसभा सत्र बुलाने और उसे संबोधित करने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि पहले सत्र की शुरुआत में उपराज्यपाल द्वारा विधानसभा को संबोधित करने का मसौदा भी मंत्रिपरिषद के समक्ष रखा गया था, जिस पर परिषद ने फैसला किया कि इस पर आगे विचार किया जाएगा और चर्चा की जाएगी। उधर, राजनीतिक दलों ने शुक्रवार को अनुच्छेद 370 पर नहीं बल्कि केवल राज्य के दर्जे पर प्रस्ताव को पूरी तरह आत्मसमर्पण और सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस के रुख से अवगत कराया। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), पीपुल्स कॉन्फ्रेंस (पीसी) और अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) सहित विभिन्न राजनीतिक दलों ने इस कदम की निंदा की और नेशनल कॉन्फ्रेंस को 5 अगस्त, 2019 से पहले (अनुच्छेद) 370-35ए और राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रयास करने के अपने चुनावी वादे की याद दिलाई।


# इजराइल के पीएम नेतान्याहू के घर पर ड्रोन हमला

एजेंसी

**लेबनान-फिलिस्तीन सीमा के पास इजराइल दुश्मन ने सैकड़ों टैंक व सैन्य वाहनों के साथ 70,000 से अधिक अधिकारियों व सैनिकों वाले पांच सैन्य डिवीजनों को किया तैनात**

**तेल अवीव/बेरूत।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के घर पर ड्रोन हमला हुआ है। नेतन्याहू के कार्यालय ने माना कि शनिवार को केंद्रीय शहर में लेबनान का एक ड्रोन ढांचे से टकरा गया। इस सूचना के फौरन बाद कैसरिया में उनके आवास को ड्रोन से निशाना बनाया गया।

बेरूत के प्रमुख समाचार पत्र लो ओरिएंट टुडे की खबर के अनुसार, अभी तक किसी आतंकवादी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। नेतन्याहू के कार्यालय



ने बयान में कहा, एक यूएवी (मानव रहित हवाई वाहन) को कैसरिया में प्रधानमंत्री के आवास की ओर भेजा गया। प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा घर पर नहीं थे। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले आज सुबह इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने एक्स पोस्ट में आगाह किया था कि हाइफा और दक्षिणी इजराइल में सायरन बज रहे हैं। बताया जा रहा है कि नेतन्याहू के आवास को लेबनान से ड्रोन के जरिये निशाना बनाया गया। तीन ड्रोन इजरायल पर हमले के लिए भेजे गए। आईडीएफ ने कहा कि आज सुबह हिजबुल्लह ने हाइफा और उत्तरी इजराइल पर 55 आग्नेय हथियार दागे। इस कारण हजारों नागरिकों को सुरक्षित स्थानों में शरण लेनी पड़ी। हिजबुल्ला के अल मनार टीवी के अनुसार, इससे पहले शुक्रवार तड़के इस्लामिक प्रतिरोध के ऑपरेशंस रूम ने बयान जारी कर इजराइल के साथ सैन्य टकराव के बढ़ने की घोषणा की। बयान में कहा गया कि लड़ाई में इजराइली सेना को भारी नुकसान पहुंचाया गया है। लेबनान-फिलिस्तीन सीमा के पास जमीनी अभियान की शुरुआत के बाद से इजराइल दुश्मन ने सैकड़ों टैंक और सैन्य वाहनों के साथ 70,000 से अधिक अधिकारियों और सैनिकों वाले पांच सैन्य डिवीजनों को तैनात किया है। इसके विपरीत इस्लामिक प्रतिरोध के सैकड़ों लड़ाके दक्षिण लेबनान के गांवों में किसी भी इजराइली जमीनी घुसपैठ का मुकाबला करने के लिए तैयार हैं।

### मुबारक गुल ने जम्मू-कश्मीर विस के प्रोटेम स्पीकर की शपथ ली

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के नेता एवं विधायक मुबारक गुल को शनिवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा के प्रो टेम स्पीकर के रूप में शपथ दिलायी गयी। श्री गुल को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने यहां विधानसभा के प्रो टेम स्पीकर के रूप में शपथ दिलाई। श्री गुल सदन के नए अध्यक्ष के चयन और पदभार ग्रहण तक अस्थायी अध्यक्ष के पद पर बने रहेंगे। वह विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को सदस्यता की शपथ दिलाएंगें। उसके बाद सदन नये अध्यक्ष का चुनाव करेगा। अधिकारियों के अनुसार, नये सदस्यों को 21 अक्टूबर को दोपहर करीब दो बजे यहां विधानसभा भवन में सदस्यता की शपथ दिलाई जाएगी। उपराज्यपाल ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम की धारा के तहत गुल को अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया। श्री गुल श्रीनगर जिले के ईदगाह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से लगातार छठी बार चुने गए हैं।

# तुंगनाथ धाम के कपाट चार नवंबर को श्रद्धालुओं के लिए होंगे बंद

समृद्धि न्यूज

**अभी तक तुंगनाथ धाम में 01 लाख 46 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे**

**देहरादून/रुद्रप्रयाग।** विश्व में सबसे ऊंचाई पर स्थित मंदिरों में से एक तृतीय केदार तुंगनाथ धाम के कपाट 04 नवंबर को श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इस वर्ष अभी तक तुंगनाथ धाम में एक लाख छियालीस हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं।

बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने तुंगनाथ धाम पहुंच कर यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बीकेटीसी अध्यक्षअध्यक्ष अजेंद्र ने पंच केदारों में से तृतीय केदार तुंगनाथ धाम पहुंच कर सबसे पहले मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने धाम में निरंतर यात्री संख्या में हो रही वृद्धि के मद्देनजर आधारभूत सुविधाओं के विकास पर जोर दिया। इस वर्ष अभी तक तुंगनाथ धाम में एक लाख छियालीस हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। बीकेटीसी अध्यक्ष ने तुंगनाथ के कपाट बंदी की तिथि नजदीक होने के चलते तुंगनाथ मंदिर परिसर में प्रस्तावित जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण और सुरक्षात्मक कार्यों को लेकर हक-हुकूकधारियों से चर्चा की। गौरतलब है कि तुंगनाथ मंदिर विश्व में सबसे ऊंचाई पर स्थित शिव मंदिर है। मंदिर परिसर में भू-धंसान की समस्या के कारण कुछ स्थानों पर मंदिर की दीवारों के पत्थर मामूली तौर पर खिसक गए हैं। इसके कारण बरसात के समय में बारिश का पानी अंदर आ जाता है। अध्यक्ष अजेंद्र ने इस समस्या को देखते हुए गत वर्ष भारतीय पुरातत्व विभाग व भारतीय भू-गर्भीय सर्वेक्षण विभाग के महानिदेशकों को पत्र लिखकर इसका अध्ययन करने का अनुरोध किया था।

# भारत ए के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वापसी के लिए ईशान किशन तैयार

एजेंसी

**रुतुराज या अभिमन्यु ईश्वरन को टीम की कप्तानी मिलने की उम्मीद**

**नई दिल्ली।** ईशान किशन को इस साल की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया था, क्योंकि उन पर घरेलू क्रिकेट की तुलना में इंडियन प्रीमियर लीग को प्राथमिकता देने का आरोप था। अब वे भारत ए टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं।

वर्तमान में झारखंड की अगुआई कर रहे किशन ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो चार दिवसीय मैचों और सीनियर राष्ट्रीय टीम के साथ एक इंट्रा-स्क्वाड मैच में खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो टेस्ट 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक मैके में और 7 से 10 नवंबर तक एमसीजी में होने हैं। हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक टीम की पुष्टि नहीं की है, लेकिन रुतुराज गायकवाड़ या अभिमन्यु ईश्वरन के टीम की कप्तानी करने की उम्मीद है। अभिमन्यु, जो अपने पिछले चार प्रथम श्रेणी मैचों में चार शतकों के साथ शानदार फॉर्म में हैं, उन्हें सीनियर टीम के लिए बैकअप ओपनर के रूप में भी बुलाया जा सकता है। कप्तान रोहित शर्मा के व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट में से एक के दौरान ब्रेक लेने की उम्मीद है। बंगाल के भारत ए टीम में दो प्रतिनिधि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और कीपर-बल्लेबाज अभिषेक पोरेल होंगे।



### ममता सरकार ने डॉक्टर्स की बात नहीं मानी तो पूर्ण हड़ताल की चेतावनी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल की ममत सरकार ने सोमवार तो मांगें नहीं मानी तो मंगलवार से सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में डॉक्टर्स पूर्ण हड़ताल पर चले जाएऐंगे। जूनियर और सीनियर डॉक्टर्स के बीच शुक्रवार रात हुई बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। जूनियर डॉक्टर देबाशीष हलदार ने बताया कि अगर सोमवार तक सरकार हमारी सभी मांगों को पूरा नहीं करती, तो हम व्यापक हड़ताल करने पर मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि इस हड़ताल में सीनियर डॉक्टर्स भी हिस्सा लेंगे। जूनियर डॉक्टर्स की 10 मांगों में आरजी कर घटना की जांच और स्वास्थ्य सेवा में सुधार की मांग प्रमुख है। जूनियर डॉक्टर्स पिछले दो महीने आंदोलनरत हैं। इस बीच छह जूनियर डॉक्टर्स अनशनके कारण बीमार पड़ चुके हैं। उनमें से पांच अस्पताल में भर्ती हैं। देबाशीष ने कहा, हम सोमवार तक का समय दे रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री को हमारी सभी मांगों पर चर्चा करनी होगी।

# भारत के बाहर रह रहे देशवासियों की सेवा करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : राष्ट्रपति

**भारत-मलावी संबंधों को सुदृढ़ करने के साथ कई मुद्दों पर चर्चा**

एजेंसी

**लिलोंग्वे (मलावी)।** तीन अफ्रीकी देशों की यात्रा के अंतिम चरण में मलावी पहुंचीं भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत के बाहर रह रहे अपने देशवासियों का कल्याण करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनकी सरकार भारतीयों की चिंता को दूर करने और उनकी सुरक्षा, कल्याण और उन्नति सुनिश्चित करने के लिए विश्व में अपने सहयोगियों के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि भारत आपसी विश्वास, समानता, और पारस्परिक लाभ के सिद्धांतों पर आधारित अफ्रीकी महाद्वीप के साथ अपनी साझेदारी को महत्व देता है। अफ्रीका



के साथ सहयोग का हमारा मॉडल स्थानीय संसाधन का उपयोग करने और क्षमता निर्माण का है। यह अफ्रीका की आवश्यकताओं की प्राथमिकता पर आधारित है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि ग्लोबल साउथ के अग्रणी सदस्य के रूप में भारत विश्व की दोतिहाई जनसंख्या के हितों का प्रतिनिधित्व करने की अपनी भूमिका को गंभीरता से लेता है।

मलावी में आप सभी के बीच उपस्थित होकर प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। भारत और मलावी के राजनयिक संबंधों को 60 वर्ष पूरे हो गए हैं। यह रिश्ते ऐतिहासिक हैं। मलावी से भारत के गहरे सांस्कृतिक संबंध भी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का मलावी के राष्ट्रपति लाजर मैक्कार्थी चकवेरा ने स्टेट हाउस में गर्मजोशी से स्वागत किया।

दोनों नेताओं ने भारत-मलावी संबंधों को सुदृढ़ करने के अलावा कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लिलोंग्वे में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा किया। उन्होंने प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध और अन्य सैन्य अभियानों के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों और नागरिकों को पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने उन भारतीय सैनिकों को भी श्रद्धांजलि दी, जिनके बलिदान को इस स्मारक में महत्व दिया गया है। राष्ट्रपति मुर्मु ने मलावी के पहले राष्ट्रपति डॉ. हेस्टिंग्स कामुजु की समाधि पर भी पुष्पांजलि अर्पित की।

# शिक्षा का व्यापार बनना देश के भविष्य के लिए अच्छा नहीं : जगदीप धनखड़

एजेंसी

**सीकर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि शिक्षा का व्यापार बनना देश के भविष्य के लिए कभी अच्छा नहीं है। समाज को वापस देने और सेवा करने का काम आज एक व्यापार बन चुका है। मेरी मान्यता है कि शिक्षण संस्थाओं को आर्थिक रूप से संबल होना चाहिए।उन्होंने कहा कि आजकल बच्चों में विदेश जाकर पढ़ाई की नई बीमारी आई है। उन्हें सपना दिखता है कि वहां जाते ही तो स्वर्ग मिल जाएगा। कोई आकलन नहीं है कि किस संस्था में जा रहा है, किस देश में जा रहा है। बस एक अंधाधुंध रास्ता है कि मुझे विदेश जाना है। यहां तक की पेरेंट्स की काउंसिलिंग भी नहीं होती। धनखड़ शनिवार को शोभासरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के सिल्वर जुबली एनुअल फंक्शन में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि एक जमाना था हमारे देश में नालंदा, तक्षशिला जैसे संस्थान थे, लेकिन बख्तियार खिलजी (तुर्क-अफगान) ने इन्हें बर्बाद कर दिया,



हमारी संस्थाओं को नष्ट किया गया। अंग्रेज आए तो हमारी संस्थाओं की ताकत को कमजोर कर दिया। जो भारत पूरी दुनिया में ज्ञान का केंद्र था, वहां की संस्थाओं की जड़ काट दी गई। 19वीं शताब्दी में स्वामी विवेकानंद ने इन्हें वापस उजागर करने का प्रयास किया। अब समय आ गया है कि इस महायज्ञ में भारत को शिक्षा का केंद्र बनाने के लिए हर कोई आहुति दे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि चिंतन और मंथन की आवश्यकता है। एजुकेशन एक तरीका था कि जिस समाज में हम रहते हैं, उसका ऋण कैसे वापस करें। अब एजुकेशन कमोडिटी बन गया है, जिसे फायदे के लिए बेचा जा रहा है। संस्था का पैसा संस्था में ही लगे और संस्था के विकास के लिए लगे। जो कॉरपोरेट हाउस संस्थाओं को नर्चर (पालन-पोषण) कर रहे हैं। वह हर साल सीएसआर फंड से इंफ्रास्ट्रक्चर और नए कोर्स की डील के लिए पैसा दे तो समाज के लिए बहुत अच्छा रहेगा। इंडस्ट्री का भी दायित्व है कि समय-समय पर वह भी संस्थाओं को नर्चर करने के लिए सीएसआर फंड का उपयोग करें। इनोवेशन और रिसर्च का सबसे बड़ा फायदा उद्योग को होता है। जो अर्थव्यवस्था को मजबूती देता है और देश को दुनिया के सामने ताकत देता है। धनखड़ ने कहा कि आपको आश्चर्य होगा कि 18 से 25 साल के बीच के छात्र और छात्राएं विज्ञापन से प्रभावित हो जाते हैं।

### किसानों को एमएसपी की मिले कानूनी गारंटी : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को किसान विरोधी करार देते हुए कहा है कि उसका हर निर्णय किसानों के खिलाफ रहा है लेकिन अब देश का अन्नदाता जाग गया है इसलिए किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जानी चाहिए। कांग्रेस के मीडिया समन्वयक अभय दुबे ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी ने किसानों से उनकी आय दोगुना करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की गारंटी देने जैसे कई वादे किये थे लेकिन सत्ता में आने के बाद सब कुछ भूल गई और किसानों को उनके हालात पर छोड़ दिया गया इसलिए पार्टी सरकार से मांग करती है कि वह किसानों को एमसपी की गारंटी दे। उन्होंने कहा ÷किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी मिले। सोयाबीन की फसल पर समर्थन मूल्य कम से कम 6,000 रुपए निर्धारित हो और निर्धारित समर्थन मूल्य का पैसा उन किसानों के खाते में भी जानी चाहिए जिन्होंने अपनी फसल बेच दी है। समर्थन मूल्य घोषित करने की रस्म अदायगी पर श्री मोदी को विचार करना चाहिए।

# कॉस्ट कटिंग के नाम पर इंजीनियरों के पद खत्म कर रही है सरकार

एजेंसी

**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश सरकार कॉस्ट कटिंग के नाम पर जेई, एसडीओ, एक्सईएन के पद खत्म कर रही है। इंजीनियर सरकार और विभाग पर बोझ नहीं होते। जो काम करते हैं उससे संबंधित विभाग बेहतर काम करता है। सरकार पर वास्तविक बोझ सीपीएस और कैबिनेट रैंक के साथ बनाए गए सलाहकार और ओएसडी हैं। जिन पर हर महीने लाखों रुपए का खर्च हो रहा है। लेकिन सरकार कॉस्ट कटिंग के नाम पर इंजीनियर को हटा रही है। उनके पद खत्म कर रही है। जबकि जनता की गाढ़ी कमाई के पैसों से सरकार अपने मित्रों को सुविधाएं प्रदान कर रही है।

जयराम ठाकुर ने शनिवार को एक बयान में कहा कि अगर सरकार को कॉस्ट कटिंग करनी है तो सबसे पहले असंवैधानिक रूप से बनाए गए सीपीएस को हटाए। सलाहकारों की फौज को हटाए। लेकिन सरकार आठ-दस हजार की रुपए की नौकरी



पर करने वाले आउटसोर्स के कर्मियों को हटाती है। आउटसोर्स कर्मियों की तनख्वाह रोकती है। ठेके पर काम करने वाले सुरक्षाकर्मियों और सफाई कर्मियों का वेतन रूकती है। दूरदर्शिता और मानवीय संवेदना से भी को दूर है। जयराम ठाकुर ने कहा कि आज हिमाचल में कल लाखों करोड़ों के प्रोजेक्ट ऐसे हैं जो केंद्र के सहयोग से चल रहे हैं। सभी प्रोजेक्ट्स को हिमाचल प्रदेश में पूरे जोर-शोर से चल रहे हैं तो उसके पीछे का सहयोग और हिमाचल से जुड़े भाजपा के नेताओं के द्वारा किए गए प्रयासों के कारण ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार के प्रोजेक्ट हिमाचल में रुक रहे हैं उनके क्रियान्वयन में रुकावट आ रही है उसके पीछे सरकार का तानाशाही पूर्ण रवैया और सहयोग न करना है।

## खबरें एक नजर में

### मेट्रो कैश एंड कैरी ने शुरु किया फेस्टिव गिफ्टिंग ऑफर




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रमुख होलसेलर और फूड स्पेशलिस्ट मेट्रो कैश एंड कैरी, भारत में 21 साल पूरे होने के अवसर पर छोटे और रिटेल व्यवसायों के लिए 'मेट्रो – फेस्टिव गिफ्टिंग' ऑफर लेकर आया है। यह ऑफर देशभर के सभी मेट्रो होलसेल स्टोर्स पर उपलब्ध है। मेट्रो इंडिया के 30 लाख से ज्यादा ग्राहक 1 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक चलने वाले इस 35दिनों के फेस्टिव गिफ्टिंग ऑफर का फायदा उठा सकते हैं। ये खास गिफ्टिंग ऑफर्स मेट्रो के होलसेल स्टोर्स के साथ-साथ उनकी वेबसाइट और एंड्रॉइड यूजर्स के लिए मेट्रो होलसेल ऐप पर भी उपलब्ध हैं। इस पहल के जरिए मेट्रो छोटे व्यवसायों को शानदार डील्स और किफायती कीमतों पर कई तरह के प्रोडक्ट्स ऑफर कर रहा है, ताकि वे अपनी बचत का फायदा अपने कस्टमर्स तक पहुंचा सकें। मेट्रो में कस्टमर्स की सभी गिफ्टिंग जरूरतें एक ही छत के नीचे पूरी हो सकेंगी, फिर चाहे वो पॉपुलर ब्रांड्स हो या यूनिक आइटम, यहां सब कुछ उपलब्ध होगा। मेट्रो इंडिया छोटे रिटेलर्स और व्यवसायों को सहयोग देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस फेस्टिव सीजन में कस्टमर्स को बेहतरीन ऑफर देने के लिए मेट्रो ने ड्राई फ्रूट्स, मिठाइयां, चॉकलेट्स, जूस, स्नैक्स, होम डेकोर, टेक्सटाइल्स, फर्निशिंग, हाउसहोल्ड आइटम्स, किचनवेयर, एप्लायंसेज, और लगेज जैसी प्रोडक्ट्स की बड़ी रेंज पेश की है। मेट्रो के अपने ब्रांड, फाइन लाइफ और टैरिंग्टन हाउस पर भी खास छूट मिल रही है। 2003 में अपनी शुरुआत से ही मेट्रो इंडिया ने एक बेहतरीन पहचान बनाई है और किराना, एमएसएमई, और छोटे व्यापारियों के लिए एक भरोसेमंद पार्टनर के रूप में अपनी जगह बनाई है।

### नेपाल के पूर्व गृहमंत्री लामिछाने को आज कोर्ट में होंगे पेश

**काठमांडू।** सहकारी घोटाला मामले में शुक्रवार शाम को काठमांडू से गिरफ्तार किए गए नेपाल के पूर्व गृहमंत्री रवि लामिछाने को सुरक्षा कारणों से रातोंरात सड़क मार्ग से पोखरा ले जाया गया। पोखरा थाने की पुलिस लामिछाने को रविवार को अदालत में पेश कर उनकी 15 दिनों की कस्टडी की मांग करेगी। विभिन्न सहकारी बैंकों के करीब 135 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले में आरोपित रवि लामिछाने को पुलिस ने काठमांडू स्थित उनकी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के दफ्तर से गिरफ्तार किया था। इस घोटाले की जांच कर रही केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) के एसपी हविंद्र बोगटी ने बताया कि सुरक्षा कारणों से आरोपित को रातोंरात सड़क मार्ग से पोखरा ले जाया गया। काठमांडू से पोखरा तक के रास्ते में पुलिस को कई स्थानों पर रवि के समर्थकों के विरोध का भी सामना करना पड़ा लेकिन सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त होने के कारण कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। बोगटी ने बताया कि लामिछाने को शनिवार सुबह 4 बजे पोखरा पहुंचा दिया गया। पोखरा के ही मेडिकल कालेज में उनकी चिकित्सा जांच करायी गयी और पोखरा पुलिस की कस्टडी में सौंप दिया गया। आज शनिवार को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण अब उनको रविवार को जिला अदालत में पेश किया जाएगा। पोखरा पुलिस जिला अदालत से उनकी 15 दिनों की कस्टडी की मांग करेगी।

### जापान में सत्तारूढ़ एलडीपी के मुख्यालय पर पेट्रोल बम फेंके गए

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो में सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के मुख्यालय पर शनिवार सुबह पेट्रोल बम फेंकने के आरोप एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जापान टुडे अखबार ने सार्वजनिक प्रसारक एनएचके के हवाले से यह जानकारी दी। जापान टुडे की खबर के अनुसार, इस व्यक्ति ने अपनी कार से दंगा निरोधी पुलिस वाहन को टक्कर मार दी। इससे आग लग गई। आग को जल्द ही बुझा लिया गया। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। इस व्यक्ति ने अपनी कार को प्रधानमंत्री कार्यालय के मैदान में ले जाने की कोशिश की, लेकिन बाड़ के कारण सफल नहीं हो सका। इसके बाद उसने एक धुआं बम फेंकने की कोशिश की। वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों ने उसे हिरासत में ले लिया। पार्टी महासचिव हिरोशी मोरियामा ने कहा, अपराधी के मकसद ज्ञात नहीं हैं, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को हिंसा से चुप नहीं कराया जाना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि घटना सुबह 6 बजे से कुछ देर पहले हुई। असाही शिंबुन दैनिक अखबार और अन्य मीडिया आउटलेट्स के अनुसार, आरोपित की कार में कई प्लास्टिक टैंक पाए गए।

### स्कूली बच्चों से भरी बस मोरनी हिल्स में पलटी, 15 घायल

**चंडीगढ़।** जानकारी के अनुसार पंजाब के मलेरकोटला जिले के ननकाणा साहिब स्कूल की एक बस बच्चों को लेकर आज मोरनी हिल्स में भ्रमण के लिए आई थी। बस जैसे ही टिक्कर ताल रोड पर गांव थल के पास पहुंची तो अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटते ही बच्चों में चीख-पुकार मच गई। राहीगीरों ने पुलिस को सूचित किया तथा आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर रस्सी की मदद से बस में फंसे बच्चों को बाहर निकाला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लेकर उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से बच्चों को पहले मोरनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जहां पांच बच्चों तथा स्कूल वैन चालक की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें पंचकूला के सेक्टर-छह अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। फिलहाल डॉक्टरों द्वारा घायल बच्चों का इलाज किया जा रहा है। पुलिस द्वारा जांच की जा रही है कि किन कारणों से बस पलटी। पुलिस द्वारा बच्चों को परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

### हरिद्वार में सरकारी जमीन पर बनी अवैध मजार पर चला बुलडोजर

**हरिद्वार।** हरिद्वार में जिला प्रशासन ने अवैध रूप से बनाई गई एक मजारनुमा इमारत पर शनिवार को बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त कर दिया। जो अवैध रूप से टिहरी बांध पुनर्वास योजना की जमीन पर बनाई गयी थी। ध्वस्तीकरण की यह पूरी कार्रवाई जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह के आदेश पर एसडीएम अजय वीर सिंह के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई के बाद जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सरकारी जमीन पर किए अवैध निर्माणों को आगे भी बख्शा नहीं जाएगा। हरिद्वार जिला प्रशासन ने शनिवार अपराह्न सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन ने रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के बहादराबाद ब्लॉक के राजपुर गांव में सिंचाई विभाग की जमीन पर अवैध रूप से बनी मजार को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। उपजिलाधिकारी अजय वीर सिंह के नेतृत्व और बड़ी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। मजार सरकारी जमीन पर अवैध रूप से एक बड़ी इमारत के रूप में बनाई गई थी, जो नियमों का सरासर उल्लंघन था। उप जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन के द्वारा अवैध कब्जों को हटाने के अभियान के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई है।

### मणिपुर में कुकी उग्रवादियों ने किया पुलिस थाने पर हमला

**इंफाल।** मणिपुर में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने जिरीबाम जिले में बोडोबेकरा थाना पर हमला किया है। पुलिस ने बताया कि जिरीबाम जिले के बोडोबेकरा अनुमंडल में जाकुरधोर स्थित बोडोबेकरा पुलिस थाने पर कुकी उग्रवादियों ने हमला किया है। सुबह करीब 5-35 बजे हुए संदिग्ध उग्रवादियों ने थाना पर कई राउंड फायरिंग की और विस्फोटक फेंके। जानकारी के अनुसार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और मणिपुर पुलिस के सुरक्षाकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की। हालांकि, उग्रवादी भाग निकले।